जबलपुर, गुरुवार
16 अप्रैल 2026
वर्ष 31 अंक 290
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 3.00
www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत

सुविचार
'हर कठिनाई में एक सबक छिपा होता है, बस देखने की नजर चाहिए।'

2 जिले के होनहारों का परचम : बोर्ड ...
5 दिन दहाड़े ढाबे में चली थी गोली..
7 ईरान के साथ युद्ध समाप्त होने के...
11 किसानों को सस्ती बिजली उपलब्ध ...

# गजब की प्रतिभा : 500 में से 499 अंक लेकर बनीं 10वीं टॉपर

## टॉप-10 में रिकॉर्ड 378 स्टूडेंट्स, बेटियों ने फिर मारी बाजी

भोपाल (स्वतंत्र मत)

मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल ने बुधवार को 10वीं परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया। इस बार 73.42त्न रेगुलर छात्र पास हुए। टॉप टेन में 378 स्टूडेंट्स शामिल हैं। इन्होंने 490 से 499 तक नंबर हासिल किए। टॉप-5 में ही 39 विद्यार्थी शामिल रहे। पन्ना जिले की प्रतिभा सिंह सोलंकी पिता भारतेंद्र सोलंकी ने 500 में से 499 अंक हासिल कर प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया। वे सरस्वती ज्ञान मंदिर गुनौर की छात्रा हैं। दूसरे स्थान पर 498 नंबर वाले दो स्टूडेंट (बालाघाट की अक्षरा घोडेश्वर और सीधी के अभय गुप्ता) हैं। तीसरे नंबर पर सात छात्र रहे। इन्होंने 497 अंक हासिल किए। 12 छात्र चौथे नंबर पर रहे। सभी ने 496 नंबर हासिल किए। 17 छात्र पांच नंबर पर रहे। इन्होंने 495 अंक हासिल किए। 342 स्टूडेंट्स के नंबर 490 से 494 के बीच हैं। हाई स्कूल परीक्षा 13 फरवरी से 6 मार्च 2026 के बीच हुई थी। इसमें कुल 8 लाख 97 हजार 61 विद्यार्थी शामिल हुए, जिनमें 7 लाख 87 हजार 733 नियमित और 1 लाख 9 हजार 328 प्राइवेट परीक्षार्थी थे। छात्राओं का प्रदर्शन इस बार भी छात्रों से बेहतर रहा। छात्राओं का पास प्रतिशत 77.52 प्रतिशत रहा, जबकि छात्रों का 69.31




प्रतिशत दर्ज किया गया। शासकीय स्कूलों का परिणाम 76.80 प्रतिशत रहा, जो निजी स्कूलों के 68.64 प्रतिशत से अधिक है। इससे सरकारी स्कूलों के बेहतर प्रदर्शन का संकेत मिलता है।

### 12वीं में भोपाल की खुशी और चांदनी टॉपर

एमबी बोर्ड की हायर सेकेंडरी परीक्षा 2026 का रिजल्ट घोषित कर दिया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को सीएम हाउस में आयोजित एक कार्यक्रम में परिणाम जारी किया। इस बार का रिजल्ट पिछले 16 सालों में सबसे बेहतर रहा है। छात्राओं ने एक बार फिर बेहतर प्रदर्शन कर बाजी मारी है। भोपाल की खुशी राय और चांदनी विश्वकर्मा ने मेरिट में पहला स्थान हासिल किया है। दोनों ने 500 में से 494 अंक हासिल किए हैं। खुशी शिवाजी नगर स्थित सुभाष एक्सीलेंस स्कूल और चांदनी गुरुदेव शिक्षा केन्द्र नीलबड़, भोपाल की छात्रा हैं।

| 5 बेहतर प्रदर्शन वाले जिले | |
|---|---|
| अनूपपुर - | 93.85 प्रतिशत |
| आलीराजपुर - | 92.14 प्रतिशत |
| नरसिंहपुर - | 91.21 प्रतिशत |
| मंडला - | 89.85 प्रतिशत |
| झाबुआ - | 87.83 प्रतिशत |

| 5 बड़े शहरों का प्रदर्शन | |
|---|---|
| भोपाल - | 64.20 प्रतिशत (औसत से कम प्रदर्शन) |
| इंदौर - | 67.56 प्रतिशत (राजधानी से बेहतर प्रदर्शन) |
| जबलपुर - | 73.86 प्रतिशत (मध्यम प्रदर्शन) |
| ग्वालियर - | 60.87 प्रतिशत (कमजोर प्रदर्शन) |
| उज्जैन - | 75.18 प्रतिशत (इन शहरों में सबसे बेहतर) |

## सीबीएसईः कक्षा 10वीं में भोपाल की सान्वी को 99.8% अंक

भोपाल (स्वतंत्र मत)




सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन ने 10वीं सेशन-1 का रिजल्ट जारी कर दिया है। भोपाल रीजन में इस साल 10वीं की परीक्षा के लिए 1 लाख 15 हजार 889 स्टूडेंट्स ने रजिस्ट्रेशन कराया था। सीबीएसई कक्षा 10 की परीक्षा के परिणामों में डीपीएस भोपाल की सान्वी झा ने भोपाल क्षेत्र से 99.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। सागर पब्लिक स्कूल की प्रांशी तिवारी ने 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। सीबीएसई बोर्ड मेरिट लिस्ट जारी नहीं करता है। इसके अलावा रिजल्ट में कोई टॉपर भी घोषित नहीं किया जाता है। बोर्ड सभी स्कूलों और शैक्षणिक संस्थानों को ये निर्देश भी देता है कि किसी भी बच्चे को स्कूल या जिले का टॉपर घोषित न करें।

### 15 मई से होंगे सेशन 2 एग्जाम

सीबीएसई 10वीं सेशन- 1 की परीक्षा इस साल 25 लाख से ज्यादा स्टूडेंट ने दी थी। 10वीं बोर्ड सेशन- 2 एग्जाम उन स्टूडेंट्स के लिए है जो अपने अंकों में सुधार करना चाहते हैं। इसमें अधिकतम 3 अंकों में सुधार का मौका मिलेगा। इसके अलावा 2 विषयों में फेल छात्रों को कंपार्टमेंट कैटेगरी में रखा गया है, जो दूसरी एग्जाम दे सकते हैं। तीन या इससे ज्यादा सब्जेक्ट में फेल छात्रों को 2027 की मेन एग्जाम देनी होगी। इस साल सीबीएसई ने कक्षा 10वीं की एग्जाम नए टू बोर्ड सिस्टम के तहत आयोजित की है।

## पंजाब सरकार ने राघव चड्ढा की सुरक्षा छीनी



**लुधियाना।** आम आदमी पार्टी और उसके राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा के बीच का विवाद और बढ़ गया है। पंजाब की सीएम भगवंत मान की अगुआई वाली आप सरकार ने राघव चड्ढा की सिक्योरिटी छीन ली है। पंजाब के सहप्रभारी, सांसद और राज्यसभा में उपनेता होने के नाते राघव चड्ढा को पंजाब पुलिस की सिक्योरिटी मिली थी। आम आदमी पार्टी के दिल्ली के नेता सौरभ भारद्वाज ने सोशल मीडिया पर दावा किया कि राघव चड्ढा को केंद्र सरकार ने जेड प्लस सिक्योरिटी दे दी है।

## श्रद्धालुओं से भरी बस पलटी, 8 की मौत

**चंडीगढ़।** पंजाब के फतेहगढ़ साहिब में श्रद्धालुओं से भरी बस बिजली के खंभे से टकराकर पलट गई। जिससे बस में करंट भी आ गया। बस पलटने से उसमें सवार 8 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। मरने वालों में सगे भाई भी शामिल हैं। वहीं बच्चों-महिलाओं समेत 21 श्रद्धालु घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिस वक्त हादसा हुआ, बस में 40 लोग सवार थे और करीब डेढ़ किमी बाद ही सबको बस से उतरकर अपने घर जाना था।

# विपक्ष महिला आरक्षण के साथ लेकिन परिसीमन के विरोध में

### बिल पर चर्चा आज, खड़गे बोले- लोकसभा सीटें बढ़ाने के खिलाफ वोट करेंगे

नई दिल्ली

लोकसभा में सीटें बढ़ाने के केंद्र सरकार के प्रस्ताव का विपक्ष विरोध करेगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को विपक्षी नेताओं के साथ मीटिंग के बाद यह बात कही। मीटिंग खड़गे के घर पर हुई, जिसमें राहुल गांधी और टीएमसी, आरजेडी, शिवसेना (यूबीटी), एनसीपी (शरद गुट) और आप नेता भी शामिल हुए। खड़गे ने कहा कि हम महिला आरक्षण के खिलाफ नहीं है लेकिन सरकार इसे राजनीतिक कारणों से आगे बढ़ा रही है ताकि विपक्ष को दबाया जा सके। इसलिए हमने परिसीमन बिल के विरोध का निर्णय लिया है। पूरा विपक्ष बिल के खिलाफ वोट करेगा। सरकार 16, 17 और 18 अप्रैल को संसद के विशेष सत्र में तीन बिल लाने वाली है। इनमें संविधान (131वां



संशोधन) बिल, परिसीमन विधेयक (संशोधन) और केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) बिल, 2026 शामिल हैं। सरकार का प्रस्ताव लोकसभा की सीटें 543 से बढ़ाकर 850 करना है। इनमें करीब 273 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। विपक्ष का कहना है कि महिलाओं को एक तिहाई आरक्षण दिया जाए। इसे मौजूदा लोकसभा की 543 सीटों के आधार पर 2029 के चुनाव से ही लागू किया जाए। सारी विपक्षी पार्टियां परिसीमन के प्रावधानों के बिल्कुल खिलाफ हैं। लोकसभा और राज्यसभा की बहस में भाग लेंगे और इसका विरोध करेंगे।

### राज्यों के साथ अन्याय नहीं होने देंगे: राहुल

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा- सरकार अब जो प्रस्ताव ला रही है, उसका महिला आरक्षण से कोई लेना-देना नहीं है। यह संशोधन, परिसीमन और चुनावी क्षेत्रों के मनमाने फेरबदल के जरिए सत्ता पर कब्जा करने की कोशिश है। हम ओबीसी, दलित और आदिवासियों के हिस्से की चोरी नहीं होने देंगे। साथ ही, हम दक्षिणी, उत्तर-पूर्वी, उत्तर-पश्चिमी और छोटे राज्यों के साथ किसी भी तरह का अन्याय नहीं होने देंगे।

## बिहार में बीजेपी के 'सम्राट' ने ली शपथ

### गृह समेत 29 विभाग संभालेंगे, जदयू के पास 18 विभाग

पटना

सम्राट चौधरी बिहार के 24वें मुख्यमंत्री बन गए हैं। राज्यपाल सैयद अता हसनैन ने लोकभवन में सुबह 11 बजे उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। बिहार की नई सरकार में जदयू से विजय चौधरी और बिजेंद्र यादव ने भी शपथ ली। दोनों को डिप्टी सीएम बनाया गया है। नीतीश कुमार इस कार्यक्रम में मौजूद थे। बिहार में अभी मंत्रिमंडल का ऐलान नहीं किया गया है। सम्राट चौधरी के पास गृह समेत 29 विभाग रहेंगे। विजय चौधरी को 10 और बिजेंद्र यादव को 8 विभाग मिले हैं। मंत्रिमंडल विस्तार के बाद यही विभाग बाकी मंत्रियों में बंटेंगे। तब तक तीनों



मंत्री ही इनकी जिम्मेदारी संभालेंगे। सम्राट चौधरी ने सुबह पंचमुखी हनुमान मंदिर में पूजा की थी। शपथ से पहले ही उनकी सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। मुख्यमंत्री के पिता शकुनी चौधरी ने कहा, कभी-कभी ईश्वर की कृपा होती है। हमने कई पार्टियों के लिए पूरी लड़ाई लड़ी, लेकिन सफलता नहीं मिली। आज अमित शाह, नरेंद्र मोदी और नीतीश की कृपा से सम्राट आगे बढ़ गया। मेहनत रंग लाती है जो मेहनत करेगा वही आगे बढ़ेगा।

## करोड़ों की आस्था को गलत ठहराना मुश्किलः सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली

केरल के सबरीमाला मंदिर में महिलाओं की एंट्री को लेकर बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में चौथे दिन सुनवाई हुई। मंदिर का मैनेजमेंट देखने वाले त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड ने कहा कि यह खिलौने की दुकान या रेस्टोरेंट का मामला नहीं है। यह आजन्म ब्रह्मचारी माने जाने वाले देवता का मंदिर है। टीडीबी का पक्ष रखते हुए एडवोकेट अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा- 10 से 50 साल के उम्र की महिलाएं देवता के स्वरूप और पहचान के विपरीत हैं। भारत में अयप्पा के लगभग 1,000 मंदिर हैं। अगर महिलाओं को दर्शन करना है, तो वहां जाएं। उन्हें इसी खास मंदिर में क्यों आना है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि करोड़ों लोगों की आस्था को गलत ठहराना सबसे मुश्किल कामों में से एक है। साथ ही यह भी कहा कि सामाजिक सुधार के नाम पर धर्म को खोखला नहीं किया जा सकता। केरल हाईकोर्ट ने 1991 में सबरीमाला में 10 से 50 साल की महिलाओं की एंट्री पर बैन लगाई थी।

# शहडोल के वीडियो से जला नोएडा!

नई दिल्ली

नोएडा में जारी श्रमिक आंदोलन के बीच सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। फेज-2, सेक्टर-62, 63 और 121 जैसे संवेदनशील इलाकों में भारी पुलिस बल के साथ पीएसी और रैपिड एक्शन फोर्स की तैनाती की गई है। इस बीच पुलिस जांच में बड़ा खुलासा हुआ है। पुलिस ने जांच में पाया कि नोएडा हिंसक प्रदर्शन में भ्रम फैलाने की कोशिश की गई। दरअसल, 14 अप्रैल 2026 को फेसबुक और एक्स पर कई सोशल मीडिया हैंडल्स से एक



वीडियो तेजी से वायरल किया गया। इस वीडियो के साथ दावा किया गया कि यह नोएडा का है, जहां कर्मचारी हड़ताल पर हैं और पुलिस उनके साथ मारपीट कर रही है। जांच में प्रियंका भारती, डॉ. कंचना यादव और जितेन्द्र कुमार दौसा समेत कुछ अन्य यूजर्स के नाम सामने आए हैं, जिन्होंने इस वीडियो को अलग-अलग कैप्शन के साथ शेयर किया। लेकिन जब पुलिस ने इस वायरल वीडियो की सच्चाई खंगाली, तो पूरा मामला ही उल्टा निकला। जांच में पता चला कि यह वीडियो नोएडा का नहीं, बल्कि 11 अप्रैल 2026 का मध्य प्रदेश के शहडोल और रीवा इलाके का है। वहां एक व्यक्ति नशे की हालत में हंगामा कर रहा था, जिसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया गया था। यानी जिस वीडियो को नोएडा की घटना बताकर वायरल किया गया, उसका इस शहर से कोई लेना-देना ही नहीं था।

## शिवराज के इलाके में सड़ गया सौ करोड़ का गेहूं

### दिग्विजय बोले-किराए के फेर में जानबूझकर सड़ाया अनाज



भोपाल (स्वतंत्र मत)

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने प्रदेश में एक बड़े अनाज घोटाले का खुलासा करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखा है। मामला केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के संसदीय क्षेत्र में आने वाले सीहोर और रायसेन जिले के निजी गोदामों में रखे 40 हजार टन गेहूं के सड़ने और उसे छिपाने के लिए सरकारी खजाने को करोड़ों की चपत लगाने का है। पूर्व सीएम और कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह ने इस 'घुन घोटाले' की जांच राज्य आर्थिक अपराध अनुसंधान ब्यूरो से कराने की मांग की है। दिग्विजय सिंह के मुताबिक यह पूरा खेल साल 2017 से 2021 के बीच खेला गया। सीहोर जिले के बकतारा क्षेत्र में खरीदे गए गेहूं को नियमानुसार 8-10 महीने में गोदामों से उठा लिया जाना चाहिए था, लेकिन इसे 5 साल तक वहीं छोड़ दिया गया। इसके पीछे मुख्य मकसद निजी गोदाम मालिकों को हर महीने लाखों रुपए का किराया दिलवाना था। जब अनाज में घुन लग गया और वह लैब टेस्ट में फेल हो गया, तो अपनी गर्दन बचाने के लिए अधिकारियों ने इसे चुपचाप रायसेन जिले के सरकारी वेयरहाउसों में शिफ्ट कर दिया। यह शिफ्टिंग इसलिए की गई ताकि निजी मालिकों पर नुकसान की पेनल्टी न लगे। जिम्मेदारी सरकारी वेयरहाउस पर थोपी जा सके।

### सवा दो सौ करोड़ की दोहरी चपत

इस घोटाले से सरकारी खजाने को दोहरी चोट पहुंची है। एक तरफ लगभग 100 करोड़ रुपए की कीमत का 40 हजार टन गेहूं पूरी तरह नष्ट हो गया, जो अब किसी भी उपयोग के लायक नहीं बचा है। वहीं दूसरी तरफ, इस सड़े हुए अनाज के रखरखाव और गोदामों के किराए के नाम पर सरकार ने 150 करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि पानी की तरह बहा दी। इसके अलावा, सड़े हुए अनाज को ढोने के लिए चहेते ठेकेदारों को करोड़ों का परिवहन भुगतान भी किया गया, जिसकी उस वक्त कोई आवश्यकता ही नहीं थी।

# गेहूं के खेत में सैटेलाइट दिखा रहा दूसरी फसलें

### प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

भोपाल (स्वतंत्र मत)

एमपी में गेहूं खरीदी देरी से शुरु होने को लेकर एक तरफ राजनीति हो रही है। वहीं दूसरी तरफ जब खरीदी शुरु हुई है तो ई-उपार्जन पोर्टल पर सैटेलाइट सत्यापन में किसानों की फसल गेहूं के बजाए दूसरी दिख रही है। इन गड़बड़ियों को लेकर सियासत तेज हो गई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर आरोप लगाया है कि तकनीकी खामियों के कारण हजारों किसान खरीदी प्रक्रिया से बाहर हो रहे हैं और आर्थिक संकट झेलने को मजबूर हैं। पत्र में किसानों की वर्तमान स्थिति का जिक्र करते हुए पटवारी ने लिखा कि कई परिवारों में शादी-ब्याह के खर्च अटके हैं, बच्चों की स्कूल फीस रुक गई है और किसान बैंक व साहूकारों के कर्ज की किश्तें चुकाने में असमर्थ हो रहे हैं।



उन्होंने सवाल उठाया कि क्या यही 'कृषि कल्याण वर्ष' की वास्तविकता है, जहां पहले खरीदी में देरी हुई और अब तकनीकी खामियों के चलते किसानों को अपनी ही उपज बेचने से रोका जा रहा है। पटवारी ने सरकार पर जमीनी हकीकत से कटने का आरोप लगाते हुए कहा कि डिजिटल सिस्टम के नाम पर किसानों को प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्होंने मांग की कि प्रभावित किसानों का तत्काल मैन्युअल सत्यापन कर उन्हें खरीदी में शामिल किया जाए और सैटेलाइट सर्वे की खामियों की उच्चस्तरीय जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

### पोर्टल दिखा रहा अलग फसल

पटवारी ने अपने पत्र में कहा कि प्रदेश में किसानों के साथ जो हो रहा है, वह केवल प्रशासनिक विफलता नहीं, बल्कि सरकार की नीतियों की सच्चाई भी उजागर करता है। 6,437 से अधिक किसानों का 'सैटेलाइट सर्वे' फेल कर दिया गया है, जबकि खेतों में गेहूं, चना और मसूर जैसी फसलें मौजूद हैं, लेकिन पोर्टल पर अन्य फसल दर्ज दिखाई जा रही हैं।

### नहीं हो पा रही स्लॉट बुकिंग

कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि ई-उपार्जन में स्लॉट बुकिंग के दौरान सैटेलाइट सत्यापन में 'असत्यापित' बताकर किसानों को खरीदी से बाहर किया जा रहा है। इससे छोटे और सीमांत किसानों पर सबसे ज्यादा असर पड़ा है, जिनकी आजीविका पूरी तरह खेती पर निर्भर है। उन्होंने कहा कि यह केवल तकनीकी त्रुटि नहीं, बल्कि किसानों के जीवन पर सीधा प्रहार है।

# जिले के होनहारों का परचम : बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन, प्रदेश मेरिट सूची में चमके छात्र

## 10वीं-12वीं में राज्य मेरिट में बनाई जगह, डिंडौरी के छात्रों ने दिखाया शानदार प्रदर्शन

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)



माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा परिणामों में जिले के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तर पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। परिणामों की घोषणा प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा भोपाल से की गई। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में कक्षा 10वीं की परीक्षा 78 केन्द्रों पर आयोजित हुई, जिसमें 8383 नियमित एवं 1279 स्वाध्यायी छात्र शामिल हुए। इनमें 4756 छात्र प्रथम श्रेणी, 2164 द्वितीय श्रेणी एवं 23 छात्र तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए, जबकि 1342 विद्यार्थी द्वितीय परीक्षा में शामिल होंगे। वहीं कक्षा 12वीं की परीक्षा 65 केन्द्रों पर आयोजित हुई, जिसमें 6099 नियमित एवं 1257 स्वाध्यायी छात्र सम्मिलित हुए। परिणाम में 3769 छात्र प्रथम श्रेणी, 1526 द्वितीय श्रेणी एवं 3 छात्र तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए, जबकि 800 विद्यार्थी द्वितीय परीक्षा में शामिल होंगे। घोषित परिणामों के अनुसार कक्षा 10वीं में जिले का परीक्षा परिणाम 83.8 प्रतिशत एवं कक्षा 12वीं में 86.87 प्रतिशत रहा। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर डिंडौरी जिले ने राज्य स्तर पर कक्षा 10वीं में 9वां एवं कक्षा 12वीं में 8वां स्थान प्राप्त किया है, जो जिले के लिए गौरव का विषय है। राज्य मेरिट सूची में भी जिले के विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। कक्षा 10वीं में कुमारी मालती पाराशर ने 500 में 490 अंक (98 प्रतिशत) प्राप्त कर प्रदेश में 10वां स्थान अर्जित किया। वहीं कक्षा 12वीं में ध्रुव कुमार साहू ने 500 में 485 अंक (97 प्रतिशत) प्राप्त कर प्रदेश में 8वां स्थान हासिल करते हुए जिले का नाम रोशन किया। जिला मेरिट सूची में भी विद्यार्थियों का प्रदर्शन सराहनीय रहा। कक्षा 10वीं में भुवनेश्वरी ठाकुर (शासकीय संदिपनी हाई स्कूल, खुड़िया), रघुनंदन ठाकुर (शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, समनापुर) एवं ऊर्जा अग्रवाल (नर्मदांचल विद्यापीठ, बरगांव) ने स्थान बनाया। वहीं कक्षा 12वीं में रूपेश यादव, शिवाली साहू, तनुश्री साहू, सरस्वती पारासर, झिलमिल मरावी, ललित मशराम, सैयद मंतशा कौसर, अमलेशवरी धुर्वे एवं कौशल्या राजपूत जिला मेरिट सूची में शामिल रहे। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने मेधावी विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों एवं विद्यालय प्राचार्यों को कलेक्टर निवास पर आमंत्रित कर सम्मानित किया। उन्हें पुष्पगुच्छ एवं मिठाई भेंट कर बधाई दी गई तथा प्रत्येक विद्यार्थी को 10-10 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर ने पूर्व में विद्यालय भ्रमण के दौरान घोषणा की थी कि राज्य एवं जिला स्तर पर प्रवीण सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि दी जाएगी, जिसे उन्होंने अब पूरा किया। कलेक्टर श्रीमती भदौरिया ने कहा कि आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र डिंडौरी के विद्यार्थियों द्वारा प्रदेश स्तर पर टॉप-10 में स्थान प्राप्त करना अत्यंत हर्ष और गर्व का विषय है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष परीक्षा परिणामों में सुधार हुआ है, जिसमें हाई स्कूल में 1.89 प्रतिशत तथा हायर सेकेंडरी में लगभग 10 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए निरंतर परिश्रम करने का संदेश दिया। मेधावी छात्र ध्रुव कुमार साहू ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और शिक्षकों को देते हुए कहा कि नियमित अध्ययन और अनुशासन से यह संभव हुआ है। वहीं छात्रा मालती पाराशर ने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद परिवार और शिक्षकों के सहयोग से उन्हें यह सफलता मिली है और वे आगे भी अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए मेहनत जारी रखेंगी। इस अवसर पर सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग राजेन्द्र कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी सुमन परस्ते, जनसंपर्क अधिकारी चेतराम अहिरवार, प्राचार्य, शिक्षक, बच्चों के अभिवावक, सहित संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## हायर सेकेंडरी परीक्षा में प्रिंसराज चंदेल ने किया कमाल, 94.4% अंक लाकर बढ़ाया जिले का मान



माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश द्वारा घोषित हायर सेकेंडरी (कक्षा 12वीं) परीक्षा परिणाम में जिले के होनहार छात्र प्रिंसराज चंदेल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता का परचम लहराया है। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, डिंडोरी के छात्र प्रिंसराज चंदेल (पिता प्रकाश सिंह चंदेल) ने गणित संकाय में 500 में से 472 अंक (94.4%) अर्जित कर न केवल अपने विद्यालय, बल्कि पूरे जिले का नाम गौरवान्वित किया है। प्रिंसराज की इस शानदार उपलब्धि ने यह साबित कर दिया है कि कड़ी मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण से कोई भी ऊंचाई हासिल की जा सकती है। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय में खुशी का माहौल है। शिक्षकों एवं परिजनों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। विद्यालय प्रबंधन ने भी इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए प्रिंसराज को अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। वहीं परिजनों ने इस उपलब्धि का श्रेय प्रिंसराज की मेहनत एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया है। प्रिंसराज चंदेल की यह सफलता जिले के अन्य विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणा है, जो उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करेगी।

## सांदीपनि शा. मॉडल उ.मा. विद्यालय धनुवासागर का शानदार परीक्षा परिणाम, छात्रों ने लहराया परचम

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)** कक्षा 10वीं एवं 12वीं के घोषित परीक्षा परिणामों में सांदीपनि शासकीय मॉडल उच्च माध्यमिक विद्यालय, डिंडोरी (धनुवासागर) के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले में अपनी अलग पहचान बनाई है। विद्यार्थियों ने शानदार अंक अर्जित कर न केवल विद्यालय बल्कि अपने अभिभावकों, शिक्षकों और जिले का नाम भी गौरवान्वित किया है।



कक्षा 12वीं में विद्यालय का परीक्षा परिणाम 100% रहा। कला संकाय से दीपक कुमार गौतम ने 90% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, वहीं शिवानी परस्ते 87.8% अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर रहीं। गणित संकाय से रूद्र प्रताप झरिया ने 88.60%, विज्ञान संकाय से भारती पाराशर ने 87त्न तथा कृषि संकाय से श्रुति चंदेल ने 86.40% अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कुल 108 विद्यार्थियों में से 94 ने प्रथम श्रेणी एवं 14 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी में सफलता प्राप्त की। कक्षा 10वीं में भी विद्यालय का परीक्षा परिणाम 96% रहा। छात्रा गंगा गौतम ने 92.4% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान एवं आराधना चंदेल ने 92% अंक अर्जित कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कुल 107 विद्यार्थियों में से 77 प्रथम श्रेणी, 23 द्वितीय श्रेणी एवं 3 तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। विद्यालय के प्राचार्य श्री जे.एस. मरकाम एवं प्रधानाध्यापक एस.एस. उद्दे ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि छात्रों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। क्षेत्रीय जनपद सदस्य संतोष सिंह चंदेल ने विद्यालय के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए समस्त शिक्षकगण की सराहना की। उन्होंने कहा कि शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा एवं अनुशासन प्रदान करने का यह परिणाम अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस सफलता में विद्यालय के शिक्षकगण-श्रीमती रूपा सिंह ठाकुर, श्रीमती मेनका यादव, श्रीमती कंचन बर्मन, श्रीमती सुलोचना परस्ते, श्रीमती नम्रता लोमेश, श्रीमती मुक्ति झरिया, मनीष सोनी, लालाराम कुर्मेश, चन्दन सिंह दुर्वाशा, महिताप धुर्वे, गोविन्द सिंह धुर्वे, अनिल कुमार श्याम, अश्वनी पन्द्राम, विनय बिलथरे एवं शिवम पटेल-का महत्वपूर्ण मार्गदर्शन एवं सहयोग रहा। इस स्वर्णिम सफलता के अवसर पर विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल रहा। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर उनकी सफलता का जश्न मनाया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# राइस मिलों पर गंभीर समस्या उत्पन्न 7 सौ मिलें बंद के कगार पर

बुढार (स्वतंत्रमत)



प्रदेश की एक हजार दो सौ राइस मिलें वर्तमान समय में वित्तीय संकट में हैं, और नुकसान की भरपाई न हो पाने के फलस्वरूप लगभग सात सौ मिलें बंद के कगार पर हैं। सरकार सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यमों को प्रोत्साहित कर रही हैं, तो वहीं राइस मिले जैसे लघु उद्योग को अपग्रेडेशन राशि व कस्टम मिल्ड राइस (सीएमआर) की राशि ही नहीं मिल पा रही है, और नुकसान की भरपाई की मांग को लेकर म.प्र. चावल उद्योग महासंघ के पदाधिकारियों ने प्रदेश की राजधानी भोपाल में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल से भेंटकर उत्पन्न समस्या से अवगत कराया, जिस पर मा. उप मुख्यमंत्री ने आश्वस्त कराया है और समस्या का परीक्षण कर निराकरण के लिए आवश्यक कार्यवाही का भरोसा दिलाया है। उत्पन्न समस्या को लेकर खाद्य नागरिक आपूर्ति मंत्री गोविंद सिंह राजपूत से मिलकर ज्ञापन सौंपा गया है। म.प्र. चावल उद्योग महासंघ के अध्यक्ष आशीष अग्रवाल तथा कार्यकारी अध्यक्ष दिलीप सिंह ने पत्रकारवार्ता कर बताया है कि-वर्ष 2024-25 का धान अपग्रेडेशन (साफ सफाई) का लगभग 170 करोड़ अभी तक मिलर्स को नहीं मिला है। साथ ही बारदाने की उपयोगिता व्यय की राज्यांश राशि, धान मिलिंग, परिवहन और जमा किए गए अतिरिक्त बारदाने की राशि, कस्टम मिल्ड राइस (सीएमआर) के साथ मिक्सिंग करके जमा किए गए एक प्रतिशत टूटन की राशि मिलिंग, हम्माली, परिवहन सहित बकाया की 30 करोड़ रुपये की राशि नहीं दी गई हैं। बैंक लोन की किस्ते, ब्याज, बिजली बिल, हम्माली, मजदूरी, वेतन और अन्य खर्चे वहन न कर पाने के कारण मिलर्स बैंक डिफाल्टर हो गए हैं और मिल बंद करने की स्थिति निर्मित हो गई है। श्री अग्रवाल ने बताया कि भारतीय खाद्य मंत्रालय की टीम ने अधिकारियों की देखरेख में टेस्ट मिलिंग करवाई थी। इसमें यह सामने आया था कि धान मिलिंग से प्राप्त चावल की झड़ती 67 प्रतिशत से कम आती है। चावल की टूटन 25 प्रतिशत से अधिक आती है। श्री अग्रवाल ने केंद्र सरकार के खाद्य मंत्रालय की इस रिपोर्ट को मान्य कर प्रदेश में कस्टम मिलिंग करवाई जाए। उन्होंने बताया कि-जब मिलर धान को मिलिंग करके एफ.सी.आई. को भेजते हैं, तो उसमें 67 प्रतिशत चावल जमा करने का नियम है। रेशियों अनुसार अपग्रेडेशन राशि प्रदान कराया जाना अत्यावश्यक श्री अग्रवाल ने कहाकि-प्रदेश के राइस मिलर्स ने वर्ष 2024-25 की मिलिंग नीति के तहत एफसीआई में जमा चावल पर रेशियों अनुसार अपग्रेडेशन राशि देने के आदेश अब तक जारी नहीं किए गए हैं। इससे मिलर्स की आर्थिक स्थिति बिगड़ गई है और वे वर्ष 2025-26 में उपार्जित धान की मिलिंग में रुचि नहीं ले रहे हैं। इसके चलते राज्य सरकार को हर माह 200 करोड़ रुपये का अतिरिक्त ब्याज, भंडारण शुल्क और सूखत का नुकसान भी हो रहा हैघ् और मिलिंग न होने से ओपन कैप में रखी हजारों करोड़ की धान के बारिश में खराब होने का खतरा भी मंडरा रहा है।

## 3 साल बाद मिली बेटी : ऑपरेशन मुस्कान में पुलिस की बड़ी सफलता, जम्मू-कश्मीर से सकुशल बरामद

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)



मध्यप्रदेश पुलिस के प्रदेश स्तरीय अभियान ऑपरेशन मुस्कान के तहत डिंडौरी पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। करीब 3 वर्ष पहले गुम हुई नाबालिग बालिका को पुलिस ने जम्मू-कश्मीर से सकुशल दस्तयाब कर लिया है। जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली डिंडौरी में दर्ज अपराध क्रमांक 87/2023, धारा 363 भादवि के तहत दर्ज गुमशुदगी प्रकरण में पुलिस लगातार प्रयासरत थी। सुनियोजित रणनीति और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस टीम ने बालिका का सुराग लगाते हुए उसे भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा के समीप जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले के राजबाग थाना क्षेत्र से सुरक्षित बरामद किया। यह पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक वाहनी सिंह के मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित वर्मा के पर्यवेक्षण एवं एसडीओपी सतीश द्विवेदी के निर्देशन में संपन्न हुई। थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक दुर्गा प्रसाद नगपुरे के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने इस चुनौतीपूर्ण मिशन को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। पुलिस के अनुसार, यह मामला लंबे समय से लंबित था, जिसे सुलझाना एक बड़ी चुनौती थी। बालिका की सकुशल बरामदगी से परिजनों में खुशी का माहौल है। इस सराहनीय कार्यवाही में निरीक्षक दुर्गा प्रसाद नगपुरे, सहायक उप निरीक्षक मुकेश बैरागी, सहायक उप निरीक्षक शेख सिराज, आरक्षक विनोद माहौर, प्रधान आरक्षक मुकेश प्रधान एवं आरक्षक जगदीश की विशेष भूमिका रही। डिंडौरी पुलिस द्वारा ऑपरेशन मुस्कान के तहत गुमशुदा बच्चों और व्यक्तियों की लगातार तलाश कर उन्हें उनके परिवारों से मिलाने का कार्य जारी है, जिससे आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास और मजबूत हो रहा है।

## हायर सेकेंडरी परीक्षा परिणाम घोषित, जिले के 5 विद्यार्थियों ने प्रदेश मेरिट में बनाई जगह प्रदेश में बेटिंयों ने लहराया परचम

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित हायर सेकेंडरी सर्टिफिकेट परीक्षा 2026 की सूची में जिले के 5 होनहार छात्र छात्राओं ने प्रदेश स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए टॉप 10 में स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि से जिले में खुशी का माहौल है और शिक्षा जगत में गौरव का विषय




बना हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार टाईम पब्लिक स्कूल की कु. निशिका गुप्ता ने जीव विज्ञान संकाय में 488 अंक हासिल कर प्रदेश में चौथा स्थान प्राप्त किया। वहीं सेंटजुड्स स्कूल की कु. मान्यता साहू गणित संकाय ने 488 अंक के साथ पांचवां स्थान और भारतीयम उ.मा.विद्यायल ब्यौहारी के ऋषभ पांडे जीव विज्ञान संकाय ने 487 अंक के साथ संयुक्त रूप से पांचवां स्थान प्राप्त किया।

## शहडोल डिवीजन में बिजली विभाग की सघन कार्रवाई, 106 मामलों में केस दर्ज

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** बिजली विभाग द्वारा डिवीजन के अंतर्गत बैवहारी, धनपुरी, बुढार एवं शहर में सघन जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान कुल 224 बिजली कनेक्शनों की जांच की गई। जांच के दौरान कई उपभोक्ताओं द्वारा अनियमितता एवं बिजली चोरी के मामले सामने आए, जिसके आधार पर 106 कनेक्शनों के विरुद्ध विद्युत अधिनियम की धारा 135 एवं 138 के तहत प्रकरण दर्ज किए गए। विशेष बात यह रही कि स्मार्ट मीटर वाले कुछ उपभोक्ताओं द्वारा मीटर में छेड़छाड़ के मामले भी सामने आए हैं। ऐसे उपभोक्ताओं के खिलाफ भी प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की गई है। बिजली विभाग के अनुसार, जबलपुर कार्यालय के माध्यम से उन्नत तकनीक का उपयोग करते हुए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एवं मशीन लर्निंग (एमएल) के जरिए संदिग्ध उपभोक्ताओं की सूची तैयार की गई। इस सूची के आधार पर सघन जांच अभियान चलाया गया, जिससे विभाग को सटीक इनपुट प्राप्त हुआ और कार्रवाई प्रभावी ढंग से की जा सकी। अधिकारियों ने बताया कि इस तकनीकी विश्लेषण से प्राप्त डेटा विभाग के लिए महत्वपूर्ण साबित हो रहा है और इसके आधार पर बिजली चोरी करने वाले, विशेषकर स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं पर विशेष निगरानी रखी जा रही है।

# मध्य प्रदेश हाई स्कूल परीक्षा परिणाम घोषित जिले के आठ छात्रों ने मेरिट लिस्ट में बनाया अपना स्थान, जिले में खुशी की लहर

## बेटियों ने प्रदेश में जिले का नाम किया रोशन

शहडोल

**जिले जिले में हाई स्कूल परीक्षा परिणाम घोषित होते ही खुशी की लहर आठ छात्रों ने मेरिट लिस्ट में अपना नाम किया दर्ज जो इस प्रकार है।**

### ज्ञानोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय

विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में सफलता हासिल कर अपने परिवार, विद्यालय और जिले का नाम रोशन किया है। जिले के कलेक्टर सहित सभी अधिकारियों ने इन होनहार छात्रों को बधाई दी है और उनके उज्वल भविष्य की कामना की परिवारजनों में हर्ष का माहौल है। परिजनों ने छात्रो की मेहनत, लगन और अनुशासन की सराहना करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है। उन्होंने कहा कि कठिन परिश्रम और दृढ़ संकल्प से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। परिवार ने ईश्वर से प्रार्थना की है छात्र आगे भी इसी तरह अपनी पढ़ाई जारी रखते हुए उत्कृष्ट परिणाम हासिल करे और अपने माता-पिता सहित पूरे समाज को गौरवान्वित करते रहे। इस सफलता पर स्कूल प्रबंधन, शिक्षकों और शुभचिंतकों ने छात्रो को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।



**प्रदेश में तीसरा स्थान**
योगेन्द्र सिंह परमार 497 अंक (500 में)
शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, ब्यौहारी



**प्रदेश में 8वां स्थान**
श्रेया साहू 492 अंक
सेंट्रल अकादमी स्कूल, शहडोल



**प्रदेश में 9वां स्थान**
नेहा सिंह 491 अंक
सेंट्रल अकादमी स्कूल, शहडोल



**प्रदेश में 9वां स्थान**
नेहा सिंह 491 अंक
सेंट्रल अकादमी स्कूल, शहडोल



**प्रदेश में 10वां स्थान**
आरायना गुप्ता 490 अंक

**प्रदेश में 9वां स्थान**
आर्यिका नामदेव 491 अंक
शासकीय भारतीयम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, ब्यौहारी

**प्रदेश में 10वां स्थान**
अनामिका कुशवाहा 490 अंक
शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बाणसागर

**प्रदेश में 10वां स्थान**
अपेक्षा गुप्ता 490 अंक
भारतीयम स्कूल, ब्यौहारी

**प्रदेश में 10वां स्थान**
हर्षिल गुप्ता 490 अंक
भारतीयम स्कूल, ब्यौहारी

## सीबीएसई कक्षा दसवीं में सूर्याशी सोंधिया को मिला 91.6 प्रतिशत



**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** गुड शेफर्ड कन्वेंट स्कूल की स्टूडेंट सूर्यांशी सोंधिया ने कक्षा दसवीं में 91.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। सूर्यांशी सोंधिया पांडव नगर की ममता सोंधिया और खिरोधर सोंधिया की पुत्री हैं। सूर्यांशी सोंधिया ने इस सफलता का श्रेय अपने स्कूल की टीचर्स और प्रिंसिपल और माता-पिता और बड़ी बहन का विशेष सहयोग आशीर्वाद बताया।

## मुस्कान मिश्रा द्वारा 12वीं कक्षा में 87.8 प्रतिशत अर्जित कर विद्यालय का नाम किया रोशन



**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** योगेश मिश्रा की सुपुत्री एवं भाजपा वरिष्ठ नेता विमलेश मिश्रा विमम् की नातिन कु. मुस्कान मिश्रा द्वारा 12वीं कक्षा में 87.8 प्रतिशत अर्जित कर विद्यालय में दूसरा स्थान प्राप्त करना अत्यंत गर्व और हर्ष का विषय है। इस प्रतिभाशाली छात्रा ने अपनी मेहनत, अनुशासन और समर्पण से यह अद्भुत उपलब्धि हासिल कर न केवल अपने परिवार, बल्कि समूचे जिले का नाम रोशन किया है। इस शानदार सफलता के लिए बेटी मुस्कान को हार्दिक बधाई एवं उज्वल भविष्य के लिए अनंत शुभकामनाएं। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आपकी यह उपलब्धि क्षेत्र एवं जिले के अन्य युवा साथियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी।

## दीपिका तिवारी ने 12वीं में 94 प्रतिशत अंक लाकर बढ़ाया परिवार और क्षेत्र का मान

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** जिले के लिए गर्व की बात है कि सेंट्रल एकेडमी स्कूल की छात्रा दीपिका तिवारी ने कक्षा 12वीं हायर सेकेंडरी परीक्षा में 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम श्रेणी में सफलता हासिल की है। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन से दीपिका ने न केवल अपने माता-पिता बल्कि पूरे परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। दीपिका की इस उपलब्धि पर परिवारजनों में हर्ष का माहौल है। परिजनों ने बेटी की मेहनत, लगन और अनुशासन की सराहना करते हुए उसके उज्वल भविष्य की कामना की है। उन्होंने कहा कि दीपिका ने यह साबित कर दिया है कि कठिन परिश्रम और दृढ़ संकल्प से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। परिवार ने ईश्वर से प्रार्थना की है कि दीपिका आगे भी इसी तरह अपनी पढ़ाई जारी रखते हुए उत्कृष्ट परिणाम हासिल करे और अपने माता-पिता सहित पूरे समाज को



गौरवान्वित करती रहे। इस सफलता पर स्कूल प्रबंधन, शिक्षकों और शुभचिंतकों ने भी दीपिका तिवारी को बधाई देते हुए उसके उज्वल भविष्य की कामना की है। संभाग के वरिष्ठ पत्रकार अनिल तिवारी (हिम्मू) एवं मध्यप्रदेश मीडिया संघ के संरक्षक की पुत्री है दीपिका तिवारी जिले के सभी पत्रकारों ने बधाई प्रेषित कर उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

# मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने पुरुष अभ्यर्थियों के लिए खोले रास्ते

## नर्सिंग ऑफिसर भर्ती में 100प्रतिशत महिला आरक्षण को चुनौती,

## पुरुष उम्मीदवारों को दी भर्ती में शामिल होने की अनुमति

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

मध्यप्रदेश में नर्सिंग ऑफिसर भर्ती में 100प्रतिशत महिला आरक्षण को चुनौती देने वाले याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने 10 पुरुष याचिकाकर्ताओं को अंतरिम राहत देते हुए भर्ती प्रक्रिया में शामिल करने के निर्देश दिए हैं। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार सहित ईएसबी को नोटिस जारी कर जवाब भी मांगा है। अगली सुनवाई 4 अब 4 सप्ताह बाद होगी। बुधवार को हाईकोर्ट जस्टिस विशाल घगट की एकलपीठ ने मध्य प्रदेश के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में नर्सिंग ऑफिसर के पदों पर होने वाली 800 से अधिक पदों पर भर्ती को चुनौती देने वाली याचिका में सुनवाई करते हुए जबलपुर निवासी संतोष कुमार लोधी सहित 10 पुरुष



याचिकाकर्ताओं को मेडिकल कॉलेजो में नर्सिंग ऑफिसर के विज्ञापित पदों पर आवेदन करने तथा भर्ती प्रक्रिया में शामिल करने के निर्देश दिए हैं। इनके परिणाम याचिका में पारित अंतिम निर्णय के अधीन होंगे। याचिकाकर्ताओं को अंतरिम राहत देते हुए लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग सहित मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

### योग्य अभ्यर्थी रह गए थे वंचित

पुरुष अभ्यर्थियों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर हाल ही में जारी नर्सिंग ऑफिसर के भर्ती विज्ञापन को चुनौती दी है। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता विशाल बघेल ने कोर्ट को बताया कि कर्मचारी चयन मंडल के विज्ञापन (नर्सिंग ऑफिसर एवं सिस्टर ट्यूटर भर्ती परीक्षा–2026) में नर्सिंग ऑफिसर के पदों को 100 प्रतिशत केवल महिला उम्मीदवारों के लिए आरक्षित कर दिया गया है। इससे योग्य पुरुष अभ्यर्थी आवेदन करने से पूरी तरह वंचित हो गए हैं।

### हाईकोर्ट के समक्ष यह दिए तर्क

मध्य प्रदेश चिकित्सा शिक्षा (अराजपत्रित) सेवा भर्ती एवं पदोन्नति नियम, 2023ज के तहत नर्सिंग ऑफिसर के पद के लिए कोई लिंग–आधारित प्रतिबंध नहीं है। मेडिकल कॉलेजों में नर्सिंग ऑफिसर के भर्ती विज्ञापन में किया गया, यह प्रावधान वैधानिक नियमों के विपरीत है। पुरुष और महिला दोनों एक ही पाठ्यक्रम पढ़ते हैं और उनके पास समान योग्यता व पंजीकरण होता है। लिंग के आधार पर सार्वजनिक रोजगार से पूर्णत: बाहर करना भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 16 का उल्लंघन है। मांग है कि विज्ञापन के उस हिस्से को निरस्त किया जाए जो 100प्रतिशत पदों को महिलाओं के लिए आरक्षित करता है। हाईकोर्ट ने संतोष कुमार लोधी, बहादुर यादव, नरेंद्र अहिरवार, राहुल चौरसिया, पवन नायक, दीपेश पटेल, मोहम्मद नौशाद मंसूरी, प्रवीण पटेल, योगेश महोरे, विवेक चौरसिया को राहत दी है।

## पलक ने बढ़ाया नगर का मान



**सिहोरा (स्वतंत्र मत)** । माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश भोपाल के द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में गोसलपुर निवासी नालंदा बैथेल मिशन स्कूल की छात्रा पलक राजपूत द्वारा गणित संकाय में 93ज अंक अर्जित करने पर विद्यालय एवं क्षेत्र में हर्ष व्याप्त है। पलक गोसलपुर जनपद सदस्य धर्मेंद्र सिंह राजपूत एवं प्रीति राजपूत की सुपुत्री हैं। उनकी इस सफलता पर सभी ने उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी।

## साले के घर जीजा ने लगाई फांसी, मौत

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** गोराबाजार कजरवारा पुरानी बस्ती में अपने साले के यहां रह रहे एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक ने उक्त आत्मघाती कदम क्यों उठाया, इसका अब तक पता नहीं चल सका है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। पुलिस को धरमदास चौधरी ने बताया कि वह मजदूरी करता है। उसकी छोटी बहन रजनी बाई चोधरी की शादी थाना माढ़ोताल क्षेत्र के ग्राम आगासौद निवासी सुरेन्द्र कुमार चौधरी के साथ लगभग 15 वर्ष पहले हुयी थी। उसके बहनोई एवं बहन अपने बच्चों के साथ लगभग 10 वर्ष से उसके घर कजरवारा में रहते हैं।

# अमरकंटक ताप विद्युत गृह का नया कीर्तिमान

## यूनिट नंबर 5 ने लगातार 560 दिन बिजली उत्पादन कर रचा इतिहास

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड के अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई की 210 मेगावाट क्षमता की यूनिट नंबर 5 ने एक बार फिर कमाल दिखाते हुए 560 दिन निर्बाध विद्युत उत्पादन करते हुए एनटीपीसी के विंध्याचल सुपर ताप विद्युत गृह सिंगरौली को पीछे छोड़ दिया। देश के ताप विद्युत उत्पादन के इतिहास में अब चचाई की यह यूनिट 210 मेगावाट श्रेणी में सर्वाधिक दिनों तक निर्बाध विद्युत उत्पादन करने वाली दूसरी यूनिट बन गई। समग्र रूप से और सभी श्रेणी में देखा जाए तो अमरकंटक ताप विद्युत गृह की यह यूनिट सर्वाधिक लगातार विद्युत उत्पादन करने वाले विद्युत इकाइयों में चौथे स्थान पर अपना नाम दर्ज करवा चुकी है। चचाई की यह यूनिट 1 अक्टूबर 2024 से निर्बाध रूप से विद्युत उत्पादन कर रही है।

***तकनीकी मापदंड में भी यूनिट दिखा रही कमाल***– अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई की 210 मेगावाट क्षमता की यूनिट नंबर 5 ने सर्वाधिक दिन संचालित होने के साथ तकनीकी रूप से भी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रही है। इस दौरान यूनिट ने 98.78त्न प्लांट अवेलेबिलिटी फैक्टर, 95.48 प्रतिशत प्लांट लोड फैक्टर व 9.28 प्रतिशत ऑक्जलरी कंजम्प्शन जैसे उच्च मानक हासिल किए। ये प्रभावशाली आंकड़े स्पष्ट रूप से उच्च स्तर की दक्षता, विश्वसनीयता व तकनीकी उत्कृष्टता को दर्शाते हैं, जिसे चचाई प्लांट टीम द्वारा निरंतर बनाए रखा गया है। मध्यप्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, अपर मुख्य सचिव ऊर्जा नीरज मंडलोई व मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने कहा कि अमरकंटक ताप विद्युत गृह के यूनिट नंबर 5 द्वारा हासिल की गई यह यह उपलब्धि गहन योजना, मज़बूत निवारक रखरखाव प्रक्रियाओं, बारीकी से की गई परिचालन निगरानी और  टीम की पूरी परिचालन व रखरखाव टीम के अटूट समर्पण का परिणाम है।




## गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत व्याख्यान आयोजित

जबलपुर

शासकीय कन्या महाविद्यालय में बुधवार को को गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत व्याख्यान का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रो. अरुण शुक्ल, संभागीय नोडल अधिकारी, स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना, जबलपुर संभाग उपस्थित रहें । उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुये कहा कि गंगा नदी केवल एक नदी नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक, धार्मिक और आर्थिक जीवनधारा है। इसे गंगा माँ के रुप में पूज्यनीय माना जाता है। भारत सरकार ने नमामि गंगे कार्यक्रम जैसे महत्वपूर्ण अभियान शुरू किये है। जिनका उददेश्य गंगा को स्वच्छ और अविरल बनाना है । गंगा संवर्धन अभियान विषय पर छात्राओं हेतु पोस्टर, स्लोगन, निबंध एवं वाद–विवाद एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। इस कार्यक्रम की जागरुकता हेतु रैली भी निकाली गई । कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वीणा श्रीवास्तव ने की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. बिन्दु शर्मा ने किया। इस अवसर पर डॉ. रेणुबाला घई, डॉ. माधुरी सिंह, डॉ. दिपेन्द्र यादव, डॉ. विभा पाण्डे एवं महाविद्यालय स्टाफ के साथ महाविद्यालय की लगभग 48 छात्रायें उपस्थित रही।

## बाईक की टक्कर से युवक की मौत

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** हनुमानताल थाना क्षेत्रातंर्गत भानतलैया बकरा मंडी में बीती रात एक तेज रफ्तार बाईक चालक ने एक युवक को टक्कर मार दी। जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद लोगों ने आरोपी बाईक चालक को धर दबोचा, जिसे बाद में पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस ने 108 एम्बूलेंस के मेडिकल टेक्नीशियन अमर पटेल ने बताया कि बीती रात एक्सीडेंट होने की सूचना मिली थी। जब वह वाहन लेकर भानतलैया बकरा मंडी पहुंचे तो वहां  एक अज्ञात व्यक्ति घायल अवस्था में पड़ा था वहीं पर एक जावा मोटर सायकल चालक भी खड़ा था, जिसे साधारण चोटें थीं। एक्सीडेंट करने वाली जावा मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 वाई एफ 2910 का चालक को वहां उपस्थित लोगों ने पकड़ लिया थाद्ध जिसने पूछताछ पर अपना नाम अदनान काजी निवासी लेमा गार्डन गोहलपुर बताया था जिसे आंख के पास चोट थी। जिसने जावा मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 वाई एफ 2910 तेज गति लापरवाही से चलाते हुये अज्ञात व्यक्ति को टक्कर मार दी, जिससे उक्त अज्ञात युवक की मौत हो गई, मृतक की उम्र करीब 40 वर्ष है। पुलिस ने मामले में आवश्यक कार्रवाई करते हुए मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है।

# शराब के नशे में कार सवार वृद्धों ने की फायरिंग, पुलिस ने दबोचा

## पनागर के ग्राम बड़ेरा कला की घटना

## रायफल, कारतूस सहित कार जब्त

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

पनागर थाना क्षेत्रातंर्गत ग्राम बड़ेराकला में ओपन कार सवार दो वृद्धों ने शराब के नशे में रायफल से फायरिंग कर दी, जिससे आसपास खेत में मौजूद लोग दहशत में आ गये। जिन्होंने तत्काल ही मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने घेराबंदी करते हुए दोनों आरोपियों को धर दबोचा। जिनके पास रायफल का कोई लाईसेंस नहीं पाया गया। पुलिस ने आरोपियों के पास से रायफल, कारतूस व महिन्द्रा कंपनी की ग्रे कलर की ओपन कार जब्त की है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट व मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

पुलिस ने बताया कि ग्राम बड़ेरा निवासी सिद्वार्थ पटेल ने खेत के पास फायरिंग की आवाज सुनी। जिसने मामले की सूचना पनागर विद्यासागर वार्ड निवासी रोहित साहू को दी। जिसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को धर दबोचा। जिन्होंने पूछताछ में अपने नाम अरूण चिंगप्पा पिता स्व. सैमुअल चिंगप्पा उम्र 62 वर्ष निवासी आदर्श नगर रामपुर चौक, गोरखपुर एवं गार्डन पॉप्टिस पिता स्व. सी.जे.पॉप्टिस उम्र 61 वर्ष निवासी बिलहरी एपीआर कॉलोनी गोराबजार बताये। जिनसे 303 रायफल एवं 22 बोर बदूंक रखने के संबंध में लायसेंस चाहा गया, जो लायसेंस देने से इंकार करते हुये लायसेंस के संबंध में कोई जानकारी न होना बताया। दोनों व्यक्ति अरूण चिंगप्पा एवं गार्डन पॉप्टिस शराब के नशे में थे। जिन्होंने उन्माद की स्थिति में 303 रायफल से एक फायर करना बताया। पुलिस ने आरोपी अरूण चिगप्पा के कब्जे से एक रायफल एक कारतूस, एक खाली केस,  मैगजीन में जिसमें 2 कारतूस लोड है, तथा  महिन्द्रा कम्पनी की ओपन ग्रे काले रंग की कार क्रमांक केए 12 एन 4252 जब्त करते हुये आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट व मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की।

## मामा–भांजे पर फरसे से हमला कर फायरिंग

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** माढ़ोताल थानातंर्गत मंगेला नया मोहल्ले के पास बीती रात चार बदमाशों ने पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक व उसके मामा पर फरसे से हमला कर दिया। जब मामा–भांजे अपनी जान बचाकर मौके से भागे तो आरोपियों ने फायरिंग कर दी, गनीमत रहीं कि गोली किसी को नहीं लगी। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरु कर दिये है। उक्त पूरी वारदात पुराने विवाद को लेकर की गई है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यादव कालोनी कमला नेहरू नगर निवासी 28 वर्षीय राहुल पटेल भूसा वाली मशीन चलवाने का काम करता है। बीती रात लगभग 8 बजे वह  एवं उसके मामा विकाश कुशवाहा,  मंगेला नया मोहल्ला बरा के पेड़ के आगे ट्रेक्टर आने का इंतजार कर रहे थे। उसी समय मिलन यादव जिससे उनका पुराना विवाद चल रहा है अपने साथी बब्बू यादव एवं 2 अन्य के साथ पहुंचा। जहां मिलन ने राहुल से कहा कि भूसा भरकर मेरे घर पर छोड़ दो, राहुल ने तीन हजार रुपये प्रति ट्राली लगने की बात की तो मिलन फ्री में भूसा भरकर छोडने का दवाब बनाने लगा। राहुल ने विरोध जताया तो मिलन व उसके साथियों ने मारपीट शुरु कर दी, राहुल के मामा विकाश ने बीच बचाव किया तो उनके साथ भी मारपीट की। इसके बाद फरसा निकालकर राहुल पर हमला कर दिया, राहुल ने किसी तरह अपना बचाव किया तो फरसा उसे छूते हुए निकल गया।

# लोभी ससुराल वालों की प्रताड़ना के चलते प्रतिभा ने किया था जहर का सेवन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

पनागर में एक नवविवाहिता द्वारा जहरीली वस्तु का सेवन करने के मामले में पुलिस ने प्रताडऩा का मामला पाया है। पुलिस ने मायके पक्ष के कथनों के आधार पर आरोपी पति, सास व जेठ के खिलाफ दहेज हत्या का प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

अधारताली सीएसपी  सुश्री राजेश्वरी कौरव ने बताया कि पनागर व्यास मोहल्ला निवासी 30 वर्षीय प्रतिभा पटेल ने घर पर जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया था। जिसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन उपचार दौरान उसी दिन उसकी मौत हो गई। पुलिस ने जांच दौरान मायके पक्ष के कथन लिये। जिसमें पता



चला कि मृतिका प्रतिभा पटेल का विवाह 4 मई 2023 को विपिन पटेल के साथ हुआ था। जिसमें उसके परिजनों ने अपनी हैसियत अनुसार दहेज व सामग्री दी थी। इसके बाद जब प्रतिभा को बेटी हुई तो ससुराल वाले बेटे न होने का ताना मारकर उसे प्रताड़ित करने लगे। इसके बाद उनकी डिमांड बढ़ती गई। प्रतिभा की सास मीना पटेल जेठ नीरज पटेल गाली गलोज कर उसे प्रताड़ित करने लगे। जिसके बाद प्रतिभा मायके आ गई, लेकिन तीन माह बाद उसका पति विपिन माफी मांगर उसे पुन: अपने साथ ले गया। इसके बाद पति विपिन भी शरीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रुपयों की डिमांड करने लगा। जिस पर प्रतिभा के मायके वालों ने पांच लाख रुपये दिये। इसके बाद उसकी सास नये डिजाईन के गहनों की मांग करने लगी। ससुराल वालों की प्रताडऩा के चलते ही प्रतिभा ने जहरीली वस्तु का सेवन किया  था। पुलिस ने जांच उपरांत मृतिका के पति विपिन पटेल, सास मीना पटेल, जेठ नीरज पटेल सभी निवासी ग्राम तिवारीखेड़ा के विरूद्ध धारा 80(2), 3(5) बीएनएस तथा 3, 4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

# नारी शक्ति की नई उड़ान ‘लोक सेवा शक्ति फाउंडेशन’ का आगाज़



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

आज के आधुनिक युग में जहाँ महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं, वहीं उन्हें संगठित कर आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने की दिशा में एक नई पहल करते हुए लोक सेवा शक्ति फाउंडेशन की स्थापना की औपचारिक घोषणा की गई। यह संगठन विशेष रूप से महिलाओं के उत्थान, उनके आत्मविश्वास को जगाने और उन्हें समाज में सम्मानजनक स्थान दिलाने के लिए समर्पित होगा। फाउंडेशन का प्राथमिक लक्ष्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। संगठन का मानना है कि जब एक महिला आर्थिक रूप से स्वतंत्र होती है, तो वह न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे समाज की प्रगति में समान भागीदारी निभाती है। संगठन मुख्य रूप से उन महिलाओं पर ध्यान केंद्रित करेगा जो अपने घरों से छोटे–छोटे कुटीर उद्योग संचालित कर रही हैं। ‘लोक सेवा शक्ति फाउंडेशन’ इन महिला उद्यमियों को व्यावसायिक मार्गदर्शन और कौशल प्रशिक्षण पर सक्रिय सहयोग देगा। संस्था की निदेशक एवं अध्यक्ष काजल वीरेंद्र विश्वकर्मा है जिन्होंने बताया की संगठन के कार्यों में महिलाओं की सहभागिता शुरू हो चुकी है और जल्द ही जमीनी स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आगाज़ किया जाएगा।

# गौरीघाट में अवैध कब्जे की जगह अब सज रहे हैं ‘नेकी के केंद्र’

## गौरीघाट में नया आकर्षक का केंद्र बनेगा आरआरआर मॉडल

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** गौरीघाट क्षेत्र को व्यवस्थित और सुंदर बनाने का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। जिस स्थान पर दो महीने पहले तक अव्यवस्थित और अवैध कब्जे थे, वहां अब नगर निगम एक भव्य और आकर्षक ट्रिपल आर केंद्र का निर्माण कर रहा है। यह पहल न केवल स्वच्छता सर्वेक्षण में शहर की रैंकिंग सुधारेगी, बल्कि नागरिकों के लिए ‘सेवा और सुविधा’ का संगम भी बनेगी। इस केंद्र को केवल एक स्टोर की तरह नहीं, बल्कि एक ‘सोशल बैंक’ के




रूप में विकसित किया जा रहा है। आरआरआर का अर्थ रीडूस ,रीयूज ,रीसाइकिल है। यहाँ प्रमुख रूप से खिलौना बैंक सक्षम परिवारों द्वारा दिए गए पुराने खिलौने यहाँ जमा होंगे, जिन्हें जरूरतमंद बच्चों को वितरित किया जाएगा। बर्तन बैंक एकल उपयोग वाले प्लास्टिक को कम करने के लिए यहाँ से आयोजनों के लिए बर्तन उपलब्ध कराए जाएंगे। पुस्तक बैंक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए छात्र यहाँ अपनी पुरानी किताबें दान कर सकेंगे और जरूरतमंद विद्यार्थी उन्हें ले सकेंगे। थैला बैंक नर्मदा तट को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए यहाँ कपड़े के थैले उपलब्ध होंगे। घाटों पर पूजन सामग्री की दुकानें अव्यवस्थित होने से जाम की स्थिति बनती थी। अब नए प्लान के तहत श्रद्धालुओं को एक ही छत के निचे गार्बेज फ्री और व्यवस्थित तरीके से पूजन सामग्री मिल सकेगी। स्थानीय विक्रेताओं को व्यवस्थित स्थान मिलने से उनकी आजीविका भी सुधरेगी और घाट की सुंदरता भी बनी रहेगी।

# निरीक्षण में खुली पोल, स्कूल से नदारद मिले बच्चे

## कलेक्टर और सीईओ का मझौली दौरा

## लापरवाही पर भड़के अधिकारी, वेतन काटने के निर्देश

जबलपुर(स्वतंत्र मत)

कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह और जिला पंचायत सीईओ अभिषेक गहलोत ने मझौली क्षेत्र का औचक निरीक्षण कर विकास कार्यों और शासकीय योजनाओं की जमीनी हकीकत जानी। निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर अधिकारियों ने कड़ी नाराजगी जाहिर की और तत्काल दंडात्मक कार्रवाई के निर्देश



दिए। नंदग्राम स्थित माध्यमिक शाला के निरीक्षण के दौरान स्थिति बेहद चौंकाने वाली रही, जहां स्कूल खुला होने के बावजूद एक भी विद्यार्थी उपस्थित नहीं था। शिक्षकों के जवाब से असंतुष्ट होकर कलेक्टर ने उपस्थित दो शिक्षकों का एक–एक सप्ताह और अनुपस्थित शिक्षक का 15 दिन का वेतन काटने के आदेश दिए। वहीं, चनगवां आंगनवाड़ी केंद्र में पोर्टल पर डेटा अपडेट न होने और पोषण आहार संबंधी जानकारी में कमी पाए जाने पर कलेक्टर ने संबंधित कार्यकर्ताओं और सुपरवाइजर का एक सप्ताह का वेतन काटने का प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए।

***स्वास्थ्य और विकास कार्यों की समीक्षा***– भ्रमण के दौरान उन्होंने अधिकारियों ने विभिन्न कार्यों का भी जायजा लिया। आरोग्य मंदिर चनगवां में चिकित्सकों से एचपीवी वैक्सीनेशन की प्रगति पर चर्चा की गई और अभियान में तेजी लाने को कहा गया। गंगा जल संवर्धन योजना के तहत निर्मित नवीन तालाबों और एक बगिया मां के नाम अभियान का अवलोकन किया गया। पौड़ा में निर्माणाधीन तहसील भवन की गुणवत्ता जांची गई और समय–सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।  मझौली क्षेत्र के ग्राम इंद्राना में आयोजित होने वाले आगामी यज्ञ की व्यवस्थाओं का भी अधिकारियों ने स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीएम सहित क्षेत्रीय अमला मौजूद रहा। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि शासन की योजनाओं में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# प्रदेश में सेकेंड टॉप अक्षरा तो थर्ड टॉप शिवम

## हायर सेकेण्डरी एवं हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2026 का परीक्षा परिणाम घोषित

बालाघाट (स्वतंत्र मत)।

माध्यमिक शिक्षा मंडल मप्र भोपाल की हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 13 फरवरी से 06 मार्च 2026 तक एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा 10 फरवरी से 07 मार्च 2026 तक आयोजित की गई थी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में भोपाल में 15 अप्रैल को इन दोनो परीक्षाओं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है। बालाघाट जिला कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम देने वाले जिलों में प्रदेश में 06वें स्थान पर है। 10वीं की हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा में बालाघाट जिले के 36 छात्र छात्राओं ने एवं 12वीं हायर सेकेण्डरी परीक्षा में 08 छात्र छात्राओं ने प्रदेश की प्रावीण्य सूची में अपना स्थान बनाकर जिले को गौरान्वित किया है।

हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2026 में प्रदेश की प्रावीण्य सूची में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छतेरा की कु. अक्षरा घोडेश्वर ने 500 में से 498 अंक लेकर दूसरा स्थान, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परसवाडा घाट के शिवम बोपचे ने 497 अंक लेकर तीसरा स्थान, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जाम की कु. भूमि बिसेन ने 496 अंक लेकर चौथा स्थान, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बल्हारपुर के दिव्यांश चावके एवं सांदीपनि विद्यालय बालाघाट की नैना लिल्हारे ने 495 अंक लेकर पांचवा स्थान, शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैहर के निश्चय राणा एवं कु. डेजी बिसेन तथा शासकीय हाईस्कूल टेकाडी की कु. निधी पुंड व सांदीपनि विद्यालय बालाघाट के रेयांश चौरागढे ने 494 अंक लेकर छटवॉ स्थान प्राप्त किया हैं।





### यह भी प्रदेश की मेरिट लिस्ट में नाम

इसी तरह शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मनेरी की जागृति लिल्हारे, हायर सेकेण्डरी विद्यालय जाम के विनायक ठाकरे, नवीन हाईस्कूल रिसेवाडा के रौनक बागडे, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लेण्डेझरी के पियुष टेम्भरे, सांदीपनि विद्यालय बालाघाट के अनंत पंचेश्वर, कु. अंशिका गंगभोज ने 493 अंक लेकर 07वॉ स्थान, एमसीएस स्कूल बालाघाट की कु. दिशा गौतम, सार्थक पब्लिक स्कूल किरनापुर की कु. विशाखा बापुरे, बालाघाट पब्लिक स्कूल नर्मदा नगर के ललित पारधी, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परसवाडाघाट की तनवी नगपुरे ने 492 अंक लेकर आठवॉ स्थान, एमसीएस स्कूल बालाघाट की कु. शिवांगी पाण्डे, सरस्वती शिशु मंदिर किरनापुर की कु. रागिनी पटेल, हायर सेकेण्डरी स्कूल आलेझरी की कु. मनू कटनकर, हाईस्कूल कोसुम्बा के डेविड उजबगले, हाईस्कूल टेकाडी की कु. वाणी सोनी, नवीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटंगझरी की कु. पीहू परीमल, उत्कृष्ट विद्यालय बालाघाट की कु. हीना ठाकरे, वीरांगना रानी दुर्गावती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालाघाट की कु. यामिनी शरणागत, कु. हिमांशी कुथे ने 491 अंक लेकर 09वॉ स्थान, केशव इंग्लिश हाईस्कूल वारासिवनी की कु. प्रीत राणा, आईडियल पब्लिक स्कूल वारासिवनी की कु. माही सुलाखे, सांदीपनि स्कूल रजेगांव की कु. स्मृति कावरे, बालक हायर सेकेण्डरी स्कूल लालबर्रा की कु. अंशु राहंगडाले, कु. माही राहंगडाले, सांदीपनि स्कूल बालाघाट की कु. निशा तेलाशे, कु. श्वेता बंटे, कु. देवांशी देशमुख ने 490 अंक लेकर 10वॉ स्थान प्राप्त किया है।

### 12 वीं के बच्चों ने प्रदेश की सूची में पाया स्थान

12वीं हायर सेकेण्डरी परीक्षा में कला समूह से शिवम अवधिया हायर सेकेण्डरी स्कूल बल्हारपुर ने 500 में से 482 तथा गणित समूह की कु. भावना पटले कन्या उच्चतर हायर सेकेण्डरी कटंगी ने 500 में से 485 अंक हासिल कर 08वॉ स्थान, वाणिज्य समूह के आर्य गिरी गोस्वामी नवीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माटे ने 481 अंक प्राप्त कर 10वॉ, कृषि समूह से स्वाति उइके हायर सेकेण्डरी झालीवाडा एवं मृणाली ठवरे हायर सेकेण्डरी झालीवाडा ने 484 अंक प्राप्त कर 05वॉ स्थान, जीव विज्ञान समूह से कु. स्तुति जैन वैदिक कान्वेंट इंग्लिश मीडियम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लालबर्रा ने 489 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान एवं इसी स्कूल की कु. अश्मी पारासर ने 483 अंक प्राप्त कर 09वॉ स्थान, अदिती तिवारी उत्कृष्ट विद्यालय बालाघाट ने 500 में से 482 अंक प्राप्त कर 10वॉ स्थान प्राप्त किया है।

### जिला प्रदेश में छटवें स्थान

बालाघाट जिले में कक्षा 12वीं हायर सेकेण्डरी का परीक्षा परिणाम शासकीय स्कूलों का 89.28 प्रतिशत एवं अशासकीय स्कूलों का 72.21 प्रतिशत रहा है। कक्षा 12वीं में जिले के 86.67 प्रतिशत नियमित छात्र-छात्राओं ने एवं 39.97 प्रतिशत प्रायवेट छात्र-छात्राओं ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। इसी प्रकार कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम शासकीय स्कूलों का 89.38 प्रतिशत एवं अशासकीय स्कूलों का 74.44 प्रतिशत रहा है। कक्षा 10वीं में जिले के 87.18 प्रतिशत नियमित छात्र छात्राओ ने एवं 36.18 प्रतिशत प्रायवेट छात्र छात्राओं ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। हायर सेकेण्डरी कक्षा 12वीं एवं हाईस्कूल कक्षा 10वीं के उत्कृष्ट परीक्षा परिणामों में बालाघाट जिला प्रदेश में छटवें स्थान पर है।

### फेल होने वाले बच्चों को एक और अवसर

जिला शिक्षा अधिकारी ए.के.उपाध्याय ने बताया कि मण्डल द्वारा इस वर्ष से पूरक परीक्षा के स्थान पर द्वितीय अवसर परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। द्वितीय अवसर परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु ऑनलाईन आवेदन दिनांक 15 अप्रैल से 22 अप्रैल 2026 रात 12 बजे तक एम.पी. ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से भरे जा सकेंगे। द्वितीय अवसर परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों को मुख्य परीक्षा की अंकसूची जारी नहीं की जाएगी। द्वितीय अवसर परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों की मूल अंकसूची जारी होने तक डिजी लॉकर के माध्यम से अपनी अंकसूची की प्रमाणित प्रति प्राप्त कर सकते है। द्वितीय अवसर का परीक्षाफल घोषित होने पर ऐसे परीक्षार्थियों को अंकसूची जारी की जाएगी। द्वितीय अवसर परीक्षा का आयोजन दिनांक 07 मई से 25 मई 2026 तक किया जाएगा।



# युवक का फंदे पर शव, दोनों पैर बंधे थे, हत्या की आशंका

**बालाघाट (स्वतंत्र मत)।** बैहर थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत सहेजना के ग्राम मोतीटोला में एक युवक की संदिग्ध फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया हैं। वहीं परिजनों हत्या की आशंका जताई हैं। मृतक युवक का नाम प्रकाश चौरठे उम्र 35 वर्ष ग्राम झांगुल मोतीटोला निवासी बताया गया हैं। जानकारी अनुसार, मृतक युवक प्रकाश चौरठे मोतीटोला में फार्महाऊस में अगरबत्ती बरती थीं और सब्जी की खेती होती थीं जहां पर सुपर विजन का कार्य करता था। युवक की शादी हुए नौ साल हो गए लेकिन संतान नहीं हैं। प्रतिदिन की तरह प्रकाश 13 अप्रैल की सुबह फार्महाऊस में कार्य करने के लिए गया, 5 बजे करीब फार्महाऊस में मोटर पंप को बंद करने के लिए मशनी नाला में गया हुआ था लेकिन वापस नहीं लौट आए। फिर मजदूरों ने परिजनों को जानकारी दी, परिजनों ने उसकी तलाशी शुरू कर दी। देर रात्रि तक परिजनों ने ग्रामीणों के सहायोग से तलाशा लेकिन प्रकाश का कहीं पता नहीं चल पाया तो बैहर पुलिस को गुम होने की सुचना दी गई। 14 अप्रैल की सुबह पुन नाला की ओर तलाश किया गया तो प्रकाश के दोनों पैर बंधे हुए और झाडि?ों में बैल बांधने के रस्से से फांसी पर लटका हुआ पाया गया। वहीं उसके कुछ दूरी पर मोबाईल था और किसी अन्य का गमछा, हेडफोन और हाथ का कड़ा पाया गया। जिससे प्रतित होता हैं कि किसी अन्य लोगों ने प्रकाश की हत्या कर उसे फांसी के फंदे पर लटका दिया होंगा।

मौके पर पहुंची एसएफएल टीम ने जांच के उपरांत बैहर पुलिस ने शव का पंचनामा कार्यवाही के उपरांत शव बरामद कर शव का पीएम के पश्चात परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। मृतक के चाचा विनोद चौरठे ने बताया कि कम्पनी में काम करता था, आज सुबह नाला के पास में झाडिड़ों में प्रकाश का पैर बंधा हुआ हैं, मोबईल दुर हैं, अन्य किसी व्यक्ति का गमछा और हेड फोन पाया गया, जिससे हत्या कर फांसी के फंदे पर लटका दिया गया है। पुलिस को जांच करनी चाहिए। इधर, बैहर थाना प्रभारी जयंत मर्सकोले ने युवक के द्वारा आत्महत्या बताया है। उन्होने कहा कि बताया कि प्रथम दृष्या आत्महत्या प्रतित होती हैं, जांच उपरांत जो भी तथ्य सामने आएगे उसी आधार पर कार्यवाही की जायेगी।

# वनरक्षक स्व. हरकेश गुर्जर को दी गई भावपूर्ण श्रद्धांजलि

**कटंगी (स्वतंत्र मत)।** अपना कर्तव्य निभाते हुए वीरगति को प्राप्त होने वाले वनरक्षक स्व. हरकेश गुर्जर को वन परिक्षेत्र कटंगी के अमले ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। वन रक्षक को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शाम 04 बजे वन अमले ने कैंडल मार्च भी निकाला। गत दिवस 8 अप्रैल को मुरैना जिले के गेम रेंज अंबाह वनमंडल मुरैना में अवैध रेत खनन और परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए वन विभाग की एक 6 सदस्यीय गश्ती टीम रूटीन पेट्रोलिंग पर निकली थी। टीम चंबल नदी क्षेत्र से अवैध रूप से निकाली जा रही रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली



को रोकने का प्रयास कर रही थी। इस कार्रवाई के दौरान वनरक्षक हरकेश गुर्जर ने एक ट्रेक्टर को रोकने के लिए आगे बढकर संकेत दिया, लेकिन चालक ने ट्रैक्टर को वनरक्षक के ऊपर चड़ा दिया। जिससे वनरक्षक की मौके पर ही मौत हो गई। कटंगी वन परिक्षेत्र अधिकारी ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि वनरक्षक स्व. हरकेश गुर्जर का बलिदान हमारे समाज और पर्यावरण के लिए अमूल्य है। उन्होंने अपने पदेन दायित्व का निर्वहन करते हुए अपने प्राण न्योछावर किए, जो सच्चे कर्तव्यनिष्ठा और वीरता का प्रतीक है। वन विभाग ने वन रक्षक की हत्या करने वाले आरोपियों को कठोर सजा दिए जाने की मांग की है ताकि अपराधियों में कानून का डर रहे और भविष्य में इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति ना हो।

# पीएम स्वनिधि योजना से बदली जिंदगी : कैलाश बने आत्मनिर्भरता की मिसाल

**बालाघाट (स्वतंत्र मत)।** संकल्प, मेहनत और सरकारी योजनाओं के सही उपयोग से किस्मत कैसे बदल सकती है, इसका जीवंत उदाहरण वार्ड क्रमांक 10, कुम्हापरी मोहल्ला निवासी कैलाश भोण्डेसकर ने पेश किया है। कभी रोज़ी-रोटी के लिए संघर्ष करने वाले कैलाश आज एक सफल छोटे व्यवसायी के रूप में उभरकर सामने आए हैं।

कैलाश भोण्डेसकर वर्षों से पुलिस थाना वारासिवनी के सामने छोटी दुकान लगाकर जूते-चप्पल बनाने, मरम्मत करने और बैग सुधारने का काम करते थे। यही उनका पारंपरिक



व्यवसाय और परिवार की आय का मुख्य साधन था। लेकिन वर्ष 2020 में आई कोरोना महामारी और लॉकडाउन ने उनकी आर्थिक स्थिति को पूरी तरह प्रभावित कर दिया। दुकान बंद होने से आय का स्रोत खत्म हो गया और परिवार संकट में आ गया। इसी दौरान नगरपालिका परिषद वारासिवनी ने उन्हें पीएम स्वनिधी योजना की जानकारी दी। योजना के तहत बिना गारंटी आसान ऋण मिलने से उनके जीवन में नई उम्मीद जगी।

कैलाश ने योजना के तहत आवेदन किया और उन्हें चरणबद्ध तरीके से ऋण प्राप्त हुआ। नवंबर 2020 में 10 हजार रुपये का पहला ऋण मिला, जिससे उन्होंने दुकान दोबारा शुरू की। समय पर ऋण चुकाने पर दिसंबर 2024 में 20 हजार रुपये का दूसरा ऋण मिला, जिससे उन्होंने अपने व्यवसाय का विस्तार किया।



# अम्बेडकर जयंती पर नवोदय विद्यालय में विधिक जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, श्री प्रियदर्शन शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में मंगलवार को एक विशेष विधिक जागरूकता शिविर संपन्न हुआ। 14 अप्रैल को संविधान निर्माता, भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती के पावन अवसर पर, यह गरिमामय कार्यक्रम पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, उमरिया में आयोजित किया गया। शिविर का सफल नेतृत्व, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव, श्री मोहन डाबर, एवं द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड, श्री सरफराज खान द्वारा किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य वीरेंद्र राय एवं उनके विद्यालय का समस्त स्टाफ गरिमामयी रूप से उपस्थित रहा। संबोधन की कड़ी में, सचिव श्री मोहन डाबर ने श्न्याय सबके लिएश् के संकल्प को दोहराते हुए निशुल्क विधिक सहायता और शासन की विभिन्न लोक-कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा की।

## हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी का परीक्षा परिणाम घोषित

# हाई स्कूल एवं हा.से. का परीक्षा परिणाम क्रमशः 77.87 एवं 80.32 प्रतिशत रहा

### हाई स्कूल एवं हा.से. के परीक्षा परिणामों में क्रमशः 6 एवं 12 प्रतिशत की हुई वृद्धि

उमरिया (स्वतंत्र मत)।

बुधवार 15 अप्रैल को माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल व्दारा हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम 77.87 रहा, जबकि गत वर्ष हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम 72.27 था। इस वर्ष हाई स्कूल के परीक्षा परिणाम में 6 प्रतिशत की वृध्दि दर्ज हुई है। इसी तरह हायर सेकेण्डरी का परीक्षा परिणाम 80.32 रहा, जबकि गत वर्ष हायर सेकेण्डरी का परीक्षा परिणाम 68.44 था। इस वर्ष हायर



सेकेंडरी के परीक्षा परिणाम में 12 प्रतिशत वृध्दि हुई है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि हाई स्कूल कि परीक्षा परिणाम में वैष्णवी गुप्ता पिता अनुरूध्द प्रसाद गुप्ता नव ज्योति अकादमी उमावि मानपुर उमरिया ने 492 अंक अर्जित कर प्रदेश कि मेरिट सूची में आठवां स्थान, अर्पिता पिता संतोष कुमार व्दिवेदी शासकीय सांदीपनि माडल उमावि पाली ने 490 अंक अर्जित कर प्रदेश कि मेरिट सूची में दसवां स्थान, आराधना पिता लवकुश कुमार मेहरा स्कूल शासकीय सांदीपनि माडल उमावि पाली ने 490 अंक अर्जित कर प्रदेश कि मेटिर सूची में दसवा स्थान, स्वाति पिता मोतीलाल पटेल शासकीय हाई स्कूल पनपथा ने 490 अंक अर्जित कर प्रदेश कि मेरिट सूची में दसवां स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह हायर सेकेण्डरी में कार्तिक पिता पवन शर्मा नव ज्योति अकादमी उमावि मानपुर ने 490 अंक अर्जित कर प्रदेश कि मेरिट सूची में दूसरा स्थान प्राप्त किया है।



# कलेक्टर की अध्यक्षता में सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा बैठक संपन्न

**उमरिया (स्वतंत्र मत)।** बुधवार 15 अप्रैल को कलेक्टर उमरिया श्रीमती राखी सहाय की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों की खराब रैंकिंग एवं ग्रेडिंग पर कलेक्टर ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण एवं संतुष्टिपूर्वक निराकरण सुनिश्चित किया जाए।कलेक्टर श्रीमती सहाय ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे टीम भावना के साथ कार्य करते हुए सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करें।

उन्होंने कहा कि जैसे ही कोई प्रकरण प्राप्त हो, तत्काल प्रभाव से उस पर कार्यवाही प्रारंभ कर उसका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए।जल निगम की लंबित शिकायतों की समीक्षा के दौरान उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि शिकायतों के निराकरण में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ, तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।कलेक्टर ने निर्देश दिए कि विभाग अपनी ग्रेडिंग सुधारने के साथ-साथ रैंकिंग में भी सुधार लाने पर विशेष ध्यान दें। खाद्य विभाग की शिकायतों की समीक्षा करते हुए उन्होंने गैस रिफिलिंग से संबंधित समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम बना मील का पत्थर

### दिलीप पाण्डेय ने मोदी सरकार को दिया धन्यवाद

**उमरिया।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष श्री दिलीप पाण्डेय ने केंद्र सरकार द्वारा पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम को देश की महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी कदम बताया है। उन्होंने इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उनकी सरकार के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह अधिनियम न केवल महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाएगा, बल्कि उन्हें निर्णय लेने की प्रक्रिया में भी सशक्त भागीदारी सुनिश्चित करेगा।

श्री पाण्डेय ने अपने वक्तव्य में कहा कि भारत जैसे विशाल लोकतंत्र में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है, लेकिन लंबे समय तक उन्हें राजनीतिक प्रतिनिधित्व में अपेक्षित स्थान नहीं मिल पाया। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से अब संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को आरक्षण प्रदान कर उन्हें मुख्यधारा में लाने का एक सशक्त प्रयास किया गया है। यह कदम आने वाले समय में देश की राजनीति की दिशा और दशा दोनों को बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।



उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए अनेक योजनाएं और नीतियां लागू की हैं। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, उज्ज्वला योजना, स्वच्छ भारत मिशन और जन धन योजना जैसी पहलों ने महिलाओं के जीवन स्तर में व्यापक सुधार किया है। अब नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से महिलाओं को राजनीतिक अधिकार देकर उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में एक और मजबूत कदम उठाया गया है। श्री पाण्डेय ने यह भी कहा कि यह अधिनियम केवल एक कानून नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का माध्यम है। इससे समाज में महिलाओं के प्रति दृष्टिकोण में सकारात्मक बदलाव आएगा और उन्हें बराबरी का दर्जा देने की दिशा में ठोस पहल होगी। उन्होंने विश्वास जताया कि इस अधिनियम के लागू होने के बाद देश की राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी, जिससे नीतियों और निर्णयों में अधिक संवेदनशीलता और संतुलन देखने को मिलेगा।

उन्होंने विपक्ष पर भी निशाना साधते हुए कहा कि वर्षों तक सत्ता में रहने के बावजूद विपक्षी दल महिलाओं को समान अधिकार देने के इस महत्वपूर्ण कदम को उठाने में विफल रहे। जबकि मोदी सरकार ने अपने मजबूत संकल्प और इच्छाशक्ति के बल पर इस ऐतिहासिक निर्णय को साकार किया है। यह दर्शाता है कि सरकार महिलाओं के विकास और उनके अधिकारों को लेकर कितनी गंभीर और प्रतिबद्ध है। श्री पाण्डेय ने जिले की महिलाओं से अपील करते हुए कहा कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं और राजनीति में सक्रिय भागीदारी निभाएं। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं निर्णय लेने की प्रक्रिया में शामिल होंगी, तब समाज का समग्र विकास संभव हो सकेगा। महिलाओं की भागीदारी से न केवल पारदर्शिता बढ़ेगी, बल्कि जनहित के मुद्दों को भी अधिक प्राथमिकता मिलेगी।

अंत में, उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार को पुन: धन्यवाद देते हुए कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम आने वाले समय में भारत को एक सशक्त, समावेशी और संतुलित समाज बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह निर्णय देश की महिलाओं के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें नए अवसर प्रदान करेगा और भारत को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाने में सहायक सिद्ध होगा।

# अपने अपने क्षेत्र में टाइगर की मूवमेंट का रखें ध्यान : डिप्टी डायरेक्टर

**उमरिया (स्वतंत्र मत)।** क्षेत्र में इन दिनों महुआ बीनने का कार्य ग्रामीणों के द्वारा बेहद तेजी के साथ किया जा रहा है, और जंगल में आए दिन जंगली जानवरों की मूवमेंट बनी रहती है और बांधवगढ़ टाईगर रिजर्व होने के नाते बाघ की चहल कदमी भी बनी रहती है, जिनसे सर्तक रहने और सुरक्षित रहने के लिए स्वयं को जागरूक होना पड़ेगा। इसी तारतम्य में मानपुर परिक्षेत्र कार्यालय में डिप्टी डायरेक्टर बांधवगढ़ योहान कटारा ने बैठक लेकर रेंज में कार्य कर रहे वन कर्मियों को जंगल में अपनी चौकसी बढ़ाने के साथ साथ आग जनी पर भी विशेष ध्यान रखने की हिदायत दी गई। जंगल के भीतर ग्रामीण जन महुआ फूल बीनने जाते हैं तो उनको समझाइश देने का काम करें ,कि आसपास टाईगर की मूवमेंट है, जिसके कारण असमय होने वाली घटनाओं से बचा जा सकता है।

# विधायक मानपुर सुश्री मीना सिंह ने संवैधानिक मूल्यों पर चलने का किया आह्वान

### अंबेडकर जयंती के अवसर पर ग्राम चिल्हारी में किया गया प्रतिमा का अनावरण

उमरिया (स्वतंत्र मत)।

14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती के अवसर पर मानपुर विकासखंड के ग्राम चिल्हारी में भव्य कार्यक्रम आयोजित कर डॉ बी आर अम्बेडकर की प्रतिमा का अनावरण किया गया। इस अवसर पर विधायक मानपुर सुश्री मीना सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि बाबा साहब डॉ. आंबेडकर केवल संविधान निर्माता ही नहीं, बल्कि आधुनिक भारत के सामाजिक क्रांति के अग्रदूत थे। उन्होंने समाज में व्याप्त भेदभाव, अस्पृश्यता और असमानता के खिलाफ संघर्ष करते हुए शिक्षा को सबसे बड़ा हथियार बताया। विधायक ने कहा कि च्शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करोज्ज का उनका संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे बाबा साहब के विचारों को आत्मसात कर समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य करें तथा संविधान के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझें। एसडीएम सुश्री हरनीत कौर कलसी ने अपने उद्बोधन में डॉ. आंबेडकर की असाधारण कानूनी विशेषज्ञता और दूरदर्शिता पर



प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने भारतीय संविधान के माध्यम से हर वर्ग को समान अधिकार दिलाने की मजबूत नींव रखी। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं के अधिकार, शिक्षा और सम्मान के लिए किए गए प्रयासों को रेखांकित किया। एसडीएम ने कहा कि बाबा साहब का जीवन संघर्ष, परिश्रम और संकल्प का प्रतीक है, जो हमें विपरीत परिस्थितियों में भी आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।

कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके बताए मार्ग समानता, न्याय और बंधुत्वकृपर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष ओम नारायण सिंह (अन्नू भैया), जिला पंचायत सदस्य,जनपद सदस्य एवं जनपद सीईओ प्रत्यूष श्रीवास्तव सहित जनप्रतिनिधि व ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन गरिमामय वातावरण में हुआ।

# दिन दहाड़े ढाबे में चली थी गोली, बबलू पंडा हत्याकांड में 7 आरोपियों को उम्र कैद तो तीन साक्ष्य के अभाव में हुए बरी

मण्डला/निवास(स्वतंत्र मत)

मण्डला जिले के बहुचर्चित बबलू पंडा हत्याकांड में लगभग पांच वर्षों बाद न्यायालय ने महत्वपूर्ण निर्णय सुनाते हुए सात आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है जबकि तीन आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त कर दिया गया। यह फैसला अपर सत्र न्यायालय निवास द्वारा 15 अप्रैल को सुनाया गया जिसने इस सनसनीखेज मामले को एक निर्णायक मुकाम तक पहुंचाया। अपर सत्र न्यायाधीश प्रवीण कुमार सिन्हा ने सत्र प्रकरण क्रमांक 100/2021 में सुनवाई पूरी करने के बाद आरोपी आकाश सोनकर, रोहित सोनकर, अमित श्रीवास्तव, हनी उर्फ हिमांशु सोनकर, विशाल चक्रवर्ती, सौरभ सोनकर एवं सुखदेव उर्फ बाबा सोनकर को दोषी करार देते हुए कठोर सजा सुनाई। न्यायालय ने सभी दोषियों को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 सहपठित धारा 149 के तहत आजीवन कारावास एवं 5000-5000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। इसके अतिरिक्त धारा 148 के तहत 2 वर्ष का सश्रम कारावास और 1000 रुपये का जुर्माना तथा आयुध अधिनियम की धारा 25(1-बी) के अंतर्गत भी 2 वर्ष का सश्रम कारावास और 1000 रुपये का अर्थदंड लगाया गया। इस प्रकार कुल मिलाकर प्रत्येक दोषी पर 7000 रुपये का अर्थदंड







लगाया गया जबकि सभी आरोपियों पर कुल अर्थदंड 49,000 रुपये निर्धारित किया गया। वहीं नीरज सोनकर, कैलाश उर्फ दस्सू यादव और सुमित उर्फ सिद्धार्थ यादव को न्यायालय ने सभी आरोपों से बरी कर दिया। यह मामला 12 अगस्त 2021 का है जब जबलपुर निवासी संदीप सिंह ठाकुर ने थाना बीजाडांडी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। संदीप मृतक दिलीप सिंह भदौरिया उर्फ बबलू पंडा के यहां ड्राइवर का काम करता था। रिपोर्ट के अनुसार घटना वाले दिन वह बबलू पंडा को उनके घर बिलहरी से एक अन्य साथी के साथ कृषि फार्म लेकर गया था। वहां से शाम लगभग 7:30 बजे वे लोग ग्राम उदयपुर स्थित दशमेश ढाबा पहुंचे। ढाबे पर बबलू पंडा अपने परिचितों के साथ बैठे थे और शराब पी रहे थे। वहां अन्य कर्मचारी और ग्राहक भी मौजूद थे। माहौल सामान्य था लेकिन रात लगभग 9:30 बजे अचानक हालात बदल गए। रिपोर्ट के अनुसार ढाबे के पीछे के दरवाजे से दो लोग अंदर आए जिनकी पहचान बाद में आकाश सोनकर और अमित श्रीवास्तव के रूप में हुई। आकाश के हाथ में कट्टा था जबकि अमित के पास 12 बोर की बंदूक थी। उनके साथ 3-4 अन्य लोग भी थे जिन्होंने अपने चेहरे ढके हुए थे और दीवार के पास खड़े हो गए। आते ही आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और बिना किसी चेतावनी के बबलू पंडा पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं। अचानक हुई इस फायरिंग से ढाबे में भगदड़ मच गई। बबलू पंडा गंभीर रूप से घायल होकर तख्त पर ही गिर पड़े। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार उनके शरीर के कई हिस्सों गर्दन, पेट और अन्य स्थानों पर गोलियों के निशान थे। घटना के दौरान मौजूद संदीप सिंह ठाकुर ने अपने बयान में बताया कि जब आरोपियों ने गोलीबारी की तब वह बबलू पंडा के पास ही खड़ा था। उसने बताया कि आकाश सोनकर ने उसके माथे पर पिस्टल तान दी। जान बचाने के लिए उसने पिस्टल को झटका देकर खुद को छुड़ाया और मौके से भाग निकला। भागते समय आरोपियों ने उस पर भी गोलियां चलाईं जिससे उसकी जान खतरे में पड़ गई थी। वह किसी तरह पावर हाउस की ओर भागा और वहां से बबलू पंडा के भाई और बेटे को फोन कर घटना की जानकारी दी। कुछ समय बाद जब वह वापस लौटा तब तक बबलू पंडा की मौत हो चुकी थी और उनकी लाश ढाबे में तख्त पर पड़ी थी। प्राथमिक जांच और गवाहों के बयानों के आधार पर यह सामने आया कि हत्या का मुख्य कारण पैसों का लेनदेन था। आरोपियों और मृतक के बीच आर्थिक विवाद चल रहा था जो समय के साथ गंभीर हो गया। इसी रंजिश के चलते आरोपियों ने सुनियोजित तरीके से इस वारदात को अंजाम दिया। घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना बीजाडांडी पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मामले को जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा सनसनीखेज श्रेणी में रखा गया और इसकी जांच प्राथमिकता से कराई गई। तत्कालीन थाना प्रभारी राजेन्द्र बर्मन के नेतृत्व में पुलिस टीम ने साक्ष्य जुटाए आरोपियों की पहचान की और उन्हें गिरफ्तार किया। जांच पूरी होने के बाद न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया गया। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने प्रत्यक्षदर्शियों के बयान मेडिकल रिपोर्ट, फोरेंसिक साक्ष्य और अन्य दस्तावेजी प्रमाण प्रस्तुत किए। अभियोजन ने यह सिद्ध किया कि सभी दोषी एक साझा उद्देश्य के तहत एकत्र हुए थे और उन्होंने मिलकर हत्या की घटना को अंजाम दिया। न्यायालय ने साक्ष्यों और तर्कों का गहन परीक्षण करने के बाद यह पाया कि सात आरोपियों के खिलाफ पर्याप्त और ठोस साक्ष्य मौजूद हैं जिसके आधार पर उन्हें दोषी ठहराया गया। वहीं तीन आरोपियों के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य न होने के कारण उन्हें संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया गया। इस मामले में शासन की ओर से अभियोजन संचालन सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी श्रीमती उज्ज्वला उईके द्वारा किया गया। प्रकरण की विवेचना में तत्कालीन थाना प्रभारी राजेन्द्र बर्मन की भूमिका महत्वपूर्ण रही। इसके अलावा उप निरीक्षक पंकज विश्वकर्मा ने भी जांच और सुनवाई के दौरान सक्रिय सहयोग दिया। साक्षियों को न्यायालय में उपस्थित कराने के लिए एम.आर. 334 सौदामिनी लोधी, थाना बीजाडांडी की भूमिका सराहनीय रही। आरक्षक क्रमांक 297 रोशनलाल सिंगरौरे ने समंस और वारंट की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वहीं अभियोजन कार्य में सहायक ग्रेड-3 नंद किशोर साहू का सहयोग भी उल्लेखनीय रहा।

## कांग्रेस ने मनाई अंबेडकर जयंती

**मण्डला/मवई(स्वतंत्रमत)**। जिले के मवई स्थित बड़ चौराहा में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मवई द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती श्रृद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब के तैल्यचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी सचिव शशिकांत साहू, ठाकुर राम केराम, मंडलम अध्यक्ष राकेश साहू, नसीम खान, लखन चक्रवर्ती, युवा नेता संतोष करैया, युवा कांग्रेस अध्यक्ष मवई राकेश श्याम, राकेश रजक, सोहेल खान, लक्ष्मण गोयल सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## तीन स्थायी वारंटियों की गिरफ्तारी

**मण्डला(स्वतंत्रमत)**। पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन में जिले में फरार एवं स्थायी वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु विशेष अभियान लगातार चलाया जा रहा है इसी क्रम में दिनांक 15 को हिरदेनगर चौकी प्रभारी हरछठ ठाकुर के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा लंबे समय से फरार चल रहे वारंटियों की तलाश कर उन्हें विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। गिरफ्तार स्थायी वारंटी में मनीष जांघेला पिता अर्जुन लाल जांघेला, उम्र 25 वर्ष, निवासी ग्राम कोसम घाट, पंजू उर्फ रिंकू भैना पिता भागवत भैना, उम्र 30 वर्ष, निवासी ग्राम बकौरा तथा देव कुमार सिंगौर पिता राखीलाल सिंगौर, उम्र 33 वर्ष, निवासी ग्राम सेमरखापा शामिल हैं।

## रमपुरी में मनाई अम्बेडकर जयंती

**मण्डला(स्वतंत्रमत)**। जनपद पंचायत नैनपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत रमपुरी में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर खंड स्तरीय समारोह गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों अधिकारियों एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन की सक्रिय सहभागिता रही कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे द्वारा बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। जनपद पंचायत नैनपुर के सीईओ विनोद मरावी ने शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए विशेष रूप से नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम पर प्रकाश डाला और महिलाओं को सशक्त बनने के लिए प्रेरित किया।

## जगनाथर में अम्बेडकर जयंती

**मण्डला(स्वतंत्रमत)**। मप्र जन अभियान परिषद विकासखण्ड बिछिया राजेंद्र चौधरी जिला समन्वयक की उपस्थिति में ग्राम पंचायत जगनाथर में डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई जयंती के अवसर पर चौपाल चर्चा की गई जिसमें उपस्थित जनों ने डॉ. साहब की जीवनी पर अपने अपने वक्तव्य रखे डॉ. साहब के विचारों को अपने जीवन में उतारने पर महत्व दिया जाए सामाजिक समरसता शिक्षा महिला अधिकार पर्यावरण संरक्षण विषयों पर चर्चा कर मार्गदर्शन दिया गया।

## रानी दुर्गावती कॉलेज में कार्यक्रम

**मण्डला(स्वतंत्रमत)**। रानी दुर्गावती शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए बाबा साहब के जीवन विचारों और उनके योगदान पर प्रेरक उद्बोधन दिया। कलेक्टर ने कहा कि संविधान का शब्दश: पालन ही बाबा साहब को सच्ची श्रृद्धांजलि है। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बाबा साहब के प्रसिद्ध कथन शिक्षा वह शेरनी का दूध है, जो पियेगा वह दहाड़ेगा को दोहराया और कहा कि आज आवश्यकता है कि हम इन विचारों को केवल पढ़ें ही नहीं, बल्कि अपने जीवन में आत्मसात करें।

## सरसवाही में धूमधाम से मनाई गई जयंती



**मण्डला/निवास(स्वतंत्रमत)**। जनपद पंचायत निवास की ग्राम पंचायत सरसवाही में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर खंड स्तरीय समारोह आयोजित किया गया कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों अधिकारियों एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन की सक्रिय सहभागिता रही। डॉ अंबेडकर जयंती समारोह आकर्षण का केंद्र बना करंजिया गुदम पार्टी वहीं यहां पर डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित की गई यहां पर देर शाम तक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रैली करमा पार्टी सैला एवं स्थानीय बच्चों के द्वारा भी दी गई प्रस्तुति ने सभी का मनमोह लिया। विधायक चैनसिंह वरकडे ने प्रोत्साहन राशि प्रदान की। कार्यक्रम ग्राम पंचायत सरसवाही के द्वारा आयोजित किया गया जिसमें ज्योति मार्को सरपंच के अध्यक्षता, चैनसिह वरकडे विधायक निवास, घनश्याम सूर्यवंशी उपाध्यक्ष, निवास हुए शामिल एवं समस्त ग्राम पंचायत सरसवाही के जनप्रतिनिधि समाजसेवी चमन चौधरी, नैन मरावी, रमेश भवेदी आनंद झारिया, श्याम सुंदर झारिया रामलाल परस्ते बादी परस्ते कार्यक्रम का संचालन लक्ष्मण पिटानिया सचिव ग्राम पंचायत सरसवाही के द्वारा किया गया।

## किसानों ने ली सदस्यता, मिलेगा लाभ

मण्डला(स्वतंत्र मत)

मध्यप्रदेश शासन द्वारा घोषित कृषक कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत सहकारिता विभाग एवं अपेक्स बैंक के निर्देशन अनुसार नवीन सदस्यता अभियान 14 अप्रैल से 15 मई तक चलाया जा रहा है। जिसके चलते डॉ. भीमराव अंबडेकर की जयंती के अवसर पर बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित मलारा में 14 अप्रैल को जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित मण्डला एवं सहकारिता विभाग मण्डला के संयुक्त तत्वाधान में 87 पैक्स समिति में सदस्यता महाअभियान कार्यक्रम का शुभांरभ





किया गया। इस अवसर पर अरुण मसराम उपायुक्त सहकारिता, सुश्री साक्षी पंद्राम मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्या, बैंक शाखा प्रबंधक, समिति के प्रशासक, प्रबंधक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे इसी तारतम्य में उपस्थित हितग्राहियों को सदस्यता आवेदन एवं किसान क्रेडिट कार्ड वितरण किए गए। इस दौरान सदस्यता लेने वाले कृषकों ने अपने विचार व्यक्त किए मध्यप्रदेश शासन द्वारा घोषित कृषक कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत नवीन सदस्यता अभियान 14 अप्रैल से 15 मई तक प्रत्येक बहुउद्देशीय कृषि साख सहकारी समितियों में महाअभियान चलाते हुए जिले के पात्र किसानों को समिति का सदस्य बनाया जायेगा।

## किसानों के गेहूं की सैंपल जांच

**मण्डला(स्वतंत्रमत)**। उपार्जन वर्ष 2026-27 के तहत नैनपुर क्षेत्र में किसानों के गेहूं का निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम एवं शाखा प्रबंधक वेयरहाउसिंग नैनपुर द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। निरीक्षण के दौरान किसानों के गेहूं के सैंपल लिए गए। अधिकारियों ने बताया कि कुछ किसानों का गेहूं हाल ही में हुई वर्षा के कारण चमकविहीन पाया गया है। ऐसे मामलों में गुणवत्ता की पुष्टि के लिए सैंपल एकत्रित किए गए हैं प्राप्त सैंपलों को चमक विहीन छूट के लिए मुख्यालय भोपाल एवं एफसीआई को भेजा जाएगा ताकि किसानों को उचित समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय में किसी प्रकार की परेशानी न हो। अधिकारियों ने किसानों को सलाह दी कि वे अपने गेहूं को सुरक्षित एवं सूखे स्थान पर रखें जिससे गुणवत्ता बनी रहे और उपार्जन प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाधा न आए।

## कृति ने प्रदेश में बनाया दसवां स्थान



**मण्डला(स्वतंत्र मत)**। बुधवार को मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित किए गए। एक बेटी ने पूरे जिले का नाम रोशन किया है। होनहार छात्रा कृति साहू ने 12वीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पूरे प्रदेश में 10वां स्थान प्राप्त किया है। कृति ने 500 में से 483 अंक अर्जित कर न केवल अपने परिवार बल्कि जिले और प्रदेश का नाम भी रोशन किया है। कृति गणित संकाय की छात्रा हैं और उनकी यह सफलता कठिन परिस्थितियों में हुई है। सीमित संसाधनों के बीच पढ़ाई जारी रखना भी किसी चुनौती से कम नहीं था। वहीं एक सराहनीय पहल के तहत भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने कृति की आर्थिक स्थिति को देखते हुए उसकी स्कूल फीस निरंतर देते रहे। उनके इस सहयोग और प्रोत्साहन ने कृति को आगे बढ़ने की प्रेरणा दी जिसका परिणाम आज पूरे प्रदेश के सामने है। कृति की इस उपलब्धि पर उनके परिवार में खुशी का माहौल है।

## नवागत कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे का नैनपुर दौरा

**नैनपुर (स्वतंत्र मत)**। मंडला जिले के नवागत कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे ने कार्यभार ग्रहण करने के दूसरे ही दिन सक्रियता दिखाते हुए नैनपुर क्षेत्र का दौरा किया। अपने पहले दौरे में उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों के धान उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण किया तथा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने किसानों को मिलने वाली सुविधाओं, तौल व्यवस्था, भंडारण और पारदर्शिता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। दौरे के दौरान कलेक्टर श्री धोटे नैनपुर के शासकीय अस्पताल भी पहुंचे, जहां उन्होंने लगभग एक घंटे तक विभिन्न विभागों का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल की साफ-सफाई, मरीजों की स्थिति, उपलब्ध दवाइयों



का स्टॉक, मरीजों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता तथा चिकित्सकों और स्टाफ की कार्यप्रणाली का विस्तार से मूल्यांकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाई गई कमियों को गंभीरता से लेते हुए सुधारात्मक दिशा-निर्देश जारी किए। कलेक्टर श्री धोटे ने कहा कि यह उनका प्रारंभिक दौरा है और इसमें जो भी कमियां सामने आई हैं, उन्हें शीघ्र दूर करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि आगामी दौरे में इन निर्देशों के पालन की समीक्षा की जाएगी और लापरवाही पाए जाने पर आवश्यक कार्रवाई भी की जाएगी। अस्पताल निरीक्षण के बाद कलेक्टर एसडीएम कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने खंड स्तरीय विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर विभिन्न योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षा की।


### नाम सुधार सूचना

**सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि मैं विभा खान पति वाहिद अली उम्र 48 वर्ष, निवासी वार्ड नंबर 3 नर्मदा जी वार्ड मण्डला जिला मण्डला की मूल निवासी हूं। यह कि विवाह के पूर्व मेरा नाम विभा श्रीवास पिता श्री दीवान श्रीवास था चूंकि मेरा विवाह दिनांक 27/02/1999 को नर्मदा जी वार्ड मण्डला निवासी वाहिद अली के साथ हो गया है अत: विवाह पश्चात मैं अपना नाम विभा खान पति वाहिद अली लिखने लगी हूं तथा मेरे आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र एवं अन्य शासकीय दस्तावेजों में भी मेरा नाम विभा खान पति वाहिद अली दर्ज है जो सही है। अत: जहां कहीं भी मेरा पूर्व का नाम विभा श्रीवास पिता श्री दीवान श्रीवास दर्ज हो उसके स्थान पर मेरा वर्तमान नाम विभा खान पति वाहिद अली पढ़ा लिखा एवं समझा जावे मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाता है इस बात की मैं शपथ करती हूं।**

**सही नाम**
**विभा खान पति वाहिद अली**
**पुराना नाम**
**विभा श्रीवास पिता श्री दीवान श्रीवास**
**शपथकर्ता**
**विभा खान पति वाहिद अली**
**निवासी वार्ड नंबर 3 नर्मदा जी वार्ड मण्डला**


## ज्ञान ज्योति विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने जिला प्रावीण्य सूची में अपना स्थान बनाया

नैनपुर (स्वतंत्र मत)

नैनपुर विकास समिति द्वारा संचालित ज्ञान ज्योति हायर सेकेण्डरी स्कूल नैनपुर से माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्य प्रदेश भोपाल द्वारा आयोजित हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा वर्ष 2025-26 का परीक्षाफल इंटरनेट से प्राप्त जानकारी के अनुसार शत् प्रतिशत रहा। जिला प्रावीण्य सूची में कक्षा 12वीं अंग्रेजी माध्यम में छात्रा अनुष्का अग्रवाल पिता जयप्रकाश अग्रवाल गणित संकाय में (96.4त्न) अंक लेकर प्रथम स्थान, छात्रा साक्षी साहू पिता संतकुमार साहू एवं हर्ष बंदेवार पिता दिलीप बंदेवार वाणिज्य संकाय में (95त्न) अंक लेकर प्रथम स्थान और छात्रा श्वेता केवट पिता संजीव केवट एवं छात्रा आस्था अग्रवाल पिता उमेश अग्रवाल वाणिज्य संकाय में (94.8त्न) अंक लेकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार कक्षा 10वीं अंग्रेजी माध्यम में छात्रा याग्ना अहिरवार पिता बैजनाथ अहिरवार और छात्रा अनामिका झारिया पिता संतोष झारिया ने (97.4त्न) अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय





नगर एवं जिले का नाम गौरवान्वित किया है। नैनपुर विकास समिति द्वारा प्रतिवर्ष कक्षा दसवीं एवं बारहवीं में म. प्र. प्रावीण्य सूची में आने वाले छात्र-छात्राओं को 50 हजार रूपये एवं जिला प्रावीण्य सूची में आने वाले छात्र-छात्राओं को 10 हजार रूपये तथा कक्षा पाँचवीं और आठवीं के प्रावीण्य सूची में आने वाले छात्र-छात्राओं को 5 हजार रूपये की छात्रवृत्ति की राशि प्रदान की जाती हैं। विद्यालय का परीक्षा परिणाम कक्षा 12वीं अंगेजीं माध्यम का कुल परीक्षा परिणाम शत् प्रतिशत रहा। जिसमें अंग्रेजी माध्यम में कुल 96 छात्र-छात्राओं में से 94 प्रथम श्रेणी और 02 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुये। और कक्षा 12वीं हिन्दी माध्यम का परीक्षा परिणाम भी शत् प्रतिशत रहा। जिसमें कुल 14 छात्र छात्राएँ प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुये। इसी प्रकार कक्षा 10वीं अंगेजीं एवं हिन्दी माध्यम का परीक्षा परिणाम शत् प्रतिशत रहा। जिसमें अंग्रेजी माध्यम में कुल 111 छात्र-छात्राएँ प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुये और हिन्दी माध्यम में भी 23 छात्र-छात्राओं में से प्रथम श्रेणी में 22 एवं द्वितीय श्रेणी में 01 छात्र उत्तीर्ण हुआ। इसी प्रकार कक्षा 5वीं एवं 8वीं अंग्रेजी एवं हिन्दी दोनों माध्यम का परीक्षा परिणाम शत् प्रतिशत रहा। और कक्षा 5वीं में कुल 200 विद्यार्थी और 8वीं में कुल 175 विद्यार्थी सभी छात्र छात्राएँ प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। संस्था अध्यक्ष बेनीश्याम खण्डेलवाल, उपाध्यक्ष सत्यनारायण खण्डेलवाल, सचिव जीवन लाल साहू, उपसचिव डॉ. राजेन्द्र पाठक एवं कोषाध्यक्ष बंशीधर अग्रवाल ने समिति की ओर से तथा संस्था प्राचार्य प्रवीण नायडू ने शाला परिवार की ओर से सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों में हाई एवं हायर प्रभारी एस. एन. अय्यर, माध्यमिक प्रभारी एम. एम. जायसवाल, बी. एल. देशमुख, दुर्गा प्रसाद साहू, श्रीमति रेखा रजक, श्रीमति संजु सिंह द्विवेदी, कु. जुई रानी शील, श्री राजेश मिश्रा, शशिकांत दुबे, प्रदीप यादव, रंजीत नागवंशी, श्रीमति शिल्पी पीपरे, सी.एच. रामाराव एवं कु. विजीया राव, योगेश राजपूत को धन्यवाद प्रेषित किया।

## होनहार छात्र यमुना ने बढ़ाया मान

**मण्डला(स्वतंत्रमत)**। अमल ज्योति हायर सेकेण्डरी स्कूल महाराजपुर की होनहार छात्रा यमुना सिरश्याम जो कि समाजसेवी सुरेन्द्र सिंह सिरश्याम की पुत्री हैं ने हाल ही में घोषित कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में 64.2 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय एवं अपने परिवार का नाम रोशन किया है। यमुना ने कुल 500 अंकों में से 321 अंक प्राप्त कर अपनी मेहनत लगन और अनुशासन का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय में खुशी का माहौल है। विद्यालय के शिक्षकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि यमुना शुरू से ही एक अनुशासित मेहनती और प्रतिभाशाली छात्र रहा है उसकी यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक है। बता दें यमुना ने कभी हार नहीं मानी और लगातार मेहनत व लगन के बल पर यह मुकाम हासिल किया। कृति की इस सफलता के पीछे उनके परिजनों के साथ-साथ विद्यालय के शिक्षकों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है जिन्होंने हर कदम पर उनका मार्गदर्शन किया।


### कार्यालय नगरपालिका परिषद नैनपुर जिला मण्डला (म.प्र.)

Office of Municipal Council Nainpur, District-Mandla (MP) Phone No 07646 240306 Email : cmonanpur@gmail.com.in

NIT No. 56/PWD/NP/2026 — नैनपुर, Dtd. 09/04/2026

### तृतीय निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविद की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 01 | 2025_UAD_396730_3 दिनांक 13.04.2026 | वार्ड क्र. 02 गैरिज के उपर सभागृह निर्माण कार्य (3rd Call) | 06 Month 15,30,869/- | 2,000/- 11,500/- | 29.04.2026 |
| 02 | 2025_UAD_455375_3 दिनांक 13.04.2026 | वार्ड क्र. 01 में नसीर कबाड़ी से शिव मंदिर तक रिन्यूवल कोट कार्य (3rd Call) | 02 Month 5,43,132/- | 2,000/- 5,500/- | 29.04.2026 |

शर्त- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, नैनपुर**

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगरपालिका परिषद, नैनपुर**

संपादकीय

## कूटनीति की सीमाएं

अमेरिका-ईरान के बीच चल रहे जंग को रोकने पाकिस्तान द्वारा मध्यस्थ की भूमिका निभाने का प्रयास उसकी महत्वाकांक्षा और आवश्यकता, दोनों को दर्शाता है। आंतरिक राजनीतिक अस्थिरता और आर्थिक संकट से जूझ रहे इस देश के लिए कूटनीति अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रासंगिकता पुन: स्थापित करने का एक साधन है। उच्च-स्तरीय वार्ताओं की मेजबानी करके और बैकचैनल संवाद को प्रोत्साहित कर इस्लामाबाद ने वैश्विक ध्यान आकर्षित करने में सफलता तो हासिल की, लेकिन ठोस परिणाम देने में असफल रहा। यह भूमिका उसके लिए नई नहीं है। 1971 में अमेरिका-चीन निकटता के दौरान हेनरी किसिंजर की गुप्त बीजिंग यात्रा, जिसे याह्या खान ने संभव बनाया, और जिसने आगे चलकर रिचर्ड निक्सन की ऐतिहासिक चीन यात्रा का मार्ग प्रशस्त किया, इसका प्रमुख उदाहरण है। इसके अलावा, पाकिस्तान ने अमेरिका और तालिबान के बीच वार्ताओं में भी मध्यस्थ की भूमिका निभाई थी।

हालांकि, इस बार स्थिति कहीं अधिक जटिल है। शीत युद्ध के दौर की अपेक्षाकृत स्पष्ट रणनीतिक पुनर्संरचना के विपरीत, अमेरिका-ईरान संघर्ष क्षेत्रीय प्रतिद्वंदिताओं, वैचारिक टकरावों और सुरक्षा चिंताओं के जटिल जाल में उलझा हुआ है। यहां तक कि संघर्ष विराम की परिभाषा भी सभी पक्षों के लिए अलग-अलग है। ऐसे परिदृश्य में पाकिस्तान की भूमिका सीमित रहना तय था-वह एक सुगमकर्ता तो बन सकता था, लेकिन निर्णायक मध्यस्थ नहीं। इस्लामाबाद में हुई वार्ता की विफलता, जिसमें जेडी वेंस को लंबी बातचीत के बाद लौटना पड़ा, मुख्यत: ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर गहरे मतभेदों का परिणाम थी। होर्मुज जलडमरूमध्य इस पूरे संकट का केंद्र है। अस्थायी संघर्ष विराम ने इस मार्ग के फिर से खुलने की उम्मीद जगाई थी, लेकिन व्यापक समझौते के अभाव में यह अनिश्चित बना हुआ है। इससे स्पष्ट होता है कि क्षेत्रीय संघर्ष अब वैश्विक आर्थिक स्थिरता से गहराई से जुड़े हुए हैं।

इस परिप्रेक्ष्य में चीन की भूमिका भी महत्वपूर्ण है, हालांकि अक्सर उसे गलत तरीके से समझा जाता है। बीजिंग के 'सक्रिय प्रयास' वास्तव में भू-राजनीतिक महत्वाकांक्षा से अधिक आर्थिक व्यावहारिकता से प्रेरित हैं। एक निर्यात-आधारित अर्थव्यवस्था होने के कारण, जो खाड़ी क्षेत्र से ऊर्जा आयात पर निर्भर है, चीन के लिए क्षेत्रीय स्थिरता अत्यंत महत्वपूर्ण है। ऊर्जा कीमतों में वृद्धि और व्यापार मार्गों में बाधा उसके आर्थिक विकास के लिए गंभीर चुनौती बन सकती है। इसके बावजूद, चीन ने प्रत्यक्ष मध्यस्थ की भूमिका निभाने से परहेज किया है। उसने संवाद को प्रोत्साहित करने, पाकिस्तान जैसे देशों का समर्थन करने और किसी एक पक्ष के साथ खुलकर खड़े होने से बचने की रणनीति अपनाई है। यह दृष्टिकोण चीन की व्यापक विदेश नीति को दर्शाता है। पाकिस्तान के लिए यह घटनाक्रम अवसर और सीमा, दोनों को उजागर करता है। एक ओर, उसने अमेरिका और ईरान जैसे प्रतिद्वंदियों को बातचीत की मेज पर लाकर अपनी कूटनीतिक क्षमता का प्रदर्शन किया है। दूसरी ओर, ठोस परिणाम न निकाल पाने से यह भी स्पष्ट हो गया कि उसकी प्रभाव क्षमता सीमित है। बिना पर्याप्त आर्थिक या सैन्य शक्ति के, वह केवल संवाद की सुविधा दे सकता है, उसे दिशा नहीं दे सकता। इस पूरे घटनाक्रम का निहितार्थ यह है कि वैश्विक कूटनीति का स्वरूप बदल रहा है। जैसे-जैसे बड़ी शक्तियां अपनी-अपनी प्रतिस्पर्धाओं में उलझी हैं, मध्य शक्तियों के लिए अवसर बढ़ रहे हैं। पर यह जरूरी नहीं कि वे संघर्षों का समाधान भी कर सकें।

# बंगाल को चाहिए आर्थिक नवजागरण

शिवकांत शर्मा

स्वतंत्रता सेनानी गोपाल कृष्ण गोखले ने कहा था, भारत जो कल सोचता है उसे बंगाल आज सोच लेता है। उनकी यह उक्ति स्वतंत्रता के समय के पश्चिम बंगाल के लिए सटीक थी। बंगाल सांस्कृतिक और सामाजिक नवजागरण के साथ-साथ देश के औद्योगिक और आर्थिक विकास का भी केंद्र था और कलकत्ता (अब कोलकाता) उसकी मुकुटमणि था। स्वतंत्रता के समय उद्योग और व्यापार का सबसे बड़ा केंद्र कलकत्ता ही था, जिसकी जीडीपी शंघाई के बराबर थी और औसत आय उससे भी अधिक। देश की एक चौथाई वस्तुओं का उत्पादन अकेले बंगाल में होता था और देश की जीडीपी में सबसे बड़ा योगदान बंगाल का ही था, लेकिन स्वतंत्रता के बाद और खासकर साठ के दशक के बाद बंगाल और कलकत्ता की किस्मत ने ऐसी पलटी खाई कि आज इस राज्य में तीन प्रतिशत से भी कम वस्तुएं बनती हैं और जीडीपी में उसका योगदान घटकर केवल 5.6 प्रतिशत रह गया है। प्रति व्यक्ति आय में भी वह पहले स्थान से फिसलकर 21वें पायदान पर चला गया है। राज्यों के मानव विकास सूचकांक में भी वह 22वें से 25वें पायदान पर है। ओडिशा भी उससे आगे निकल चुका है। इस पतन का असली कारण बंगाल की राजनीति, आर्थिक विषमता और कानून व्यवस्था में छिपा है, जिसे राज्य सरकारों ने लगातार नजरअंदाज किया है।



बढ़ती आर्थिक विषमता के कारण साठ के दशक से ही नक्सलबाड़ी के हिंसक आंदोलन का दौर शुरू हो गया, जिस पर अंकुश लगाने में राज्य और केंद्र सरकारें, दोनों विफल रहीं। इससे कानून व्यवस्था भंग हुई और राज्य अर्थव्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले छोटे और मझोले कारोबारों ने परेशान होकर बड़ी संख्या में पलायन शुरू किया। सत्तर का दशक आते-आते मजदूर संगठनों के सिंडिकेट बनने शुरू हुए, जिन्होंने बड़े उद्योगों को हड़तालों और घेराव से परेशान करना शुरू किया। उनके डर से नए पूंजी निवेशकों का आना तो दूर, पहले से जमे बड़े उद्योग घरानों ने भी कोलकाता से अपने कारोबार समेटने शुरू कर दिए।

टाटा और बिड़ला के कारोबारी मुख्यालय मुंबई चले गए और एंबेसडर कार बनाने वाली हिंदुस्तान मोटर्स से लेकर डनलप टायर तक हुगली के किनारे लगे कारखाने एक-एक करके बंद होते गए। सत्तर का दशक दुनिया भर में मजदूर आंदोलनों का दशक था। भारत में कोलकाता ही नहीं, अहमदाबाद और मुंबई के कारखानों के मजदूर भी हड़ताल, घेराव और आंदोलन कर रहे थे। इसी दौर में बंगाल की जनता ने वाम मोर्चे को भारी जनादेश दिया और ज्योति बसु मुख्यमंत्री बने। वे 23 साल मुख्यमंत्री रहे। उनकी और उनके बाद 11 साल तक मुख्यमंत्री रहे बुद्धदेव भट्टाचार्य की सरकारों की प्राथमिकता निजी पूंजी निवेश को बढ़ावा देकर उद्योग और रोजगार पैदा करने और उससे बढ़े राजस्व को सामाजिक न्याय के कार्यों में लगाने के बजाय सरकारी नियंत्रण और पुनर्वितरण की रही।

यह वही दौर था, जब चीन की कम्युनिस्ट पार्टी माओ की सरकारी नियंत्रण और पुनर्वितरण की नीतियों से हुई बर्बादी से सबक सीखकर विदेशी पूंजी निवेश से औद्योगीकरण की तरफ बढ़ रही थी। इसके दस साल बाद सोवियत संघ भी सत्तर साल की सरकारी नियंत्रण और पुनर्वितरण की नीतियों की नाकामी से भंग हुआ और रूस निजी उद्योगों की तरफ बढ़ा, लेकिन देश से एक दिन आगे देखने वाले बंगाल को यह सब दिखाई नहीं दिया। भुगतान संकट से विवश होकर भारत सरकार ने भी 1991 में आर्थिक उदारीकरण की नीतियां अपनाईं, जिनका लाभ उठाकर कर्नाटक, तेलंगाना, तमिलनाडु, दिल्ली, गुजरात और हरियाणा जैसे राज्यों ने तेजी से औद्योगीकरण शुरू किया, पर बंगाल के लोग पलायन करते कारोबारों और घटती औसत आय देखकर भी चुनाव-दर-चुनाव उन्हीं सरकारों को चुनते रहे, जो राज्य की अर्थव्यवस्था को चौपट कर रही थीं।

सात बार वाममोर्चा सरकारें चुनने के बाद बंगाल के लोगों ने 2011 में तृणमूल कांग्रेस को जनादेश दिया और ममता बनर्जी मुख्यमंत्री बनीं। यह स्पष्ट नहीं था कि उनकी पार्टी को उद्योगों को आकर्षित करने के लिए जनादेश मिला था या उन्हें राज्य से भगाने के लिए, क्योंकि बंगाल की राजनीति में उनका सिक्का ही टाटा उद्योग समूह को नैनो कार का कारखाना लगाने के लिए सिंगूर में दी गई जमीन के विरोध में भड़के आंदोलन का नेतृत्व करने की वजह से जमा था। ममता के 15 साल लंबे शासनकाल में भी राज्य से उद्योगों का पलायन जारी रहा और लगभग 6800 छोटी-बड़ी कंपनियों ने पलायन किया, जिसके कारण कर्ज का बोझ जीडीपी की तुलना में 38 प्रतिशत की सीमा पार कर गया। आज राज्य के बजट का 56 प्रतिशत केवल कर्ज का ब्याज चुकाने, वेतन और पेंशन देने में खर्च हो रहा है।

बजट का 46 प्रतिशत जनकल्याण योजनाओं और वोट बैंक बनाने के लिए शुरू की गई लाभार्थी योजनाओं पर खर्च हो रहा है, जिसे कर्ज लेकर पूरा किया जाता है। इसलिए बुनियादी ढांचा सुधारने और औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए सरकार के पास कुछ नहीं बचता। आर्थिक नीतियों में आमूलचूल सुधार किए बिना यह स्थिति बहुत लंबे समय तक नहीं चल सकती। बंगाल की भौगोलिक स्थिति बेजोड़ है। उसके पास देश का सबसे पुराना बंदरगाह है और पूर्वोत्तर भारत के साथ-साथ नेपाल और भूटान का समुद्री व्यापार भी उसी के जरिये होता है। उसके पास खनिज संपदा, समृद्ध विरासत और कोलकाता जैसा औद्योगिक केंद्र है, फिर भी वह देश के विकास का इंजन नहीं बन पाया।

बंगाल को विकास का इंजन बनाए बिना न पूर्वी भारत का विकास हो सकता है और न ही भारत विकास की सही रफ्तार पकड़ सकता है। बंगाल की प्रगति तब तक नहीं हो सकती जब तक यहां का मतदाता विकास और कानून व्यवस्था को चुनाव का प्रमुख मुद्दा नहीं बनाता। तमिलनाडु और कर्नाटक के औद्योगिक विकास का एक कारण यह भी है कि वहां के मतदाता गलत आर्थिक नीतियों पर चलने वाली सरकारों को हर बार बदल लेते हैं। इसकी वजह से सरकारें भी सजग रहती हैं। शायद बंगाल के मतदाता के लिए भी जागने का वक्त आ गया है।

## महिला आरक्षण विधेयकः भारत की लोकतांत्रिक यात्रा में एक शांत क्रांति



न्योमा गुप्ता

महिला आरक्षण विधेयक-औपचारिक रूप से नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023-को अक्सर संख्याओं, कोटा और राजनीतिक गणित के संदर्भ में चर्चा किया जाता है। लेकिन सुर्खियों और विधायी शब्दजाल से परे इसमें एक से अधिक परिवर्तनकारी पहलू निहित है- यह एक शांत तरीके से इस बात को पुनर्परिभाषित कर रहा है कि भारतीय लोकतंत्र कैसा दिख सकता है, जब वह अपनी आधी आबादी के लिए केवल लाभार्थी के रूप में नहीं, बल्कि निर्णयकर्ता के रूप में स्थान बनाता है। सकारात्मक दृष्टिकोण से देखें तो यह विधेयक केवल आरक्षण का प्रावधान नहीं है-यह संस्थागत विश्वास का प्रतीक है। यह उस धारणा से बदलाव को दर्शाता है कि महिलाओं को अस्थायी सहारे की आवश्यकता है, और इस स्वीकार्यता की ओर बढ़ता है कि वे शासन व्यवस्था की मूल आधारशिला हैं। लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में एक-तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित करके, भारत केवल ऐतिहासिक बहिष्कार को सुधार नहीं रहा है, बल्कि नेतृत्व की परिभाषा को भी विस्तृत कर रहा है।

आलोचक अक्सर यह तर्क देते हैं कि आरक्षण स्वत: सशक्तिकरण में परिवर्तित नहीं हो सकता। यह चिंता उचित है, परंतु अधूरी है। लोकतंत्र में हर संरचनात्मक बदलाव-चाहे वह सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार हो या सत्ता का विकेंद्रीकरण-वास्तविकता बनने से पहले विश्वास की एक छलांग की मांग करता है। महिला आरक्षण विधेयक भी इसी लोकतांत्रिक विस्तार की परंपरा का हिस्सा है। यह एक पाइपलाइन प्रभाव उत्पन्न करता है। आज विधानसभाओं में अधिक महिलाएं होंगी, तो कल नेतृत्व के हर स्तर-पंचायत से संसद तक-में उनकी भागीदारी बढ़ेगी।

इसके साथ ही एक सूक्ष्म सांस्कृतिक परिवर्तन भी चल रहा है।

प्रतिनिधित्व केवल प्रतीकात्मक नहीं होता। यह शिक्षाप्रद भी होता है। जब युवा लड़कियां महिलाओं को बजट पर चर्चा करते, कानून बनाते और राष्ट्रीय प्राथमिकताओं को निर्धारित करते हुए देखती हैं, तो महत्वाकांक्षा असाधारण नहीं रहती, बल्कि सामान्य बन जाती है। राजनीति, जिसे लंबे समय तक पुरुषों के प्रभुत्व वाले क्षेत्र के रूप में देखा गया, अब एक साझा नागरिक मंच के रूप में उभरने लगती है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह सुधार शासन की अवधारणा को भी पुनर्परिभाषित करता है। भारत में स्थानीय निकायों के अनुभव से यह स्पष्ट हुआ है कि महिला नेतृत्व अक्सर स्वास्थ्य, शिक्षा, जल और सुरक्षा जैसे मुद्दों को प्राथमिकता देता है-जो सामाजिक संरचना को सुदृढ़ करते हैं। इस उपस्थिति का राष्ट्रीय स्तर पर विस्तार नीतियों को मानव-केंद्रित विकास की ओर अग्रसर कर सकता है। अत: महिला आरक्षण विधेयक केवल संसद में सीटों तक सीमित नहीं है। यह लोकतंत्र की नैतिक कल्पना का विस्तार है-जहां समावेशन कोई अपवाद नहीं, बल्कि मूल सिद्धांत है।

# चुनाव आयोग पर सुप्रीम सवाल



आदित्य नारायण चौपड़ा

लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

भारत में जन्मे हर व्यक्ति को मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने और सरकार चुनने के लिए मतदान करने का अधिकार है। वोट देने का अधिकार न केवल संवैधानिक है, बल्कि भावनात्मक भी है। लोकतांत्रिक सरकार के चुनाव के लिए सहभागी प्रक्रिया में भाग लेना राष्ट्रीयता और देशभक्ति की सबसे बड़ी अभिव्यक्ति है। चुनाव आयोग का यह दायित्व है कि वह मतदाता सूची में हर जायज मतदाता का नाम शामिल करे। निर्वाचन आयोग द्वारा पश्चिम बंगाल में एसआईआर में 91 लाख मतदाताओं के नाम काटे जाने के बाद बवाल मचा हुआ है। यद्यपि सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में उन वोटरों को मतदान की इजाजत देने से इंकार कर दिया है, जिनके नाम एसआईआर में काटे गए हैं और उनकी शिकायतें अपीलीय ट्रिब्यूनलों में लम्बित हैं। 11 अप्रैल तक 34 लाख से अधिक अपीलें दायर की जा चुकी हैं जिनका फैसला आना बाकी है। स्पष्ट है कि चुनावों से 10 दिन पहले इस स्टेज पर सुप्रीम कोर्ट भी चुनाव प्रक्रिया में कोई दखल नहीं दे सकता। क्योंकि अगर ऐसे ही आपत्तियां आती रहीं तो चुनाव कैसे होंगे।

सुनवाई के दौरान जस्टिस जायमाल्या बागची ने चुनाव आयोग पर तीखे सवाल दाग दिए और उन्होंने पश्चिम बंगाल में चल रही मतदाता सूची के एसआईआर की प्रक्रिया को लेकर गम्भीर चिंता जता दी। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस बागची की पीठ उन लोगों की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिन्हें वोटर लिस्ट से बाहर किया गया है। चुनाव अधिकारियों की ओर से खारिज की गई विवादित अपीलों की सुनवाई के लिए पूर्व जजों के नेतृत्व में 19 अपीलीय ट्रिब्यूनल बनाए गए हैं, जिनमें से एक की अध्यक्षता कलकत्ता हाईकोर्ट के पूर्व जस्टिस कर रहे हैं। बनाए गए 19 ट्रिब्यूनलों में से अधिकांश ने काम शुरू ही नहीं किया। याचिकाकर्ताओं ने वोटर लिस्ट फ्रीज करने की तारीख आगे बढ़ाने की मांग की है। उनका कहना है कि अगर वोट डालने की अनुमति मिल जाती है तो वे विधानसभा चुनाव में वोट डाल सकेंगे। जस्टिस बागची ने बहुत महत्वपूर्ण सवाल उठाया कि अगर जीत का मार्जन लिस्ट से बाहर किए गए मतदाताओं से प्रतिशत से कम हुआ तो, उन्होंने कहा, 'अगर 10 प्रतिशत लोग वोट नहीं करते हैं और जीत का मार्जिन 10 प्रतिशत से ज्यादा हुआ तो क्या होगा। अगर जीत का मार्जिन 2 प्रतिशत है और वोट न करने वाले 15 प्रतिशत हैं, तब क्या होगा? हम कोई राय व्यक्त नहीं कर रहे हैं, लेकिन हमें अपना दिमाग इस्तेमाल करने की जरूरत है।' जस्टिस बागची ने कहा कि बंगाल में एसआईआर की प्रक्रिया बाकी राज्यों से अलग है और यहां चुनाव आयोग ने एक नई कैटेगरी लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी शुरू की है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग यहां एसआईआर में लागू उस प्रक्रिया का भी पालन नहीं कर रहा है, जिसमें कहा गया था कि 2002 के चुनावों में वोट करने वालों को अपने दस्तावेज अपलोड करने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि एसआईआर के नोटिस में भी यह बात लिखी है।

पीठ ने यह भी कहा कि आपत्तियों और दावों की जांच कर रहे न्यायिक अधिकारियों से 100 प्रतिशत सही फैसलों की उम्मीद कैसे की जा सकती है जबकि तय समय सीमा के अन्दर एक-एक अधिकारी हर दिन 1000 दस्तावेजों की जांच कर रहा है, ऐसे में 70 प्रतिशत सटीकता की भी उत्कृष्ट मान लिया जाए तो भी गलती होने की गुंजाइश हमेशा रहेगी। इसलिए राज्य में एक मजबूत अपीलीय तंत्र की जरूरत है। पीठ ने यह भी कहा कि कहीं न कहीं हम आने वाले चुनाव की धूल और गुस्से में अंधे हो रहे हैं।

देश की शीर्ष अदालत द्वारा निर्वाचन आयोग पर सवाल खड़े करने के बाद पश्चिम बंगाल में होने वाले चुनावों की निष्पक्षता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, कांग्रेस और अन्य दल चुनाव आयोग को निशाना बना रहे हैं। चुनाव आयोग की विश्वसनीयता पर संदेह के बादल गहराते जा रहे हैं। चुनावी लोकतंत्र में विश्वास का संकट खड़ा हो गया है। निष्पक्षता के अभाव में इसका प्रभाव नागरिक भागीदारी, मतदान के प्रतिशत और सामाजिक एकता पर पड़ता है। भारत में चुनावी लोकतंत्र की मजबूती, उसके नागरिकों के निष्पक्षता पर, विश्वास पर निर्भर करती है। इस विश्वास के संवैधानिक संरक्षक के रूप में चुनाव आयोग को कानूनी अनुपालन से आगे बढ़कर संस्थागत साख को बनाए रखने का प्रयास करना चाहिए। बेहतर यही होगा कि अपीलीय ट्रिब्यूनल समावेश के सिद्धांत के आधार पर अपीलों को सुने। फिलहाल काटे गए मतदाताओं के सामने ट्रिब्यूनल के पास जाने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। इतना तय है कि यह काम अब चुनाव के बाद ही होगा।

# संपन्न दुनिया, असंतुष्ट मानवता, फिर गांधी का समय



भूपेन्द्र गुप्ता

(लेखक गांधी चौपाल के अध्यक्ष एवं कांग्रेस विचार विभाग के चेयरमेन हैं)

आज जब हम 21वीं सदी के तीसरे दशक में खड़े हैं, तो एक कठोर सच्चाई हमें झकझोरती है-यह दुनिया जितनी समृद्ध कभी नहीं रही, उतनी ही असमान और असंतुष्ट भी कभी नहीं रही। विज्ञान ने चमत्कार किए हैं, तकनीक ने सीमाएँ तोड़ी हैं, और उत्पादन ने रिकॉर्ड बनाए हैं। फिर भी, भूख है, भय है, युद्ध है और भीतर एक गहरा असंतोष है। सवाल उठता है-आखिर क्यों? संयुक्त राष्ट्र और विभिन्न वैश्विक संस्थाओं की रिपोर्टें बताती हैं कि दुनिया में इतना खाद्यान्न उत्पादन होता है कि हर व्यक्ति को पर्याप्त भोजन मिल सकता है। ऊर्जा के क्षेत्र में भी अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। फिर भी, करोड़ों लोग गरीबी रेखा के नीचे जीवन जी रहे हैं। यह विरोधाभास हमें एक ही निष्कर्ष तक ले जाता है-समस्या संसाधनों की कमी नहीं, बल्कि उनके असमान वितरण और हमारी सोच की विकृति है। इसी संदर्भ में महात्मा गांधी का दर्शन आज पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हो उठता है। गांधी जी ने स्पष्ट कहा था-पृथ्वी हर व्यक्ति की आवश्यकता को पूरा कर सकती है, लेकिन हर व्यक्ति के लालच को नहीं। यह केवल एक कथन नहीं, बल्कि आज के वैश्विक संकट का सटीक विश्लेषण है।

आज का मानव आवश्यकता से नहीं, बल्कि अतृप्त इच्छाओं से संचालित हो रहा है। राष्ट्र अपनी सीमाओं की सुरक्षा से आगे बढ़कर संसाधनों पर नियंत्रण की होड़ में लगे हैं। ऊर्जा, जल और खनिज-ये अब जीवन के साधन नहीं, बल्कि शक्ति के प्रतीक बन गए हैं। हाल के वैश्विक संघर्षों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि संसाधनों पर वर्चस्व की यह लड़ाई कितनी विनाशकारी हो सकती है। हमारी आर्थिक व्यवस्था भी इस असंतुलन को गहरा करती है। जब विकास का केंद्र मुनाफा बन जाता है और मानव पीछे छूट जाता है, तब समृद्धि कुछ हाथों में सिमट जाती है। बड़ी कंपनियाँ और शक्तिशाली वर्ग संसाधनों पर अधिकार जमा लेते हैं, जबकि आम जन संघर्ष करता रह जाता है। यह केवल आर्थिक विफलता नहीं, बल्कि नैतिक पतन है।

गांधी जी का अपरिग्रह हमें इसी संकट से बाहर निकलने का मार्ग दिखाता है। अपरिग्रह का अर्थ है-संतुलित जीवन, सीमित उपभोग और दूसरों के अधिकारों के प्रति संवेदनशीलता। यदि व्यक्ति, समाज और राष्ट्र इस सिद्धांत को अपनाएँ, तो संसाधनों पर अनावश्यक दबाव कम हो सकता है और संतुलन स्थापित हो सकता है।

इसके साथ ही, गांधी जी का ट्रस्टीशिप का सिद्धांत आज के कॉर्पोरेट और आर्थिक ढांचे के लिए एक क्रांतिकारी विचार प्रस्तुत करता है। उन्होंने कहा था कि जिनके पास अधिक संपत्ति है, वे उसके मालिक नहीं, बल्कि संरक्षक हैं। यदि यह भावना विकसित हो जाए, तो संपत्ति का उपयोग केवल व्यक्तिगत लाभ के लिए नहीं, बल्कि समाज के कल्याण के लिए किया जा सकता है। आज दुनिया को केवल नीतिगत सुधारों की नहीं, बल्कि नैतिक पुनर्जागरण की आवश्यकता है। हमें मैं और मेरा की सीमाओं को तोड़कर हम और हमारा की ओर बढ़ना होगा। जब तक हम स्वयं को एक वैश्विक परिवार का हिस्सा नहीं मानेंगे, तब तक शांति और संतुलन की कल्पना अधूरी रहेगी।

सरकारों को ऐसी नीतियाँ बनानी होंगी जो शिक्षा, स्वास्थ्य और न्यूनतम जीवन स्तर को हर व्यक्ति का अधिकार बनाएँ। लेकिन इससे भी अधिक महत्वपूर्ण है-व्यक्तिगत स्तर पर परिवर्तन। हमें अपने उपभोग, अपनी आवश्यकताओं और अपनी जीवनशैली पर पुनर्विचार करना होगा। क्या हमें वास्तव में उतना ही चाहिए जितना हम इकट्ठा कर रहे हैं? या हम अनजाने में किसी और के हिस्से को छीन रहे हैं?

आज का समय हमें एक निर्णायक मोड़ पर खड़ा करता है। एक ओर वह मार्ग है जो हमें और अधिक प्रतिस्पर्धा, असमानता और संघर्ष की ओर ले जाता है। दूसरी ओर वह मार्ग है जो संतुलन, सहयोग और शांति की ओर जाता है। यह चयन हमें करना है। यदि हम गांधी के विचारों को केवल पुस्तकों तक सीमित न रखकर उन्हें अपने जीवन और नीतियों में उतारें, तो एक नई दुनिया की शुरुआत हो सकती है-एक ऐसी दुनिया जहाँ संपन्नता का अर्थ केवल संग्रह नहीं, बल्कि साझा करना हो; जहाँ विकास का उद्देश्य केवल आगे बढ़ना नहीं, बल्कि सबको साथ लेकर चलना हो।

समय आ गया है कि हम यह स्वीकार करें कि सच्ची प्रगति केवल तकनीकी उपलब्धियों से नहीं मापी जा सकती। सच्ची प्रगति वह है, जो हर व्यक्ति के जीवन में सम्मान, सुरक्षा और संतोष लाए।

यदि हम यह परिवर्तन कर सके, तो हाय-हाय की जगह संतोष ले सकता है, संघर्ष की जगह सहयोग आ सकता है, और मानवता एक नए युग में प्रवेश कर सकती है। यही गांधी का सपना था-और शायद यही हमारी सबसे बड़ी आवश्यकता भी।

# क्या माता-पिता की सेवा संस्कारों से सुनिश्चित होगी या इसके लिए कानून की भी आवश्यकता है

**यह प्रश्न उठता है कि क्या माता-पिता की सेवा केवल संस्कारों से सुनिश्चित की जा सकती है या इसके लिए कानून की भी आवश्यकता है? यह भी एक सच्चाई है कि कई बार माता-पिता भी बच्चों के प्रति अत्यधिक अनुशासन, नियंत्रण और अपेक्षाओं का दबाव बनाते हैं। इसलिए बुजुर्गों का सम्मान और सुरक्षा केवल एक पारिवारिक या कानूनी मुद्दा नहीं, बल्कि समाज की नैतिकता और सभ्यता की परीक्षा है। जो समाज अपने बुजुर्गों का सम्मान नहीं करता, वह कभी महान नहीं बन सकता।**

भारतीय संस्कृति में माता-पिता को देवतुल्य माना गया है- मातृदेवो भव, पितृदेवो भव केवल शास्त्रों की पंक्ति नहीं, बल्कि हमारी सामाजिक संरचना की आत्मा रही है। इसलिए यह किसी भी सभ्य समाज के लिए अत्यंत शर्मनाक स्थिति है कि जन्म देने और पालन-पोषण करने वाले माता-पिता को जीवन की सांझ में उपेक्षा, अपमान और आर्थिक असुरक्षा का सामना करना पड़े और उन्हें अपने ही बच्चों से गुजारा भत्ता पाने के लिए कानून और प्रशासन का सहारा लेना पड़े।

बुढ़ापा अपने आप में एक बड़ी चुनौती है। उम्र बढ़ने के साथ शरीर की क्षमताएं कम होने लगती हैं, बीमारियां बढ़ने लगती हैं और आय के स्रोत लगभग समाप्त हो जाते हैं। सेवानिवृत्ति के समय जो थोड़ी बहुत जमा-पूंजी होती है, वह बच्चों की पढ़ाई, शादी-ब्याह और मकान बनाने में खर्च हो जाती है। सरकारी नौकरी करने वालों को पेंशन मिल भी जाती है, लेकिन निजी क्षेत्र या छोटे व्यवसाय से जुड़े लोगों की स्थिति अधिक कठिन हो जाती है। ऐसे समय में यदि बच्चे ही माता-पिता की देखभाल न करें तो यह केवल पारिवारिक विफलता नहीं, बल्कि सामाजिक अपराध की श्रेणी में आता है।

इन्हीं परिस्थितियों को देखते हुए तेलंगाना विधानसभा द्वारा पारित तेलंगाना कर्मचारी जवाबदेही और माता-पिता सहायता निगरानी विधेयक 2026 एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक पहल के रूप में सामने आया है। यह कानून सरकारी कर्मचारियों के साथ-साथ निजी क्षेत्र के कर्मचारियों, सांसदों, विधायकों और स्थानीय निकायों के जनप्रतिनिधियों पर भी लागू होगा। इस प्रकार यह कानून केवल एक कानूनी प्रावधान नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी को कानूनी रूप देने का प्रयास है। इस कानून का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि इसमें केवल जैविक माता-पिता ही नहीं, बल्कि सौतेले माता-पिता भी शिकायत कर सकते हैं।



यह कानून इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि आज भारतीय परिवार व्यवस्था तेजी से बदल रही है। संयुक्त परिवार टूटकर एकल परिवार में बदल चुके हैं और अब तो एक व्यक्ति परिवार की अवधारणा भी विकसित हो रही है। कॅरियर की दौड़, आर्थिक दबाव, शहरी जीवनशैली, सुविधावाद और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की बढ़ती भावना ने परिवार की पारंपरिक संरचना को कमजोर किया है। कई बार माता-पिता को घर से निकालकर वृद्धाश्रम भेज दिया जाता है और यदि घर में रख भी लिया जाए तो उन्हें उपेक्षा, तिरस्कार और मानसिक पीड़ा सहनी पड़ती है। उनकी दवाइयों, भोजन और देखभाल तक में लापरवाही बरती जाती है। ऐसी परिस्थितियों में यह प्रश्न उठता है कि क्या माता-पिता की सेवा केवल संस्कारों से सुनिश्चित की जा सकती है या इसके लिए कानून की भी आवश्यकता है? यह भी एक सच्चाई है कि कई बार माता-पिता भी बच्चों के प्रति अत्यधिक अनुशासन, नियंत्रण और अपेक्षाओं का दबाव बनाते हैं। वे चाहते हैं कि बच्चे हमेशा उनकी इच्छाओं के अनुसार ही जीवन जिएं, अपने निर्णय स्वयं न लें, विवाह, कॅरियर, जीवनशैली हर चीज में माता-पिता की इच्छा सर्वोपरि रहे। कई बार माता-पिता बच्चों की निजी जिंदगी में अत्यधिक हस्तक्षेप करते हैं, जिससे परिवार में तनाव उत्पन्न होता है। ऐसी परिस्थितियों में बच्चों और माता-पिता के बीच दूरी बढ़ जाती है और पारिवारिक वातावरण तनावपूर्ण हो जाता है।

इसलिए समस्या का समाधान केवल कानून नहीं है, बल्कि परिवार के भीतर संतुलन, संवाद और समझ भी उतनी ही आवश्यक है। बच्चों को यह समझना चाहिए कि माता-पिता ने उनके लिए अपना पूरा जीवन समर्पित किया है, इसलिए बुढ़ापे में उनकी सेवा और सम्मान उनका नैतिक कर्त्तव्य है। वहीं माता-पिता को भी यह समझना चाहिए कि समय बदल गया है, नई पीढ़ी की जीवनशैली और सोच अलग है, इसलिए उन्हें बच्चों को समझने और उन्हें स्वतंत्रता देने की आवश्यकता है। वास्तव में परिवार एक संस्था है, जो प्रेम, त्याग, सम्मान और संवाद पर चलती है, न कि केवल अधिकार और अनुशासन पर। जहां केवल अधिकार होंगे, वहां टकराव होगा; जहां केवल त्याग होगा, वहां असंतुलन होगा; लेकिन जहां प्रेम और संतुलन होगा, वहां परिवार मजबूत होगा। तेलंगाना का यह कानून एक महत्वपूर्ण पहल है, लेकिन यह अंतिम समाधान नहीं है। कानून बच्चों को माता-पिता का भरण-पोषण करने के लिए मजबूर कर सकता है, लेकिन वह प्रेम, सम्मान और संवेदना पैदा नहीं कर सकता।

निश्चित तौर पर कहा जा सकता है कि माता-पिता केवल परिवार का हिस्सा नहीं होते, वे परिवार की जड़ होते हैं। यदि जड़ कमजोर होगी तो वृक्ष भी कमजोर होगा। इसलिए बुजुर्गों का सम्मान और सुरक्षा केवल एक पारिवारिक या कानूनी मुद्दा नहीं, बल्कि समाज की नैतिकता और सभ्यता की परीक्षा है। जो समाज अपने बुजुर्गों का सम्मान नहीं करता, वह कभी महान नहीं बन सकता।

# ईरान के साथ युद्ध समाप्त होने के करीबः डोनाल्ड ट्रंप

वाशिंगटन,(वार्ता)



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को घोषणा की कि ईरान के साथ संघर्ष समाप्त होने के करीब है। उन्होंने एक संभावित कूटनीतिक सफलता का संकेत भी दिया है। श्री ट्रंप ने संकेत दिया कि रुकी हुई बातचीत पाकिस्तान में कुछ ही दिनों में फिर से शुरू हो सकती है, जिससे युद्धविराम समाप्त होने से पहले किसी समझौते की उम्मीद जगी है। वहीं दूसरी ओर, अमेरिका ने ईरान की अर्थव्यवस्था पर अपनी पकड़ काफी सख्त कर दी है। सेना ने पुष्टि की है कि उसने होर्मुज जलडमरूमध्य के माध्यम से घेराबंदी लागू करते हुए ईरानी समुद्री व्यापार को प्रभावी ढंग से बंद कर दिया है।

अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) के प्रमुख ब्रैड कूपर ने कहा कि इस अभियान ने 36 घंटों से भी कम समय में ईरान की व्यापारिक जीवन रेखा को पंगु बना दिया है। ईरानी बंदरगाहों की घेराबंदी पूरी तरह से लागू कर दी गई है। ईरान की लगभग 90 प्रतिशत अर्थव्यवस्था समुद्री व्यापार पर निर्भर है, जो अब प्रभावी रूप से ठप हो गई है।

शक्ति प्रदर्शन के बावजूद मुख्य गतिरोध अभी भी बने हुए हैं। अमेरिका ईरान के यूरेनियम संवर्धन को तत्काल रोकने और प्रमुख परमाणु केंद्रों को नष्ट करने की मांग कर रहा है। साथ ही होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने की भी मांग कर रहा है। हालांकि, दोनों पक्षों द्वारा समझौते पर सहमति नहीं बन पाने के कारण 10 अप्रैल को हुई पहले दौर की बातचीत के बाद मुख्य मुद्दे अनसुलझे रह गए हैं। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने दोनों पक्षों के बीच गहरी अविश्वास की भावना को स्वीकार किया लेकिन एक सतर्क आशावादी रुख भी अपनाया। उन्होंने कहा, आप इस समस्या को रातों-रात हल नहीं करने जा रहे हैं।

श्री वेंस ने हालांकि यह भी जोड़ा कि ईरानी वार्ताकार समझौता करने के इच्छुक दिख रहे हैं। उन्होंने कहा, हम जहाँ हैं, उसे लेकर मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूँ। श्री ट्रंप ने सुझाव दिया कि सप्ताहांत की चर्चाओं के विफल होने और घेराबंदी लागू होने के बाद, अगले 48 घंटों के भीतर पाकिस्तान में अगले दौर की बातचीत हो सकती है, जो बढ़ते दबाव के बीच एक नए कूटनीतिक प्रयास का संकेत है।

अंतरराष्ट्रीय परमाणु उर्जा एजेंसी के प्रमुख राफेल ग्रॉसी ने भी जोर देकर कहा कि किसी भी समझौते में ईरान के परमाणु कार्यक्रम की निगरानी के लिए बेहद विस्तृत सत्यापन तंत्र शामिल होना चाहिए। बातचीत के अगले चरण में यह प्रमुख मुद्दा हो सकता है। इस बीच, पूरे क्षेत्र में तनाव और कूटनीति का असर दिख रहा है। इजरायल और लेबनान ने 14 अप्रैल को दशकों में पहली बार अपनी पहली सीधी बातचीत की, जिसमें दोनों पक्ष जुड़ाव जारी रखने पर सहमत हुए। हालांकि इजरायल ने दक्षिणी लेबनान में युद्धविराम के लिए प्रतिबद्धता नहीं जताई, जो ईरान-अमेरिका गतिरोध से जुड़ा एक और संवेदनशील मुद्दा है।

## शाहबाज शरीफ सऊदी अरब, कतर और तुर्की की यात्रा पर जाएंगे

इस्लामाबाद,(वार्ता)। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ सप्ताहांत में सऊदी अरब, कतर और तुर्की की चार दिवसीय यात्रा पर जायेंगे। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। यह यात्रा अमेरिका-ईरान चर्चा के पहले दौर के बाद हो रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को संकेत दिया था कि अगले दो दिनों में पाकिसतान में कुछ नये घटनाक्रम सामने आ सकते हैं। यह यात्राएं पाकिस्तान के लिए एक बड़ी वित्तीय मजबूती के साथ हो रही हैं। वॉशिंगटन में विश्व बैंक-आईएमएफ की स्प्रिंग मीटिंग्स के दौरान वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब ने कहा कि सऊदी अरब ने 3 अरब डॉलर की अतिरिक्त जमा राशि देने का वादा किया है और पिछली 5 अरब डॉलर की जमा राशि की अवधि भी बढ़ा दी है। श्री औरंगजेब ने कहा कि इस मदद से पाकिस्तान के विदेशी मुद्रा भंडार को मजबूती मिलेगी, उसके बाहरी खाते सुदृढ़ होंगे आईएमएफ समर्थित कार्यक्रम के अनुपालन में सहायता मिलेगी। सरकार का लक्ष्य चालू वित्त वर्ष के अंत तक लगभग 18 अरब डॉलर का भंडार रखना है, जो 3.3 महीने के आयात कवर के बराबर है। पाकिस्तान की हाल ही में किये गये 1.4 अरब डॉलर के यूरोबॉन्ड भुगतान का उल्लेख किया।

## ईरान के बाद मालदीव ने भी दिखाई यूएस को अकड़

नई दिल्ली

मालदीव की राजनीति और कूटनीति में हाल के दिनों में तनाव के संकेत मिले हैं। अमेरिका के एक वरिष्ठ राजनयिक की राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू से होने वाली मुलाकात आखिरी समय में रद कर दी गई, जिससे कई सवाल खड़े हो गए हैं। मालदीव की राजधानी माले में 23 मार्च को अमेरिका के भारत में राजदूत सर्जियो गोर की राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू से मुलाकात तय थी। लेकिन यह बैठक मालदीव की तरफ से आखिरी वक्त पर रद कर दी गई।



सर्जियो गोर ने उसी दिन मालदीव के विदेश और रक्षा मंत्रियों से मुलाकात की जानकारी सोशल मीडिया पर दी, लेकिन राष्ट्रपति से मुलाकात नहीं हो पाई। बताया जाता है कि बाद में मुइज्जू के कार्यालय ने निजी तौर पर बंद कमरे में बैठक का प्रस्ताव दिया, जिसे अमेरिकी राजदूत ने स्वीकार नहीं किया।

इस मुलाकात के रद्द होने की आधिकारिक वजह सामने नहीं आई है, लेकिन माना जा रहा है कि इसके पीछे राजनीतिक कारण हो सकते हैं। कहा जा रहा है कि राष्ट्रपति मुइज्जू अमेरिका-इजराइल के ईरान के साथ चल रहे तनाव के खिलाफ हैं।

राष्ट्रपति मुइज्जू इजराइल और उसके नेतृत्व को लेकर भी कड़ा रुख रखते हैं, इसलिए उन्होंने अमेरिकी राजदूत से दूरी बनाई। हालांकि माले में एक दूसरी राय यह भी है कि मुइज्जू पिछले कुछ महीनों से बाहरी नेताओं से मिलने से बच रहे हैं। बताया जा रहा है कि वे नहीं चाहते कि कोई बाहरी दबाव मालदीव की राजनीति और विकास से जुड़े फैसलों पर पड़े।

राष्ट्रपति मुइज्जू को हाल ही में स्थानीय निकाय चुनावों में बड़ा झटका लगा है। उनकी पार्टी पीपुल्स नेशनल कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा, जो आमतौर पर सत्ताधारी दल के लिए असामान्य माना जाता है। इसके अलावा 4 अप्रैल को हुए जनमत संग्रह में भी जनता ने राष्ट्रपति के प्रस्ताव को खारिज कर दिया। करीब 60त्न लोगों ने एक साथ राष्ट्रपति और संसद चुनाव कराने के प्रस्ताव के खिलाफ वोट दिया। विपक्षी मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी ने पांचों बड़े शहरों के मेयर चुनाव भी जीत लिए, जिससे सरकार पर दबाव और बढ़ गया है।

मालदीव इस समय आर्थिक संकट से भी जूझ रहा है। उसने भारत से 400 मिलियन डॉलर के कर्ज को आगे बढ़ाने की मांग की है। इससे पहले वह 100 मिलियन डॉलर का यूरोबॉन्ड और 400 मिलियन डॉलर का इस्लामिक सुकूक कर्ज चुका चुका है। हालांकि भारत सरकार ने अभी इस कर्ज को आगे बढ़ाने पर अंतिम फैसला नहीं लिया है। पहले ही दो बार छह-छह महीने का विस्तार दिया जा चुका है।

इसी बीच मुइज्जू सरकार ने एक अहम पोर्ट प्रोजेक्ट का पहला चरण चीन की कंपनी को दे दिया, जबकि पहले इसे भारत को देने की बात कही गई थी। दिलचस्प बात यह है कि भारत जिस ग्रेटर माले कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट पर काम कर रहा है, वह इसी पोर्ट को जोड़ने के लिए है।

## महिला आरक्षण में एससी, एसटी और ओबीसी महिलाओं के लिए कोटा सुनिश्चित किया जाये : मायावती

लखनऊ,(वार्ता)

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख एवं उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कहा है कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम में 33 प्रतिशत आरक्षण में अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की महिलाओं के लिए अलग से कोटा सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि ऐसा प्रावधान नहीं किया गया, तो इस कदम का वास्तविक उद्देश्य काफी हद तक निष्प्रभावी हो जाएगा। सुश्री माायावती ने लखनऊ में मीडिया से बातचीत करते हुए केंद्र सरकार द्वारा महिला आरक्षण के मुद्दे पर संसद का विशेष सत्र बुलाने के फैसले का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि लंबे समय से लंबित इस 33 प्रतिशत आरक्षण को लागू करने की पहल उचित और स्वागतयोग्य है, भले ही इसमें देरी हुई हो। पूर्व मुख्यमंत्री ने जोर देते हुए कहा कि समाज, राजनीति और अर्थव्यवस्था में लगातार हाशिये पर रही एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग की महिलाओं के लिए अलग आरक्षण का प्रावधान किया जाना ऐतिहासिक और न्यायसंगत कदम होगा। उन्होंने कहा कि केवल सामान्य महिला आरक्षण से इन वर्गों की वास्तविक भागीदारी सुनिश्चित नहीं हो पाएगी। यह बयान ऐसे समय आया है जब संसद में महिला आरक्षण लागू करने को लेकर गतिविधियां तेज हो गई हैं। केंद्र सरकार द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम , 2023 में संशोधनों पर 16 अप्रैल को चर्चा प्रस्तावित है, साथ ही परिसीमन से जुड़े बिल पर भी विचार किया जाएगा। सरकार 2029 के आम चुनाव से लोक सभा में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण लागू करने के लिए संवैधानिक संशोधन लाने की तैयारी में है। प्रस्तावित योजना के तहत लोकसभा की कुल सीटें 543 से बढ़ाकर 816 की जा सकती हैं, जिनमें से 273 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने महिला आरक्षण विधेयक का स्वागत करते हुए इसे जल्द से जल्द लागू करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सभी राजनीतिक दलों को दलगत भावना से ऊपर उठकर इस महत्वपूर्ण विधेयक को लागू कराने के लिए एकजुट होना चाहिए। उन्होंने अपने बयान में कहा कि महिला आरक्षण विधेयक के लागू होने से महिलाओं को राजनीति में उचित प्रतिनिधित्व मिलेगा, जिससे लोकतंत्र और अधिक मजबूत होगा। उन्होंने यह भी कहा कि देश की आधी आबादी को उनके अधिकारों के अनुरूप भागीदारी देना समय की मांग है।

## कांग्रेस ने हमेशा महिला आरक्षण का किया समर्थन : गहलोत

जयपुर (वार्ता)

राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि कांग्रेस ने हमेशा महिला आरक्षण का समर्थन किया है लेकिन महिला आरक्षण की आड़ में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार जिस तरह आनन-फानन में 131वां संविधान संशोधन विधेयक लाने की तैयारी कर रही है, वह स्वाभाविक रूप से संदेह पैदा कर रही हैं।



श्री गहलोत ने बुधवार को यह बात कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की नेता सोनिया गांधी ने महिला आरक्षण के लिए पहल करते हुए संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के दौरान राज्यसभा से महिला आरक्षण बिल पास करवाया था।

उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण की आड़ में राजग सरकार 131वां संविधान संशोधन विधेयक लाने की तैयारी कर रही है। आखिर ऐसी कौन सी आपात स्थिति है कि चुनावों के बीच इतनी जल्दबाज़ी दिखाई जा रही है। क्या यह आचार संहिता का स्पष्ट उल्लंघन नहीं है। उन्होंने कहा कि जब नई जनगणना का कार्य जारी है तो 2011 के पुराने आंकड़ों के आधार पर परिसीमन का विचार करना लोकतंत्र और नए मतदाताओं के साथ अन्याय होगा। यह बेवजह ही उत्तर और दक्षिण भारत के बीच खाई पैदा करने का प्रयास है। श्री गहलोत ने कहा कि सर्वदलीय बैठक की बजाय विपक्षी दलों से अलग-अलग बात करना, बिना व्यापक चर्चा और राज्यों को विश्वास में लिए इतना संवेदनशील कदम उठाना अनुचित है। एकतरफा निर्णय लेना और विपक्ष की राय न लेना इस सरकार की कार्यशैली बन चुकी है। लोकतंत्र आम सहमति से चलता है, मनमर्जी से नहीं। सरकार को पहले सभी पक्षों से विधिवत परामर्श करना चाहिए।

## ट्रैकर ऑन कर होर्मुज पार कर गया ईरान का टैंकर, देखती रह गई ट्रंप की सेना

**नई दिल्ली।** होर्मुज जलडमरूमध्य में ट्रंप की नाकेबंदी के बीच ईरान ने बड़ा दावा किया है। बुधवार को भारत में स्थित ईरानी दूतावास ने कहा कि अमेरिका द्वारा ब्लैकलिस्ट किए गए उनके एक सुपरटैंकर ने ट्रैकर चालू रखते हुए अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र और होर्मुज जलडमरूमध्य को पार किया है। अब ये सुपरटैंकर बिना किसी नुकसान के ईरान के तटों तक पहुंच गया है। मुंबई में ईरान के महावाणिज्य दूतावास ने ङ्ग पर एक पोस्ट में बताया कि अमेरिका द्वारा ब्लैकलिस्ट किया गया एक बहुत बड़ा क्रूड कैरियर, अमेरिकी नाकेबंदी के बावजूद होर्मुज जलडमरूमध्य को पार करके ईरान के तटों तक पहुंच गया है। ईरानी दूतावास ने कहा कि इस सुपरटैंकर ने अपनी पूरी यात्रा के दौरान अपना ट्रैकिंग सिस्टम चालू रखा; इस तरह उसने अमेरिकी नाकेबंदी को चुनौती दी और बिना किसी रुकावट के अपने गंतव्य तक पहुंच गया। पहले अमेरिका ने कहा था कि उसने होर्मुज में ऐसी नाकेबंदी शुरू कर दी है, जिसके तहत ईरान के बंदरगाहों से आने वाले किसी भी जहाजों को रोका जाएगा।

## चीन की आंख से ईरान ने की जासूसी, मिडिल ईस्ट में अमेरिकी ठिकानों पर बरसाए बम

नई दिल्ली

हालिया संघर्ष के दौरान ईरान ने मिडिल ईस्ट में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर नजर रखने और हमलों को टारगेट करने के लिए एक चीनी सैटेलाइट का इस्तेमाल किया। यह दावा फाइनेंशियल टाइम्स की एक जांच रिपोर्ट में किया गया है, जिसमें लीक हुए ईरानी सैन्य दस्तावेज और सैटेलाइट डेटा का हवाला दिया गया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, "TEE-01B" नाम का यह सैटेलाइट 2024 के अंत में ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स एयरोस्पेस फोर्स ने हासिल किया था। इसे चीन की कंपनी अर्थ आई कंपनी ने बनाया था और इन-ऑर्बिट डिलीवरी मॉडल के तहत अंतरिक्ष में ही ईरान को ट्रांसफर किया गया। हालांकि, चीन ने इन आरोपों को पूरी तरह खारिज किया है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि मीडिया में आई ये रिपोर्टें पूरी तरह झूठी हैं और अगर अमेरिका इन आरोपों के आधार पर टैरिफ बढ़ाता है, तो चीन जवाबी कदम उठाएगा।

लीक दस्तावेजों के अनुसार, मार्च में हुए मिसाइल और ड्रोन हमलों से पहले और बाद में ईरानी कमांडरों ने इस सैटेलाइट के जरिए कई अहम अमेरिकी ठिकानों की निगरानी की। सऊदी अरब के प्रिंस सुल्तान एयर बेस की 13, 14 और 15 मार्च को तस्वीरें ली गईं। 14 मार्च को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने पुष्टि की थी कि वहां मौजूद अमेरिकी विमानों को नुकसान हुआ था और पांच एयर फोर्स के रिफ्यूलिंग विमान क्षतिग्रस्त हुए थे।



इसके अलावा जॉर्डन का मुवाफ्फाक सल्ती एयर बेस, बहरीन में अमेरिकी फिफ्थ फ्लीट का ठिकाना, इराक का एरबिल एयरपोर्ट, कुवैत के कैंप ब्यूहरिंग और अली अल सलेम एयर बेस भी निगरानी में थे।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि खाड़ी क्षेत्र के कुछ नागरिक ठिकानों पर भी नजर रखी गई। इनमें यूएई का खोर फक्कन पोर्ट और किदफा पावर प्लांट, साथ ही बहरीन का अल्बा एल्युमिनियम प्लांट शामिल हैं।

इस समझौते के तहत ईरान को बीजिंग स्थित एम्पोसैट कंपनी के ग्राउंड कंट्रोल सिस्टम का एक्सेस मिला, जिससे वह अलग-अलग जगहों से सैटेलाइट को ऑपरेट कर सकता था और तस्वीरें हासिल कर सकता था।

दस्तावेजों के अनुसार, इस पूरे सिस्टम के लिए आईआरजीसी ने करीब 250 मिलियन युआन (लगभग 36.6 मिलियन डॉलर) का भुगतान करने पर सहमति दी थी, जिसमें लॉन्च और तकनीकी सेवाएं भी शामिल थीं।

विशेषज्ञों का कहना है कि यह सैटेलाइट ईरान की सैन्य क्षमता में बड़ा सुधार दिखाता है। यह सैटेलाइट करीब आधा मीटर रिजोल्यूशन की साफ तस्वीरें ले सकता है, जो पहले के नूर-3 सैटेलाइट (करीब 5 मीटर रिजोल्यूशन) से काफी बेहतर है।

विशेषज्ञ निकोल ग्राजेव्स्की के अनुसार, इस तरह की तकनीक से ईरान हमले से पहले टारगेट पहचान सकता है और हमले के बाद उसके असर का आकलन भी कर सकता है। विश्लेषकों का यह भी कहना है कि यह रणनीति ईरान के सैटेलाइट सिस्टम को सुरक्षित रखने का हिस्सा है, क्योंकि उसके अपने ग्राउंड स्टेशन पहले हमलों में निशाना बनाए जा चुके हैं।

इस बीच, इजरायल की सेना ने दावा किया है कि उसने संघर्ष के दौरान ईरान के कई स्पेस और सैटेलाइट से जुड़े ठिकानों पर हमला किया। वहीं, ईरान, चीन और रूस के बीच अंतरिक्ष क्षेत्र में सहयोग भी लगातार बढ़ रहा है।

अमेरिका पहले भी चीन की सैटेलाइट कंपनियों पर आरोप लगा चुका है कि वे उसके विरोधी देशों की मदद कर रही हैं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि कुछ चीनी कंपनियां यमन के हूती विद्रोहियों को भी जानकारी दे चुकी हैं। चीन ने इन सभी आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा है कि वह शांति वार्ता का समर्थन करता है और किसी भी तरह से संघर्ष को बढ़ावा देने वाले कदम नहीं उठाता।

## फिल्म/टीवी मनोरंजन



## हस्तिनापुर के वीर में कुंती का किरदार निभायेंगी तोरल रसपुत्र

अभिनेत्री तोरल रसपुत्र सोनी सब के आगामी शो में कुंती का किरदार निभाती नजर आयेंगी।

हस्तिनापुर के वीर, पांडवों के शुरुआती वर्षों और उनके बनने की गाथा को दिखाएगा। इस शो में अभिनेत्री तोरल रसपुत्र , कुंती का अहम किरदार निभाती नजर आयेंगी। तोरल रसपुत्र ने कहा, कुंती एक ऐसा किरदार है जो मुझे हमेशा से आकर्षित करता रहा है। मुझे सबसे ज्यादा खींचा इस बात ने कि मैं उसे एक मां के रूप में दिखा सकूं उसकी चिंताएं, उसके त्याग और वह भावनात्मक बोझ जो वह अपने बेटों को एक जटिल और अक्सर कठोर दुनिया में पालते हुए उठाती है। हर चुनौती को वह गरिमा और शालीनता से संभालती है और मैं इसे स्क्रीन पर उतारने के लिए उत्साहित हूं। यह किरदार एक बड़ी विरासत के साथ आता है और मैं चाहती हूं कि उसकी कहानी आज के दर्शकों तक इस तरह पहुंचे कि वे उससे जुड़ सकें। हस्तिनापुर के वीर, जल्द ही सिर्फ सोनी सब पर प्रसारित होगा।



## फिर गुज़रा ज़माना याद आया

आज इतिफ़ाक़ से गोरखपुर बाज़ार, जबलपुर में 75 वर्ष पुरानी टॉकीज़ शारदा के सामने से गुज़र हुआ। साथ बैठे मित्र, श्री पवन शर्मा जी ने तत्काल ब्रेक लगाया बोले, जिस फ़िल्म में आपकी भी साझेदारी थी वो शारदा में चल रही है... फ़िल्म थी अपने वक़्त की सुपर हिट सनम बेवफ़ा । हम उतर कर अंदर पहुंचे... मुलाक़ात हुई वहां के मैनेजर श्री मोहनलाल कोरी जी से। उन्होंने हमारा दिल खोल स्वागत किया तथा पूरी टॉकीज़ हमें घुमाई...यहां ये बताना ज़रूरी है कि शारदा आज इकलौती टॉकीज़ जबलपुर की जो जो हर मॉल के थिएटर्स के सामने अपना सर ऊंचा और सीना तान खड़ी है, कितनी गर्व की बात है। आज शायद 35/40 सालों बाद वहां जाना हुआ, जैसे एक ज़माना आंखों के सामने से गुज़र गया, एक अजीब सी सिहरन हमारे शरीर में दौड़ गई। पवन जी ने ये तस्वीर श्री कोरी जी के साथ उतारी।



मैं कोरी जी को दिल से धन्यवाद प्रेषित करता हूं व प्रभु से प्रार्थना करता हूं की हमारी बचपन की साथी शारदा सालों साल दर्शकों का मनोरंजन करती रहे ताकि आने वाली पीढ़ी की टॉकीज़ क्या होती है और इसमें फिल्म देखने का आनंद ही कुछ और है।

## त्रिप्ती डिमरी के बाद, मेधा शंकर ने भी 'जिन्नी वेड्स सनी 2' जॉइन करने का क्रेडिट अविनाश तिवारी को दिया



अभिनेत्री मेधा शंकर ने भी 'जिन्नी वेड्स सनी 2' जॉइन करने का क्रेडिट अविनाश तिवारी को दिया है। जैसे-जैसे अविनाश तिवारी की फिल्म जिन्नी वेड्स सनी 2 की प्रोमोशन्स की स्पीड तेज हो रही है, वैसे-वैसे मेधा शंकर भी अपने को-स्टार अविनाश तिवारी की तारीफों के पुल बांधती नजर आ रही हैं। मेधा ने खुलासा किया कि इस फिल्म का हिस्सा बनने का सबसे बड़ा कारण अविनाश ही थे। मेधा ने बताया कि सिर्फ स्क्रिप्ट और फिल्म का स्केल ही नहीं, बल्कि अविनाश की मौजूदगी ने उनका फैसला आसान बना दिया। उन्होंने सेट पर अपने एक्सपीरियंस को भरोसे और कम्फर्ट से भरा बताया, जो उनके मुताबिक इंडस्ट्री में खासकर महिलाओं के लिए बेहद जरूरी है।उन्होंने कहा, जब आप एक फीमेल एक्ट्रेस होती हैं और थोड़ा शांत स्वभाव की दिखती हैं, तो लोग आपको सीरियसली नहीं लेते। फीमेल पर्सपेक्टिव से कह रही हूं। अविनाश की वजह से ही मुझे बहुत वेलकम फील हुआ। वो नए टैलेंट और महिलाओं के लिए बहुत सपोर्टिव हैंज् वो एक सिक्योर एक्टर हैं। उन्होंने मुझे ये स्पेस दिया कि मैं खुलकर बता सकूं कि मुझे क्या ठीक नहीं लगता और मैं क्या अलग करना चाहती हूं। ये सब अविनाश से शुरू हुआ, और साथ ही प्रशांत झा सर भी बहुत सपोर्टिव और फीडबैक के लिए ओपन हैं। दोनों ने मुझे हिम्मत से अपनी बात रखने की आज़ादी दी। मेधा ने कहा, वो ऐसे एक्टर हैं जो खुद सजेस्ट करते हैं कि मैं अपने किरदार के हिसाब से डायलॉग्स ले लूं। स्क्रिप्ट पढ़ने के बाद अगर उन्हें लगता है कि जिन्नी को किसी चीज़ पर स्टैंड लेना चाहिए, तो वो खुद बताते हैं। उन्हें इससे कुछ हासिल नहीं होना, फिर भी वो करते हैं। मैंने पहले कभी किसी मेल को-एक्टर को ये कहते नहीं देखा कि लड़की का किरदार और दमदार होना चाहिए। त्रिप्ती ने याद करते हुए कहा, मुझे लैला मजनू के सेट पर बहुत नर्वसनेस होती थी। मुझे तब एक्टिंग का 'अ' भी नहीं आता था। मैं इतनी घबरा जाती थी कि कभी-कभी लगता था ये मेरे बस की बात नहीं है। उन्होंने बताया कि उस वक्त अविनाश ने सही समय पर उन्हें मोटिवेट किया। ये सब सुनने के बाद अविनाश ही थे जिन्होंने मुझसे कहा, 'नहीं यार, तुम्हें ट्राय करना चाहिए।' उन्होंने ही मुझे एक्टिंग वर्कशॉप जॉइन करने की सलाह दी, उन्होंने कहा त्रिप्ती के अनुसार , वही एक सलाह उनकी जिंदगी का टर्निंग पॉइंट बन गई। उस एक्टिंग वर्कशॉप ने मेरी लाइफ बदल दी। तो थैंक यू अविनाश, उस वर्कशॉप के लिए, उन्होंने आभार जताते हुए कहा। उन्होंने अविनाश को एक शानदार इंसान और बेहद सपोर्टिव को-एक्टर भी बताया।

# कैबिनेट मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने किया धमनी नदी के उद्गम स्थल का भ्रमण

## ग्रामीणों से किया नदी के संरक्षण और स्वच्छता हेतु संवाद

करेली (स्वतंत्र मत)



मध्यप्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने जिले के भिंडबार ग्राम स्थित 'धमनी नदी' के उद्गम स्थल का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने प्राकृतिक सौंदर्य और धार्मिक महत्व से परिपूर्ण इस स्थल का अवलोकन करते हुए इसे क्षेत्र की अमूल्य धरोहर बताया। मंत्री श्री पटेल ने बताया कि उनकी 'उद्गम मानस यात्रा' के अंतर्गत यह 111वां पड़ाव है। इस यात्रा का उद्देश्य प्रदेश की नदियों के उद्गम स्थलों का संरक्षण, उनके प्रति जनजागरूकता बढ़ाना और पर्यावरण संतुलन के प्रति समाज को प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि भिंडबार ग्राम से निकलने वाली धमनी नदी न केवल प्राचीन जल स्रोत है, बल्कि यह क्षेत्र की सांस्कृतिक आस्था और प्राकृतिक समृद्धि का भी प्रतीक है। भ्रमण के दौरान उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों से संवाद करते हुए नदी के संरक्षण और स्वच्छता बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि जल स्रोतों का संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और इसमें जनभागीदारी बेहद जरूरी है। मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस स्थल के विकास एवं संरक्षण के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं, ताकि यह स्थान भविष्य में एक प्रमुख पर्यावरणीय एवं धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित हो सके। उक्त जानकारी देते हुए विधायक मीडिया प्रभारी वैभव नेमा ने बताया कि इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रामस्नेही पाठक, पूर्व जिला अध्यक्ष महंत प्रीतम पूरी, महामंत्री राहुल कौरव, जिला पंचायत सीईओ गजेंद्र नागेश सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण बताया।

## साहू समाज राजनीतिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष बने पेठिया



**करेली।** मध्य प्रदेश साहू समाज के राजनीतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष ताराचंद साहू एवं ओमप्रकाश साहू द्वारा नरसिंहपुर जिला साहू समाज राजनीतिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष पद पर रविशंकर पेठिया को नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति से समाज में हर्ष का माहौल है। श्री पेठिया का पूरा जीवन समाज सेवा धार्मिक अनुष्ठान को समर्पित रहा है। वे 30 साल गरहा सरपंच रहे हैं।



## सीरेगांव स्कूल में प्रमाणपत्र वितरण संपन्न

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)

अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में शासकीय उ मा शाला सीरेगांव (चीचली) से शाला स्तर पर प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त छात्रों को विद्यालय मे प्रोत्साहन स्वरूप सम्मानित किया गया। सभी प्रतिभागी छात्र छात्राओं को प्रमाण वितरित किए गये।प्रथम स्थान प्राप्त कु आकांक्षा कुशवाहा कक्षा 10 वीं,द्वितीय स्थान प्राप्त छात्र उदित राजपूत कक्षा 10 वीं के अलावा विशेष सहयोगी शिक्षक श्रीमती हीरामणी शर्मा को गायत्री परिवार के वरिष्ठ परिजन, जिला प्रतिनिधि राजेश कुमार कौरव द्वारा साहित्य किट एवं ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया गया । श्री कौरव ने भारतीय संस्कृति ज्ञान की उपयोगिता के साथ साथ छात्रों को ग्रीष्म अवकाश में गायत्री मंत्र लेखन करते रहने प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि गायत्री मंत्र लेखन के अभ्यास से जहां लेखन सुधरता है, वही मन की एकाग्रता से स्वाध्याय, पढ़ाई में लगन, बुद्धि में तेजस्विता का लाभ भी प्राप्त होता है। बुद्धि बढ़ाने, याददाश्त बढ़ाने, अच्छा परिणाम प्राप्त करने में गायत्री मंत्र लेखन,जप को ऋषि मनीषियों द्वारा महत्वपूर्ण बताया गया है।

## नवाचारी शिक्षक संजय श्रीवास्तव साईंखेड़ा विकासखंड के योग प्रभारी नियुक्त हुए



**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** क्षेत्र के ग्राम निमावर के शा. हाई स्कूल में पदस्थ संजय श्रीवास्तव (प्रा0शि0) को विकासखंड साईंखेड़ा का विकासखंड योग प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी डॉ अनिल कुशवाहा द्वारा नियुक्त किया गया है । विदित हो कि श्री श्रीवास्तव पिछले साल राज्य स्तरीय शास0 योग प्रशिक्षण केंद्र म0प्र0, भोपाल से 30 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं। उनके द्वारा योग के क्षेत्र में निरंतर अपने विद्यालय स्तर पर योग के नवाचार किये जाते है। उनके द्वारा विगत वर्षों से विद्यालय स्तर पर साप्ताहिक योग शिविर का आयोजन किया जाता रहा है जिसमें विद्यार्थी व स्कूल के शिक्षक भी योगाभ्यास में भाग लेते हैं। साथी शिक्षकों ने प्रसन्नता जताते हुए संस्था स्तर पर इनके कार्यों की सराहना की है

## समाज गौरव अलंकरण से सम्मानित हुई पार्षद प्रतिभा अस्सू नेमा




नरसिंहपुर

शहीद स्मारक भवन गोल बाजार जबलपुर में अखिल भारतीय दशा नेमा वणिक समाज द्वारा आयोजित समाज गौरव अलंकरण समारोह में नगरपालिका परिषद मै लगातार पार्षद प्रतिभा अस्सू नेमा को समाज गौरव अलंकरण से सम्मानित किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री राव उदय प्रताप सिंह परिवहन एवं शिक्षा मंत्री मध्यप्रदेश शासन की उपस्थिति में समाज में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने वाले प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया उक्त अवसर पर वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अखिलेश गुमास्ता , अखिल भारतीय श्री दशा नेमा वणिक समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. पुरुषोत्तम नेमा , महासचिव श्री राकेश नेमा , सचिव श्री आनंद नेमा , म. प्र. नेमा समाज महाकौशल अध्यक्ष श्री सुनील नेमा व वरिष्ठ समाजसेवी श्री सुरेश नेमा सहित अन्य सामाजिक पदाधिकारी व नेमा समाज के समाज बंधु एवं मातृशक्तियां बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं।



## वार्षिक उत्सव संपन्न, लाइफ़ टाइम अचीवमेंट अवार्ड दिया

**नरसिंहपुर।** ऑफिसर्स लेडीज क्लब एवं नारी कल्याण संगठन ने वार्षिक उत्सव मनाया। सभी सदस्य अपने परिवार के साथ हर्षोल्लास से सम्मिलित हो मित्रता को प्रगाढ़ करते दिखाई दिए। इस अवसर पर संगठन की सबसे वरिष्ठ सदस्या श्रीमती प्रतिमा तिवारी को समाज सेवा और महिला कल्याण में अपने जीवन के अनवरत 53 वर्षों की निष्ठा और समर्पण के लिए स्वयं सिद्धा- लाइफ़ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। यहां ये बता दें कि नारी कल्याण संगठन नगर की सबसे पुरानी और जानी मानी संस्था है जो पिछले 53 वर्षों से निरंतर नारी कल्याण एवं समाज सेवा में संलग्न हैं और महिलाओं के उत्थान, सशक्तिकरण और समाज में जागरूकता फैलाने में प्रयासरत है। इस अवसर पर संगठन की सभी सदस्य बड़े उत्साह से परिवार समेत उपस्थित रहीं।

## सत्संग जीवन को संवार देता है....



नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)

धन्य हैं वरिष्ठ जन परिषद के आप सब लोग जो नियमित सत्संग करते हैं।सत्संग से पवित्र विचार आते हैं।सदाचार की भावना पैदा होती है।श्रद्धा विश्वास के साथ भक्ति में दृढ़ता आती है। सत्संग भक्ति का द्वार है जो हमे परमात्मा से जोड़ता है। धर्म के रास्ते पर चलकर हमे प्रति दिन सत्संग करना चाहिए।उक्ताशय के विचार प्रवचन कर्ता रघुनाथ जी रामायणी करेली बालों ने बरिया बारे हनुमान मंदिर परिसर नरसिंहपुर में रामचरित मानस कथा प्रसंग में व्यक्त किये। साहित्यकार ओजस्वी कवि अशोक त्रिपाठी ने रावण सूर्पनखा संवाद की व्याख्या करते हुए कहा कि जब रावण को खर दूषण के वध का समाचार मिला तो वह व्याकुल हो उठा..खर दूषण मोहि सम बलवंता,तिन्हहि को मारइ बिनु भगवंता।और उसने तत्काल निर्णय ले लिया..तो मैं जाइ बैर हठ करऊं, प्रभु सर प्रान तजें भव तरऊं।रावण सूर्पनखा के कटे नाक कान देखकर ही समझ गया कि अब सर्वनाश सुनिश्चित है।और अंत में हुआ भी वही। पं सी बी शर्मा ने परिसर में नियमित आयोजित रामचरित मानस एवं गीता व्याख्यान माला की जानकारी से सबको अवगत कराया।पं.गणेश कुमार चतुर्वेदी और पं यू एस उपाध्याय ने वक्ता रघुनाथ जी का शाल श्रीफल पुष्प माला से स्वागत सम्मान किया। संचालन विनोद तिवारी बंधु ने व आभार प्रदर्शन ऋषि महोबिया ने किया। कार्यक्रम में श्रीमती भागवती राय रामायणी राजेन्द्र राय प्रेमशंकर राघव धनपत तिवारी सुरेन्द्र वर्मा सोमनाथ पटेल डा महेश त्रिपाठी बी एस मेहरा दिनेश श्रीवास्तव अशोक नेमा विनोद तिवारी बंधु पं.राजेश दुबे छत्रपाल कोरी घनश्याम नागवंशी बी एस साहू अरुण कुमार खरे ऋषि महोबिया सहित अनेक वरिष्ठ जन उपस्थित थे।

## सूने घर में चोरी करने वाले दो शातिर चोर चंद घंटों के अंदर गिरफ्त में

**नरसिंहपुर।** प्रार्थी दुर्गेश पिता दौलत सिंह पटैल, निवासी झिरना रोड महावीर नगर कॉलोनी, थाना कोतवाली नरसिंहपुर द्वारा थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि दिनांक 11-12.04.2026 की दरमियानी रात अज्ञात चोर द्वारा उसके सूने घर को निशाना बनाते हुए चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। आरोपी द्वारा घर में रखे सोने-चांदी के जेवर एवं अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस द्वारा मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । विवेचना के दौरान थाना कोतवाली पुलिस द्वारा आसपास के क्षेत्र में सघन पतासाजी की गई सथ ही मुखबिर एवं तकनीकी माध्यमों से जानकारी एकत्रित की गयी इस दौरान जानकारी प्राप्त हुई कि घटना स्थल के आसपास घटना के समय एक व्यक्ति घूमता देखा गया था जिसकी पहचान की जाकर उसे गिरफ्त में लिया गया जिससे गहन पूछताछ के दौरान आरोपी डालचंद उर्फ डल्लू पिता चन्नूलाल ठाकुर द्वारा उक्त चोरी की घटना अपने अन्य साथी प्रशांत उर्फ खकूरा यादव पिता राकेश उर्फ गुड्डा यादव निवासी निरंजन वार्ड कोष्टी मोहल्ला, थाना कोतवाली नरसिंहपुर एवं अन्य के साथ करना स्वीकार किया गया है। प्रकरण में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है एवं एक अन्य आरोपी रमजान खान फरार चल रहा है जिसे जल्द ही गिरफ्त में ले लिया जावेगा। उक्त दोनों आरोपियों के कब्जे से चोरी की गयी सोने की अंगूठी, एक जोडी सोने के कान के टाप्स एवं एक सेमसंग कम्पनी की टी.व्ही. जिसकी कुल अनुमानित कीमत लगभग 01 लाख 47 हजार रूपये का मशरूका बरामद किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी, निरीक्षक गौरव चाटे, सउनि. भीम बाक्सर, आरक्षक सौरभ पटेल, आरक्षक अभय तिवारी, आरक्षक नीलेश दुबे, आरक्षक उमेश्वर पाठक, आरक्षक कुलदीप साहू, आरक्षक राहुल दुबे, आरक्षक अनुराग दुबे एवं आरक्षक श्रेय अवस्थी की रही है।

## सुरों की मालिका को दी पुष्पांजलि




**नरसिंहपुर।** महान गायिका आशा भोसले बम्हलीन हो गई ।संगीत समाज के लिए यह एक अपूर्णनीय, क्षति है ।आनंदम म्यूजिकल ग्रुप नरसिंहपुर ने उनके गीतों को गुनगुनाकर श्रद्धांजलि दी ।कार्यकम में भारत विकास परिषद की रीजनल महिला प्रमुख भारती कौरव के द्वारा आशा जी के जीवन के महत्वपूर्ण पहलुओं को बताया ।भागीरथ विश्वकर्मा के द्वारा आशा जी का जाना संगीत समाज के लिया अपूर्णनीय क्षति है ।कार्यकम में माधव शिंद्रे, अनिल नेमा,अरविंद पाठक मुकेश शर्मा, बृजेश विश्वकर्मा, भागीरथ विश्वकर्मा, राजमणि विश्वकर्मा, विकास हार्दिक नेमा, किशन बरडिया, नीलू बरडिया, सुनीता झारिया आदि ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

# हर्षोल्लास से मनाई गई सेन महाराज की जयंती



नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)

सेन समाज द्वारा स्थानीय सदर मढिया स्थित तुलसी मानस भवन मे सेन समाज के आराध्य संत शिरोमणि भगवान सेन जी महाराज की 726 वीं जयंती मनाई गई। प्रात: सर्वप्रथम रामधुन मंडल में प्रसादी वितरण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। दोपहर को हवन - पूजन व चालीसा पाठ तथा महाआरती कर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान समाज के प्रतिभावान लोगों व मातृशक्ति, वरिष्ठ नागरिक, अतिथियों एवं प्रतिभागियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का समापन भंडारा प्रसादी वितरण के साथ किया गया। सांध्यकालीन विविध मंडलों मे प्रसादी वितरण की गई। प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल सेन समाज की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने संत शिरोमणि श्री सेन जी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर समारोह में मौजूद सेन समाज के नागरिकों को शुभकामनाएं दी। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि संत शिरोमणि श्री सेन जी महाराज के आदर्शों को अपनाएं। शिक्षा ग्रहण कर आदर्श समाज का निर्माण करें। इस अवसर पर रामसनेही पाठक और सेन समाज के पदाधिकारी व नागरिक गण मौजूद थे। उक्त मौके स्वजातीय बंधुओं द्वारा अपने - अपने प्रतिष्ठानों को बंद रखा गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष प्रदीप सेन, साहब लाल सेन, मुन्ना लाल सेन, मदन ऊमरे, मोनू सेन, प्रवेश सेन, आशीष सेन, अनूप सेन, रामचरण सेन, विजय सराठे, सतीश श्रीवास, ब्रजेश सेन, इमरात लाल, हेमंत सेन, हेमराज सेन, राजा सेन, लक्ष्मन सेन सहित सभी स्वाजातीय बंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन व आभार आयुष सराठे द्वारा किया गया।

## मनोकामनेश्वर मंदिर में सतीश सरस ने किया रचनापाठ



**नरसिंहपुर।** काव्य सप्ताह के अंतर्गत स्थानीय मनोकामनेश्वर मंदिर में गीतकार सतीश तिवारी सरस ने भगवान् राम और भक्त शिरोमणि श्री हनुमान पर केन्द्रित रचनाओं का पाठ कर माहौल को भक्तिमय बनाया ।उक्त अवसर पर उपस्थित भक्तगणों द्वारा हनुमान चालीसा,बजरंग बाण और भजन-कीर्तन भी प्रस्तुत किये गये ।कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय मंचों के ओज कवि अशोक त्रिपाठी सहित,मनोज बाजपेयी,गिरीश पटेललक्ष्मीकांत सरावगी,महेश नेमा,एडवोकेट अजय साहू,प्रो.के. एल. साहू,गोविन्द नेमा,जे.पी. श्रीवास्तव,दिनेश श्रीवास्तव,श्रीमती भागवती राय,एस.के. तिवारी,ओमप्रकाश पंड्या, रामचरण कश्यप,अशोक नेमा शशिकांत मिश्र,आर के महोबिया,पंडित मनीष गिरदोनिया,चौहान साहब,गंगाराम साहू एवं मंदिर समिति संचालक नारायण प्रसाद साहू की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## आम आदमी पार्टी ने बाबासाहेब को याद किया

**नरसिंहपुर।** आम आदमी पार्टी जिला नरसिंहपुर द्वारा ग्राम कौड़ियां में भारत रत्न, संविधान निर्माता बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती हर्षोल्लास और समानता के संकल्प के साथ मनाई। इस अवसर पर ग्राम कौड़ियां के अंबेडकर भवन में कार्यक्रम और पुष्पांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसमें आप के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं और स्थानीय निवासियों ने बाबासाहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की शुरुआत बाबासाहेब की प्रतिमा/चित्र पर माल्यार्पण और जय भीम के नारों के साथ हुई। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष देवी सिंह पटेल ने कहा, बाबासाहेब ने न केवल संविधान दिया, बल्कि हमें शिक्षा, समानता और आत्मनिर्भरता का मार्ग दिखाया। आम आदमी पार्टी बाबासाहेब के बताए रास्ते पर चलते हुए दिल्ली/पंजाब में शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में क्रांति ला रही है। इस कार्यक्रम में देवी सिंह पटेल (जिला अध्यक्ष) शैलेंद्र जाट, नरेश भार्गव, ओंकार पटेल, विपेंद्र मेहरा, लीलाधर धानक, पुरुषोत्तम कौरव, निषाद बबलू कहार नरेंद्र राजपूत, शशि भूषण शर्मा, राजा धानक, कालूराम ठाकुर बड़ी संख्या में आप कार्यकर्ता शामिल हुए।

## लैब की सौगात, छात्राओं को मिली साइकिल

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** विधायक संदीप प्रसाद जायसवाल द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वेंकट वार्ड कटनी में रोबोटिक एवं लैब का लोकार्पण किया गया। एवं विकासखंड स्तरीय छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया। विद्यालय में स्वीकृत भौतिकी रसायन एवं जीव विज्ञान की लैब के संबंध में जानकारी ली गई एवं निकट भविष्य में विद्यालय को सर्वसुविधा युक्त बनाने का आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद बीना बैनर्जी, पूर्व पार्षद अनिल खरे, छात्र छात्राओं के परिजन, कटनी बीआरसी, जनशिक्षक, के साथ शाला परिवार के सभी शिक्षक गण उपस्थित रहे। प्राचार्य प्रकाश द्विवेदी द्वारा सभी मेहमानों का आभार व्यक्त किया गया।

# शराब तस्करी में प्रयुक्त एक पिकअप वाहन जब्त

## अवैध शराब की तस्करी में लिप्त एक आरोपी गिरफ्तार

नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)

पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना के निर्देशन में अवैध शराब के विरुद्ध आपरेशन ईगल चला जा रहा है। अभियान के तहत जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में प्रभावी कार्यवाही करते हुए अवैध शराब की सप्लाई में संलिप्त व्यक्तियों को गिरफ्तार कर, बड़ी मात्रा में अवैध शराब जप्त की जा रही है। इसी क्रम में चौकी सिंहपुर, थाना स्टेशनगंज विगत रात्रि को रात्रि गश्त के दौरान पुलिस टीम को ग्राम नवलगांव-सिंहपुर रोड पर एक पिकअप वाहन आता हुआ दिखाई दिया जो पुलिस टीम को देखकर तेजी से भागने का प्रयास करने लगा जिससे वाहन अनियंत्रित होकर पेड से टकरा कर रूक गया। पुलिस टीम द्वारा उक्त वाहन की सदेहास्पद स्थिति में भागने पर वाहन की तलाशी ली गयी जिसमें भारी मात्रा में अवैध शराब भरी हुयी पायी गयी गयी। वाहन चालक से पूछताछ करने पर उसके द्वारा कोई संतोषजनक उत्तर नही दिया गया जिस पर उक्त वाहन को मय शराब के चौकी लाकर वाहन एवं उसमें भरी हुई अवैध शराब को जप्त किया गया एवं आरोपी गोविन्द पिता अशोक रैकवार, उम्र 29 निवासी सिंहपुर बडा को अभिरक्षा में लिया गया है। गिरफ्तार आरोपी द्वारा गहनता से पूछताछ पर उसके द्वारा जितेन्द्र घोषी, निवासी ग्राम ग्वारी, निवारी, आशीष उर्फ भूरा घोषी, निवासी ग्राम करहैयाखेडा, मनोहर शर्मा उर्फ बड्डू शर्मा, निवासी सिंहपुर एवं दीपेश शर्मा निवासी सिंहपुर की भी अवैध शराब की तस्करी में संलिप्तता स्वीकार की गयी है। प्रकरण में पांचों आरोपियों के विरूद्ध धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी स्टेशनगंज, निरीक्षक सौरभ पटेल, चौकी प्रभारी स्टेशनगंज उनि संजय सूर्यवंशी, सउनि विजय पटेल, आरक्षक यशराज एवं सैनिक दिनेश शर्मा की सराहनीय भूमिका रही है।

# कटनी जिले के 10वीं और 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित

## 10वीं के परीक्षा परिणाम में कटनी जिले की ऊंची छलांग

## राज्य के औसत परीक्षा परिणाम से बेहतर रहा कटनी जिले का रिजल्ट

कटनी (स्वतंत्रमत)

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल के समत्व भवन से बुधवार को माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा कक्षा 10वीं और 12वीं की आयोजित परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए। इसमें कटनी जिले के छात्र-छात्राओं ने अभूतपूर्व प्रदर्शन किया। कटनी जिले का इस साल का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम 84.42 फीसदी रहा। जो पिछले वर्ष से 3 प्रतिशत अधिक है। इस वर्ष जिले की प्रदेश में रैंक 11 वीं है। जबकि पिछले वर्ष 17वीं रैंक थी। जबकि बारहवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम 79.58 प्रतिशत रहा। 12वीं के परीक्षा परिणाम के नजरिये से इस साल प्रदेश की मेरिट में जिले का 27वां स्थान है। परीक्षा की तैयारी के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा प्राचार्यों की नियमित अंतराल पर ली गई समीक्षा बैठकों के साथ-साथ छात्रों के लिए परीक्षा के एक माह पहले से सक्सेस 3.0 के तहत प्रतिदिन परीक्षा की तैयारी कराने से बेहतर परिणाम की सफलता मिली है। यह सभी प्रश्न पत्र शासकीय विद्यालयों के शिक्षकों के द्वारा तैयार कर स्कूलों में भेजे जाते थे। इसी मापदंड के आधार पर छात्रों को अध्ययन, अध्यापन कराने से सफलता मिली है। परीक्षा परिणाम की बेहतरी के लिए कलेक्टर ने सदैव शिक्षा अधिकारियों, शिक्षकों और प्राचार्यों को छात्रों को पढ़ाई हेतु निरंतर प्रेरित और प्रोत्साहित करते रहने की बात कहते रहे हैं। पिछले साल का कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम जहां 81.13 फीसदी रहा था, वहीं इस वर्ष यह परिणाम बढ़ कर अब 84.42 प्रतिशत हो गया है। इस प्रकार 10वीं के परीक्षा परिणाम में कुल 3.29 फीसदी की वृद्धि हुई है। जबकि कटनी जिले के बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में बीते साल की तुलना में 2.81 फीसदी की कमी हुई है। इस साल 12 वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम 79.58 प्रतिशत रहाए जो पिछले साल के परीक्षा परिणाम 82.39 प्रतिशत से कम है।

कक्षा 10वीं प्रदेश स्तर में मेरिट

| स.क. | नाम | पिता का नाम | संस्था का नाग | रोल नम्बर | संकाय | प्राप्तांक 500 में से | प्रदेश की मेरिट में स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री आदित्य तिवारी | श्री मनोज कुमार तिवारी | किड्स अकादमी खन्ना बंजारी बरही | 167230157 | — | 493 | सातवां |
| 2 | कु.प्रतिभा | श्री सोनेलाल साहू | शास.माडल उ.मा. वि.बड़वारा | 167231695 | — | 493 | सातवां |
| 3 | श्री सौरभ सिंह मार्को | श्री प्रताप सिंह मार्को | सरस्वती शिशु मंदिर हा.से.स्कूल बरही | 167229991 | — | 492 | आठवां |
| 4 | कु. श्वेता पाण्डे | श्री उमाशंकर पाण्डे | नोबल हार्ट पब्लिक उ.मा.वि.कटनी | 167237925 | — | 492 | आठवां |
| 5 | कु. खुश्बू लोधी | श्री उदयभान लोधी | शास.उ.मा.वि.हर्रैया | 167234933 | — | 491 | नौवां |
| 6 | कु. शिवानी | श्री विनोद कुमार | शास.हाईस्कूल देवराखुर्द | 167226390 | — | 490 | दसवां |
| 7 | कु. तन्वी गुप्ता | श्री सत्यनारायण गुप्ता | ग्रेस मिशन इंगलिश उ.मा.वि.स्लीमनाबाद | 167228926 | — | 940 | दसवां |

शैक्षणिक परीक्षा सत्र 2026
कक्षा 12वीं प्रदेश स्तर में मेरिट

| स.क. | नाम | पिता का नाम | संस्था का नाम | रोल नम्बर | संकाय | प्राप्तांक 500 में से | प्रदेश की मेरिट में स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | शिवम लोधी | श्री मदन | पुष्कर पब्लिक उ. मा.वि.झण्डा चौक उमरियापान | 267228170 | गणित | 488 | पांचवा स्थान |
| 2 | सव्यसांची पाण्डे | श्री प्रवीण पाण्डे | ग्रेश मिशन इंगलिश उ.मा.वि.स्लीमनाबाद | 267228680 | गणित | 485 | आठवां स्थान |

## राज्य के परीक्षा परिणाम से बेहतर है कटनी का रिजल्ट

बोर्ड परीक्षाओं के राज्य के औसत परीक्षा परिणामों की तुलना में कटनी जिले का 10वीं और 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम कहीं बेहतर है। कक्षा 10वीं की परीक्षा में राज्य का औसत परीक्षा परीणाम 73.42 प्रतिशत रहा। जबकि कटनी जिले का 10वीं कक्षा का परिणाम 84.42 फीसदी है। इस प्रकार राज्य की तुलना में जिले के परीक्षा परिणाम से 11 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसी प्रकार कक्षा 12वीं में राज्य का औसत परीक्षा परिणाम 76.01 फीसदी है। जबकि कटनी जिले का परीक्षा परिणाम 79.58 फीसदी है, जो राज्य के कक्षा 12 वीं के औसत परीक्षा परिणाम से 3.57 फीसदी अधिक है। कलेक्टर ने 10वीं व 12वीं की परीक्षा पास करने वाले छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों और अध्यापकों को हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने परीक्षा मे सफल हुए सभी छात्रों के परिश्रम और लगन की सराहना करते हुए कहा कि ये सभी छात्र कटनी जिले का स्वर्णिम भविष्य है। कलेक्टर ने कहा है कि जिन छात्रों के अंक परीक्षा में कम आये है या फिर किसी कारण से वे परीक्षा से असफल हो गए है उन्हे निराश और हताश होने की जरूरत नहीं है। कलेक्टर ने कहा कि बेसक असफलता निराश और दुखी करती है लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि आप आगे कुछ और नहीं कर सकते। असफलता से ही सफलता का मार्ग प्रशस्त होता है। इसलिए असफल छात्र धैर्य और साहस बनाये रखें और कड़ी मेहनत कर इतिहास रच दें। बताते चलें कि बुधवार को घोषित परीक्षा परिणाम में कटनी जिले की 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में राज्य स्तर पर 11वां स्थान है। वहीं 12 वीं कक्षा के परिणाम के मामले में कटनी जिले की प्रदेश में 27वीं रैंक है।

## निजी स्कूलों से बेहतर रहा शासकीय स्कूलों का परीक्षा परिणाम

माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 10वीं और 12वीं का बुधवार को घोषित किये गये परीक्षा परिणाम के मुताबिक कटनी जिले के शासकीय स्कूलों का परीक्षा परिणाम निजी स्कूलों की तुलना में बेहतर रहा। कटनी जिले के शासकीय स्कूलों का कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम जहां 84.42 प्रतिशत रहा वहीं अशासकीय व निजी स्कूलों का परीक्षा परिणाम 74.56 प्रतिशत रहा। इस प्रकार सरकारी स्कूलों का परिणाम निजी स्कूलों की तुलना में 9.86 फीसदी अधिक रहा। इसी प्रकार कक्षा 12 वीं के शासकीय स्कूलों का परीक्षा परिणाम 81.72 फीसदी रहा वहीं निजी स्कूलों का परीक्षा परिणाम 73.96 प्रतिशत रहा। इस प्रकार कक्षा 12वीं में भी शासकीय स्कूलों ने बाजी मारी। इस प्रकार सरकारी स्कूलों का परिणाम निजी स्कूलों की तुलना में 7.76 फीसदी अधिक है।

## दसवीं बोर्ड परीक्षा मैरिट में विजयराघवगढ़ विधानसभा के तीन छात्रों ने बनाया स्थान

मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 10 वीं बोर्ड के परिणामों में विजयराघवगढ़ विधानसभा के तीन छात्र छात्रों ने अपनी मेहनत से प्राप्त अंकों के आधार पर प्रवीण सूची में स्थान बनाया है। प्रवीण सूची में स्थान बनाने वाले तीनों छात्र छात्राओं एवं परिजनों को विधायक संजय पाठक ने फोन के माध्यम से बधाई शुभकामनाएं प्रदान करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रदेश की प्रवीण सूची में विजयराघवगढ़ से स्थान बनाने वाले किड्स वे अकादमी स्कूल बरही से आदित्य तिवारी पिता मनोज तिवारी 493/500 सातवां स्थान, सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरही के सौरभ सिंह मार्को पिता प्रताप सिंह मार्को 492/500 आठवां स्थान, इसी तरह ग्राम हरैया के शा.उच्च. मध्य. विद्या. की कु. खुशबू लोधी पिता उदयभान लोधी 491/500 नौवां स्थान प्राप्त किया। माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्य प्रदेश द्वारा कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। इस परीक्षा में सफलता अर्जित करने वाले सभी विद्यार्थियों, उनके सुयोग्य गुरुजनों एवं अभिभावकों को हार्दिक बधाई देता हूं। विजयराघवगढ़ विधानसभा से मेरिट लिस्ट में आने वाले तीनों प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई। आपकी कड़ी मेहनत और समर्पण ने सफलता के नए आयाम स्थापित किए हैं। यह उपलब्धि आपके उज्वल भविष्य की नींव है, इसी तरह मुस्कुराते हुए मेहनत करते रहें और आगे बढ़ते रहें। जो विद्यार्थी इस बार अपेक्षित परिणाम प्राप्त नहीं कर सके हैं, वे तनिक भी निराश न होंय यह मात्र एक पड़ाव है, मंजिल नहीं। अटूट धैर्य और निरंतर परिश्रम से सफलता अवश्य आपके कदम चूमेगी। आप सभी के उज्वल एवं सुखद भविष्य की मंगलकामनाएं।

## ग्रेस मिशन स्कूल स्लीमनाबाद के विद्यार्थियों ने प्रदेश की टॉप सूची में बनाया स्थान





ग्रेस मिशन इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल, स्लीमनाबाद के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देकर विद्यालय, परिवार एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय के कक्षा 12वीं गणित संकाय के छात्र साव्यसचि पांडे ने 97 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रदेश की टॉप 10 सूची में आठवां स्थान प्राप्त किया। उनकी इस शानदार उपलब्धि से विद्यालय परिवार में खुशी की लहर है। इसी क्रम में कक्षा 10वीं की छात्रा तनवी गुप्ता अग्रहरि ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश की टॉप 10 सूची में दसवां स्थान हासिल किया। उनकी इस सफलता ने विद्यालय के साथ-साथ पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। दोनों विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य जी. आर. भारद्वाज ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें उज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और विद्यालय के सकारात्मक वातावरण का परिणाम है। विद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं स्टाफ ने भी दोनों छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ग्रेस मिशन स्कूल के इन होनहार विद्यार्थियों ने यह सिद्ध कर दिया है कि लगन, परिश्रम और सही मार्गदर्शन से सफलता के उच्चतम शिखर को प्राप्त किया जा सकता है।

## गणित समूह से प्रदेश टॉपर बने सव्यसाँची पांडेय

स्थानीय ग्रेस मिशन हायर सेकेंडरी स्कूल के कक्षा 12वीं गणित समूह के छात्र सव्यसाँची पांडेय पिता प्रवीण पांडे माता अंजना पांडेय ने कक्षा 12वीं में 97 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रदेश की टॉप 10 सूची में आठवाँ स्थान पर रहकर स्कूल का गौरवांवित किया है टॉपर छात्र साव्या पांडे ने बताया कि वह आगे यूपीएससी की तैयारी कर सिविल सेवा के द्वारा देश की सेवा करना चाहता है इस सफलता का श्रेय उन्होंने अपने माता-पिता और गुरुजनों व ईश्वर को दिया।



## हाई स्कूल परीक्षा में टॉपर बनी तनवी गुप्ता

स्लीमनाबाद सफलता किसी की मोहताज नहीं होती और एक छोटे से गांव छपरा में रहकर पढ़ने वाली छात्र जो की ग्रेस मिशन हायर सेकेंडरी स्कूल स्लीमनाबाद के अंतर्गत कक्षा दसवीं क्लास की छात्र तनवी गुप्ता अग्रहरि पिता सत्यनारायण गुप्ता माता शुभा गुप्ता ने 98 प्रतिशत अंक अर्जित कर मध्य प्रदेश की टॉप 10 सूची में दसवीं स्थान पर अंक अर्जित कर स्कूल का नाम रोशन किया है छात्र तनवी ने बताया कि वह जेईई करके इंजीनियरिंग करना चाहती है।



## डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर गरिमामय कार्यक्रम

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** 13 अप्रैल को आयकर कार्यालय में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। डॉ. अम्बेडकर के चित्र पर आर.एन. भारती बने आयकर विभाग के संयुक्त आयुक्त के द्वारा माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इसके पश्चात उपस्थित आयकर अधिकारी माधवेन्द्र प्रताप सिंह और आयकर अधिकारी विशाल कश्यप द्वारा उनके जीवन, संघर्ष और संविधान निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान पर प्रकाश डाला गया। इस पावन अवसर पर टैक्स बार एसोसिएशन एंड सीए एसोसिएशन के सदस्य उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने सामाजिक समानता, न्याय एवं भाईचारे के उनके संदेश को आज के समय में अत्यंत प्रासंगिक बताया तथा सभी से उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। साथ ही साथ इस अवसर पर आयकर निरीक्षक, अभिषेक सोनकर, आयकर निरीक्षक मनोज कुमार सिंह, आयकर आधीक्षक उमेश कुमार ने अपने अपने विचार रखे। इस जागरूकता कार्यक्रम एवं विचार-विमर्श सत्र भी आयोजित किए गए, जिनमें कर्मचारियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम का समापन सभी उपस्थित जनों द्वारा डॉ. अम्बेडकर के सिद्धांतों का पालन करने तथा एक समावेशी और न्यायपूर्ण समाज के निर्माण का संकल्प लेकर किया गया।

# नागरिकों को अग्नि सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

## अग्निशमन सेवा दिवस पर शहीद दमकल कर्मियों को श्रद्धांजलि

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** नगर पालिक निगम के सिविल लाइन स्थित अग्निशमन कार्यालय में अग्निशमन सेवा दिवस के अवसर पर निगमायुक्त तपस्या परिहार, निगम प्रशासन एवं अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा वर्ष 1944 में मुंबई डॉकयार्ड में हुए भीषण विस्फोट में कर्तव्य निभाते हुए शहीद हुए 66 दमकल कर्मियों को श्रद्धांजलि देते हुए दो मिनट का मौन रखकर उनके सर्वोच्च बलिदान को स्मरण किया गया। कार्यक्रम में पार्षद अवकाश जायसवाल, मौसुफ अहमद बिट्टू, कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा, असित खरे, अंशुमान सिंह, राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक, उपयंत्री मृदुल श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी एवं अग्निशमन विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निगमायुक्त तपस्या परिहार ने कहा कि अग्निशमन कर्मी विषम परिस्थितियों में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं, जो अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे अग्नि दुर्घटनाओं से बचाव हेतु आवश्यक सावधानियां अपनाएं तथा जागरूकता बढ़ाने में सहयोग करें। साथ ही अग्निशमन कार्यालय के सुचारु संचालन हेतु आधुनिक संसाधन एवं बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर अग्नि सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से तीन फायर वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। ये वाहन शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए नागरिकों को आग से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करते रहे। रैली के माध्यम से



आग लगने की स्थिति में तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना देने, विद्युत उपकरणों का सुरक्षित उपयोग करने तथा ज्वलनशील पदार्थों के प्रति सतर्कता बरतने जैसे महत्वपूर्ण संदेश प्रसारित किए गए। कार्यक्रम के दौरान अग्निशमन दल के कर्मियों द्वारा अग्निशमन गीत की शानदार प्रस्तुति भी दी गई। उल्लेखनीय है कि भारत में प्रत्येक वर्ष 14 अप्रैल को अग्निशमन सेवा दिवस मनाया जाता है, जो 1944 में मुंबई में 'एसएस फोर्ट स्टिकाइन' जहाज पर हुए भीषण विस्फोट में शहीद हुए दमकल कर्मियों की स्मृति में मनाया जाता है। इस अवसर पर सहायक यंत्री अनिल जायसवाल, उपयंत्री शैलेन्द्र प्यासी, स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी, फायर निरीक्षक शैलेंद्र दुबे, पारसनाथ प्रजापति, कर्मचारी संघ अध्यक्ष एवं निगम के पूर्व अधिकारी गणेश बिचपुरिया, विष्णु प्रसाद साहू, श्रीराम चौरसिया, अरविंद प्यासी, समाजसेवी अजय सरावगी सहित फायर अमले के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अवैध शराब के ठिकानों पर कोतवाली पुलिस की दबिश

## अलग-अलग स्थानों से 15 हजार मूल्य की 150 पाव अवैध देशी शराब बरामद

कटनी (स्वतंत्रमत)



पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा अवैध शराब के विरूद्ध संपूर्ण जिले में ऑपरेशन शिकंजा अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत अवैध मादक पदार्थों का विक्रय करने वालों, अवैध रूप से संचालित पैकारियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए पूर्ण रूप से अंकुश लगाए जाने हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके पालन में 13 अप्रैल को थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक राखी पाण्डेय व उनकी टीम के द्वारा अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी की कार्यवाही करते हुए बड़ी मात्रा में अवैध देशी शराब के साथ 04 आरोपियों को पकड़ने में सफलता प्राप्त की गई। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर गांधी गंज कटनी निवासी शुभम पाण्डेय पिता दिलीप पाण्डेय को मोबाईल फोन पर ऑनलाईन सट्टा खेलते पाए जाने पर विधिवत कार्यवाही करते हुए अप.क्र. 373/26 धारा 4क सट्टा एक्ट का पंजीबद्ध किया गया है। अवैध शराब के विरूद्ध कार्यवाही के दौरान चौपाटी के पास से मेहबूब पिता शेख हबीब उम्र 45 वर्ष के कब्जे से 34 पाव देशी मदिरा कीमती 3400 रू, कैलवारा खुर्द के पास से पवन पिता रघुनाथ प्रसाद दुबे उम्र 47 वर्ष नि. कैलवारा खुर्द के कब्जे से 45 पाव देशी शराब कीमती 4500 रू, चौधरी मोहल्ला सावरकर वार्ड कटनी निवासी रूबी अहिरवार पति स्व. नत्थू अहिरवार के कब्जे से 40 पाव देशी शराब कीमती 4000 रू एवं खिरहनी फाटक निवासी हीरालाल पिता अयोध्या प्रसाद निषाद के कब्जे से 29 पाव अवैध देशी शराब कीमती 2900 रू की बरामद की गई है। सभी आरोपियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34, के तहत क्रमशः अपराध क्रमांक 369/26, 370/26, 370/26, 371/26 पंजीबद्ध किए जाकर विवेचना में लिए गए है।

# कलेक्टर ने किया जिला कोषालय के स्ट्रांग रूम का सत्यापन



कटनी (स्वतंत्रमत)

वित्तीय वर्ष 2025-26 की समाप्ति के पश्चात कलेक्टर आशीष तिवारी ने बुधवार को जिला कोषालय के स्ट्रॉन्ग रूम का विधिवत भौतिक सत्यापन किया। निरीक्षण के दौरान कोषालय की समस्त व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। सत्यापन के उपरांत कलेक्टर ने जिला कोषालय की देयक शाखा, खजांची कक्ष सहित समस्त शाखाओं का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कोषालय के अभिलेखों एवं कार्यप्रणाली का सूक्ष्मता से निरीक्षण किया और जिला कोषालय अधिकारी अरविंद सिंह को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डिप्टी कलेक्टर प्रदीप कुमार मिश्रा, जिला कोषालय अधिकारी अरविंद सिंह ठाकुर, सहायक कोषालय अधिकारी जयकुमार बोहत, सहायक कोषालय अधिकारी अभय कुजूर, खजांची करुणेश दुबे, लेखा सहायक भामा शाह सहित अन्य कार्यालयीन कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जिला कोर्ट में वरिष्ठ अधिवक्ता को ठगने की कोशिश

## बंद लिफाफे में मनोरंजन बैंक के 500 के नोटों की गड्डी थमाई

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** कटनी जिला न्यायालय में उस समय अफरातफरी का माहौल दिखा जब एक केस की पैरवी कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता रविंद्र जायसवाल के जूनियर वकील को क्लाइंट ने एक बंद लिफाफे में फीस के रूप में नकली नोट देकर भाग गया। जिला न्यायालय कटनी में घटित इस घटना की पूरे न्यायालय परिसर में चर्चा थी सूत्रों के अनुसार कटनी



जिला न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता रविंद्र जायसवाल के कार्यालय से जूनियर वकील द्वारा बरही क्षेत्र के एक नवयुवक का केस लड़ रहे थे और केस के अंतिम पड़ाव पर होने के कारण उसे फीस जमा करना था। उसे स्वेच्छा अनुसार फीस जमा करने को कहा गया और वह युवक अधिवक्ता कार्यालय के बाहर जूनियर वकील को जब फीस दे रहा था तभी वरिष्ठ अधिवक्ता रविंद्र जायसवाल ने अपने जूनियर अधिवक्ता प्रमोद तिवारी टिंकू को इशारा करते हुए कहा कि जरा देख लीजिए और जैसे ही प्रमोद तिवारी बाहर जाकर फीस दे रहे युवक से कहा कि फीस दे दी तब क्लाइंट ने कहा कि दे दी है। अधिकता तिवारी ने तुरंत साथी एडवोकेट को कहा कि फीस वाला लिफाफा तो चेक कर लो जैसे ही लिफाफा खुल खड़े सभी जूनियर अधिवक्ता दंग रह गए और उन्होंने वरिष्ठ अधिवक्ता रविंद्र जायसवाल को बताया कि यह तो मनोरंजन बैंक कूपन के नोट है और जब अधिवक्ताओं ने उस क्लाइंट को पलट कर देखा तो क्लाइंट नदारत था काफी ढूंढने के बाद वह मिला तो वह माफी मांगने लगा। कटनी जिला सत्र न्यायालय में इस घटना की जोरदार चर्चा रही।

## कलेक्टर ने संबल योजनांतर्गत लंबित आवेदनों के त्वरित निराकरण के दिये निर्देश

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** कलेक्टर आशीष तिवारी ने जिले के सभी नगरीय निकायों और जनपद पंचायतों में संबल योजना के अंतर्गत लंबित नवीन पंजीयन एवं अनुग्रह सहायता के आवेदनों का त्वरित निराकरण के निर्देश दिये हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि इससे संबंधित सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों का भी संतुष्टिपूर्वक सुनिश्चित हो। कटनी जिले के अतंर्गत वर्तमान में 12 हजार 253 आवेदन पंजीयन के एवं 337 अनुग्रह सहायता के आवेदन निकाय स्तर पर निराकरण हेतु लंबित हैं। मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना अंतर्गत पंजीयन एवं अनुग्रह सहायता संबंधी प्राप्त आवेदनों पर 7 दिन में निराकरण किया जाना प्रावधानित है। कलेक्टर ने कहा है कि संबल योजना अंतर्गत पंजीयन एवं अनुग्रह सहायता आवेदनों के निराकरण की प्रक्रिया को त्वरित निराकरण की दृष्टि से सुगम रखा गया है। आवेदनों का समयबद्ध निराकरण नहीं होंने के कारण नागरिकों में असंतोष की भावना उतपन्न होती है। जिसके कारण सी. एम. हेल्प लाईन अथवा शिकायत निवारण प्लेटफार्म पर शिकायतों की सँख्या में वृद्धि होती है। संबल योजना के तहत जनपद पंचायत बड़वारा में सर्वाधिक 3 हजार 347 आवेदन लंबित है। जबकि जनपद पंचायत बहोरीबंद में 2 हजार 170, जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा में 775, जनपद पंचायत कटनी में 810, जनपद पंचायत रीठी में 487, जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ में 2 हजार 948 आवेदन लंबित है। इसी प्रकार नगर निगम कटनी में 95, नगर परिषद बरही में 264, नगर परिषद कैमोर में 533, नगर परिषद विजयराघवगढ़ में 322 आवेदन लंबित है।

# हार्दिक और सूर्यकुमार को चहल से बचकर रहना होगा

मुंबई (वार्ता)।

आईपीएल 2026 में मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स गुरुवार को एक-दूसरे के आमने-सामने होंगे। दोनों टीमों के बीच टक्कर हमेशा कांटे की रही है। 34 मुकाबलों में दोनों टीमें बराबरी पर हैं, जबकि वानखेड़े में भी हिसाब 5-5 का है। 2025 सीजन में पंजाब किंग्स ने दोनों मैच अपने नाम किए थे। ऐसे में गुरुवार को वानखेड़े में होने वाला यह मुकाबला संतुलन बदलने का बड़ा मौक़ा लेकर आ रहा है।

### वानखेड़े में इस सीजन हो रही है रनों की बारिश

इस सीज़न वानखेड़े में अब तक चार बार 200 से ज़्यादा के स्कोर बन चुके हैं। केकेआर ने यहां 220/4, मुंबई इंडियंस ने 224/4 और 222/5, जबकि आरसीबी ने 240/4 का स्कोर बनाया है। 200 प्लस स्कोर के मामले में वानखेड़े और चिन्नास्वामी स्टेडियम संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं, दोनों के नाम 4-4 स्कोर हैं। रन रेट के लिहाज़ से भी वानखेड़े और चिन्नास्वामी (11.4) सबसे आगे हैं।

### चहल की फिरकी से बचकर रहना होगा

एमआई के ख़िलाफ़ युजवेंद्र चहल का रिकॉर्ड काफ़ी मजबूत है, जहां उन्होंने 21 पारियों में 16.2 के स्ट्राइक रेट से 30 विकेट चटकाए हैं। चहल ने सूर्यकुमार यादव को 13 पारियों में चार बार आउट किया है, वहीं हार्दिक पंड्या को भी 15 पारियों में चार बार पवेलियन भेजा है और उनके ख़िलाफ़ महज़ 95 के स्ट्राइक रेट से रन दिए हैं। आईपीएल 2026 की बात करें तो चहल ने तीन पारियों में 8.2 की इकॉनमी से तीन विकेट लिए हैं। दाएं हाथ के बल्लेबाज़ों के ख़िलाफ़ पिछले सीज़न से अब तक उन्होंने 16 पारियों में 16 विकेट झटके हैं।

### बुमराह और अर्शदीप का ख़राब दौर

जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप इस सीजन में अब तक लय हासिल नहीं कर पाए हैं। बुमराह ने चार पारियों में एक भी विकेट नहीं लिया है। इससे पहले 2014 में उनके साथ ऐसा हुआ था। वहीं अर्शदीप ने चार पारियों में सिर्फ़ दो विकेट लिए हैं, उनका इकॉनमी




10.6 और स्ट्राइक रेट 42 है। खास तौर पर पावरप्ले में वह पिछली 10 पारियों में 20 ओवर डालकर भी एक भी विकेट नहीं ले पाए हैं, जहां उनका इकॉनमी 10.8 रहा है।

### सूर्या सर, अब चमकने का समय आ गया है

सूर्यकुमार यादव का इस सीजन आगाज धीमा रहा है। इस सीजन उन्होंने चार पारियों में 26.5 की औसत और 154 के स्ट्राइक रेट से 106 रन बनाए हैं, जिसमें एक अर्धशतक शामिल है। तेज़ गेंदबाज़ों के ख़िलाफ़ वह तीन बार आउट हुए हैं। सिर्फ़ यही नहीं, तेज गेंदबाज़ों के ख़िलाफ़ उनका औसत 9.7 और स्ट्राइक रेट 171 है। हालांकि पंजाब के ख़िलाफ़ उनका रिकॉर्ड शानदार रहा है, जहां उन्होंने 20 पारियों में 31.9 की औसत और 157 के स्ट्राइक रेट से 606 रन बनाए हैं। किसी एक टीम के ख़िलाफ़ यह उनका सबसे बड़ा आंकड़ा है।

### रदरफ़ोर्ड कर सकते हैं कमाल

शर्फ़ेन रदरफ़ोर्ड ने पिछले मैच में 31 गेंदों में 71 रन बनाए और नौ छक्के लगाए। आरआर के ख़िलाफ़ भी उन्होंने छोटी लेकिन महत्वपूर्ण पारी खेली थी। इस सीज़न में तीन पारियों में उन्होंने 101 रन बनाए हैं, औसत 50.5 और स्ट्राइक रेट 220 रहा है। ख़ास तौर पर 17 से 20 ओवर के बीच उन्होंने 52 रन बनाए हैं, जहां स्ट्राइक रेट 274 का रहा है।

### पावरप्ले में एमआई खूब रन लुटा रहा है

पावरप्ले में एमआई की परेशानी लगातार बनी हुई है, जहां लगातार दूसरे मैच में टीम एक भी विकेट नहीं ले सकी और 71 रन ख़र्च कर दिए। इस सीज़न पावरप्ले में एमआई ने तीन विकेट लिए हैं। इस दौरान उनकी इकॉनमी 11.7 और स्ट्राइक रेट 43 का रहा है, जबकि बाउंड्री प्रतिशत 79 है। पावरप्ले में उनके ख़िलाफ़ 71/0, 59/0 (3.2 ओवर में), 42/2 और 78/1 का स्कोर बना है।

### प्रभसिमरन और प्रियांश अच्छी लय में

प्रभसिमरन और प्रियांश की जोड़ी एक बार फिर अपना असर छोड़ रही है। इन दोनों ने पिछले तीन मैचों में दो बार 50 से अधिक रनों की साझेदारी की है। आईपीएल में इस जोड़ी ने अब तक 20 पारियों में 35.0 के औसत और 172 के स्ट्राइक रेट से 699 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतकीय और तीन अर्धशतकीय साझेदारियां शामिल हैं। इस सीज़न इन्होंने एसआरएच के ख़िलाफ़ 99 और सीएसके के ख़िलाफ़ 61 रनों की अहम साझेदारी की। प्रियांश ने तीन पारियों में 264 के विस्फोटक स्ट्राइक रेट से 103 रन बनाए हैं, जबकि प्रभसिमरन ने इतने ही मैचों में 43.7 के औसत से 131 रन जोड़े हैं।

### सरपंच साहब पिछले साल वाला ही खेल दिखा रहे हैं

श्रेयस अय्यर इस सीजन कमाल की लय में हैं। एसआरएच के ख़िलाफ़ 33 गेंदों में नाबाद 69 रन बनाकर एक बार फिर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। आईपीएल 2026 में उन्होंने अब तक तीन पारियों में 68.5 के औसत और 188 के स्ट्राइक रेट से 137 रन बनाए हैं, जिसमें दो अर्धशतक शामिल हैं। मिडिल ओवर्स में उन्होंने महज़ एक बार आउट होकर 202 के स्ट्राइक रेट से 119 रन बटोरे हैं। 2024 से उनका प्रदर्शन शानदार रहा है, जहां 15 पारियों में 566 रन 94.3 के औसत और 172 के स्ट्राइक रेट से आए हैं।




## पर्पल कैप तालिका में कम्बोज और प्रसिद्ध संयुक्त रूप से शीर्ष पर

**चेन्नई (वार्ता)।** दे दनादन क्रिकेट इंडियन प्रमियर लीग (आईपीएल) 2026 जैसे -जैसे आगे बढ़ता जा रहा है अब हर दिन पर्पल और ऑरेंज कैप तालिका में बदलाव हो रहे है। इसी क्रम में मंगलवार को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के बीच हुए मुकाबले के बाद अंशुल कम्बोज और प्रसिद्ध कृष्णा पर्पल केप तालिका में संयुक्त रुप से शीर्ष पर पहुंच गये है। सीएसके के मध्यम तेज गेंदबाज अंशुल कम्बोज अब तक एक भी मैच ऐसा नहीं खेले हैं जिसमें उन्हें विकेट न मिला हो। पांच मैचों में सिर्फ़ एक बार ऐसा हुआ जब वे दो या उससे अधिक विकेट नहीं ले सके। एमए चिंदबरम स्टेडियम में खेले कल खेले गये मुकाबले में कम्बोज ने केकेआर के खिलाफ 32 रन देकर 2 विकेट झटके इसी के साथ उनके इस सीजन में कुल 10 विकेट हो गए। अब वे प्रसिद्ध कृष्णा (गुजरात टाइटंस) के साथ संयुक्त रूप से टॉप पर पहुंच गए हैं। हालांकि बेहतर इकॉनमी रेट के चलते पर्पल कैप अभी भी कृष्णा के पास ही है। इस तालिका में रवि बिश्नोई (राजस्थान रॉयल्स) नौ विकेट के साथ तीसरे नंबर पर हैं। उनके बाद जोफ्रा आर्चर सात विकेट के साथ चौथे नंबर पर हैं। इसके बाद तीन गेंदबाज छह-छह विकेट के साथ मौजूद हैं, प्रिंस यादव (लखनऊ सुपर जायंट्स), जैकब डफी (रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु) और केकेआर के वैभव अरोड़ा, जिन्होंने सीएसके के खिलाफ एक विकेट हासिल किया।

## विक्टर एक्सेलसन ने 32 साल की उम्र में संन्यास लिया



**बीजिंग (वार्ता)।** डेनमार्क के लीजेंड बैडमिंटन खिलाड़ी विक्टर एक्सेलसन ने लगातार पीठ की चोट की वजह से 32 साल की उम्र में प्रोफेशनल बैडमिंटन से संन्यास लेने का ऐलान किया है। दो बार के ओलंपिक चैंपियन ने सोशल मीडिया पर लिखा, आज का दिन मेरे लिए आसान नहीं है... उन्होंने अपनी पुरानी चोट से जूझने के बारे में बताया। एंडोस्कोपिक सर्जरी, कई इंजेक्शन, नई ट्रेनिंग के तरीके, इलाज, और लंबे समय तक दर्द से छुटकारा पाने के लिए हर तरह की कोशिश करने के बाद, मुझे अपनी लंबे समय की सेहत पर ध्यान देने की सलाह दी गई है। एक्सेलसन के करियर में कई बड़ी कामयाबियां रहीं, जिससे बैडमिंटन के जाने-माने खिलाड़ियों में से एक के तौर पर उनका नाम पक्का हो गया। उन्होंने बीडब्ल्यूएफ मेन्स सिंगल्स वर्ल्ड नंबर 1 के तौर पर कुल 183 हफ़्ते बिताए, जिसमें उन्होंने दो ओलंपिक गोल्ड मेडल, दो वर्ल्ड चैंपियनशिप टाइटल और तीन यूरोपियन चैंपियनशिप क्राउन जीते, साथ ही डेनमार्क को थॉमस कप जीतने में मदद की। अपने सोशल मीडिया पोस्ट में अपने सफर के बारे में बताते हुए, बैडमिंटन स्टार ने शुक्रिया और गर्व भी जताया। च्जिस दिन से मैंने पहली बार रैकेट उठाया, मुझे पता था कि मेरा सपना दुनिया में बेस्ट बनना है।

## रोहित शर्मा पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच नहीं खेल पाएंगे

**मुंबई (वार्ता)।** मुंबई इंडियंस के ओपनर रोहित शर्मा गुरुवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग का मैच नहीं खेल पाएंगे। उनकी गैरमौजूदगी का ऑफिशियल कारण, और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ मुंबई इंडियंस के पिछले गेम के दौरान लगी हैमस्ट्रिंग की चोट कितनी गंभीर है, यह एमआई मैनेजमेंट बुधवार शाम को प्री-मैच मीडिया कॉन्फ्रेंस में बताएगा। हालांकि, अभी तक की जानकारी यह है कि एमआई के स्टार खिलाड़ी पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच नहीं खेल पाएंगे। रोहित को आरसीबी के खिलाफ मैच की दूसरी इनिंग के दौरान हैमस्ट्रिंग में चोट लग गई थी, और रन-चेज के छठे ओवर में वह रिटायर्ड हर्ट हो गए।

**टी 20 विश्व कप चैलेंज से पहले दो फेवरेट टीमें**

## भारत और साउथ अफ्रीका अपनी तैयारियों में जुटेंगी

डरबन (वार्ता)।

आईसीसी विमेंस टी 20 वर्ल्ड कप 2026 में अब दो महीने से भी कम समय बचा है, पिछले एडिशन की रनर-अप दक्षिण अफ्रीका और मौजूदा आईसीसी विमेंस क्रिकेट वर्ल्ड कप विनर इंडिया जून में होने वाले इस ग्लोबल मेगा-इवेंट से पहले अपनी तैयारी करना चाहेंगी। आने वाला टूर्नामेंट अब तक का सबसे बड़ा विमेंस टी20 वर्ल्ड कप होगा जो अब तक की सबसे बड़ी रिकॉर्ड प्राइज मनी पॉट के लिए खेला जाएगा। भारत और दक्षिण अफ्रीका दोनों ही टूर्नामेंट के ग्रुप ए का हिस्सा हैं, और 21 जून को मैनचेस्टर में उनका मैच होना है। दोनों टीमें अलग-अलग मौकों पर टाइटल जीतने के करीब पहुंची हैं, भारत, ऑस्ट्रेलिया में 2020 एडिशन में फाइनलिस्ट रही थी, जबकि दक्षिण अफ्रीका 2023 और 2024 एडिशन में रनर-अप रही थी। आईसीसी के अनुसार, इस ऐतिहासिक बैकग्राउंड और हर टीम के पास मौजूद खिलाड़ियों की क्वालिटी को देखते हुए, आने वाला विमेंस टी 20 वर्ल्ड कप इन बेहतरीन टीमों के लिए अपनी काबिलियत साबित करने का एक मौका बन गया है। विमेंस क्रिकेट वर्ल्ड कप में ऐतिहासिक जीत ने भारत को




आखिरकार सीनियर विमेंस गेम में अपनी पहली आईसीसी ट्रॉफी जीतने में मदद की। हरमनप्रीत कौर की टीम अब इंग्लैंड में अपना पहला टी 20 वर्ल्ड कप जीतकर एक बार फिर इतिहास लिखने का लक्ष्य रखेगी। विमेंस इन ब्लू ने अपनी टीम में कुछ बड़े बदलाव किए हैं, जिसमें तेज गेंदबाजी को बढ़ाने के लिए युवा पेसर काश्वी गौतम को शामिल किया गया है। वह रेणुका सिंह, अरुंधति रेड्डी और क्रांति गौड़ के साथ पेस अटैक करेंगी। अपनी अच्छी गेंदबाजी के अलावा, काश्वी गेंद को काफी दूर तक मार सकती हैं, जैसा कि फरवरी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के दौरान उनके करियर की बेस्ट 43 रन की पारी से पता चलता है। गौतम अभी टी20 फॉर्मेट में अनकैप्ड हैं, और आने वाली सीरीज के दौरान भारत उन्हें मैदान में उतार सकता है। एक और नाम अनुष्का शर्मा का है, जो एक जबरदस्त ऑलराउंडर हैं और विमेंस प्रीमियर लीग में गुजरात जायंट्स के लिए खेली थीं। भारत के घरेलू टी20 टूर्नामेंट के सात मैचों में, अनुष्का ने 130 के करीब स्ट्राइक-रेट से 177 रन बनाए। उमा छेत्री, जो पिछली बार विमेंस क्रिकेट वर्ल्ड कप में भारत के लिए खेली थीं, उन्हें भी ऋचा घोष के बैक-अप के तौर पर शामिल किया गया है। श्रीलंका (घर पर 5-0 से सीरीज़ जीत) और ऑस्ट्रेलिया (घर के बाहर 2-1 से सीरीज़ जीत) के खिलाफ हाल के मैचों में अच्छे नतीजों के साथ, भारत मई में इंग्लैंड के खिलाफ अपनी बाइलेटरल सीरीज़ से पहले अपने आखिरी 15 खिलाड़ियों को चुनने की कोशिश करेगा।

### टी 20 सीरीज शेड्यूल

17 अप्रैल, पहला टी20 - किंग्समीड, डरबन
19 अप्रैल, दूसरा टी20 - किंग्समीड, डरबन
22 अप्रैल, तीसरा टी20- वांडरर्स, जोहान्सबर्ग
25 अप्रैल, चौथा टी20 - वांडरर्स, जोहान्सबर्ग
27 अप्रैल, पांचवां टी20 - विलोमूर पार्क, बेनोनी

# चावल, गेहूं के भाव बढ़े, चीनी नरम

नयी दिल्ली (वार्ता)।

घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल का औसत भाव बढ़ गया। गेहूं में भी तेजी देखी गयी जबकि चीनी का भाव टूट गया। वहीं, दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 33 रुपये बढ़कर 3,811 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी। गेहूं आठ रुपये महंगा हुआ और 2,778 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटे की कीमत 21 रुपये घट गयी। दाल-दलहनों में मिश्रित रुख देखा गया। चना दाल औसतन 12 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ जबकि अन्य दालों में नरमी रही। उड़द दाल 67 रुपये और मसूर दाल 41 रुपये सस्ती हुई। मूंग दाल की कीमत 40 रुपये और तुअर दाल की छह रुपये प्रति क्विंटल घट गयी। मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में जून का पाम ऑयल वायदा आठ रिंगिट चढ़कर 4,474 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.69 प्रतिशत की बढ़त में 66.90 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में ज्यादातर खाद्य तेलों में नरमी देखी गयी। पाम ऑयल औसतन 204 रुपये प्रति



क्विंटल टूट गया। मूंगफली तेल 128 रुपये और सूरजमुखी तेल 93 रुपये सस्ता हुआ। वनस्पति की 82 रुपये और सरसों तेल की 34 रुपये फिसल गया। सोया तेल की कीमत 40 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 76 रुपये प्रति क्विंटल घट गया। चीनी 26 भी 35 रुपये सस्ती हुई।दाल चना 7659.32 रुपये, मसूर काली 8040.86 रुपये, मूंग दाल 10137.03 रुपये, उड़द दाल 10764.82 रुपये, तुअर दाल 11227.98 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2778.13 रुपये और चावल 3811.05 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3262.84 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी एस 4294.90 रुपये और गुड़ 4960.09 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये। सरसों तेल 17863.49 रुपये, मूंगफली तेल 18802.48 रुपये, सूरजमुखी तेल 17392.80 रुपये, सोया तेल 14874.66 रुपये, पाम ऑयल 13341.66 रुपये और वनस्पति 14726.11 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

## रुपया एक पैसा मजबूत

मुंबई (वार्ता)।

अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया आज 1.25 पैसे मजबूत हुआ और कारोबार की समाप्ति पर एक डॉलर 93.3375 रुपये का बोला गया। पिछले कारोबारी दिवस पर भारतीय मुद्रा 52 पैसे गिरकर 93.35 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुई थी। रुपये में आज उतार-चढ़ाव देखा गया। यह 15.75 पैसे की बढ़त के साथ 93.1925 रुपये प्रति डॉलर पर खुला। बीच कारोबार में यह ऊपर 93.13 रुपये तक मजबूत हुआ, लेकिन बाद में 93.45 रुपये प्रति डॉलर तक टूट गया। अंत में यह मामूली बढ़त में रहा। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में आज कच्चे तेल में एक-चौथाई प्रतिशत की तेजी रही। वहीं दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं के बास्केट में डॉलर सूचकांक लगभग स्थिर रहा।

# कच्चे तेल में उछाल से थोक मुद्रास्फीति मार्च में बढ़कर 3.88 प्रतिशत पर

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** कच्चे तेल की कीमतों में तेज बढ़ोतरी के कारण मार्च में थोक मूल्य आधारित मुद्रास्फीति की दर बढ़कर 3.88 प्रतिशत पर पहुंच गयी। पिछले साल मार्च में यह आंकड़ा 2.25 प्रतिशत और इस साल फरवरी में 2.13 प्रतिशत था। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के बुधवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, मार्च में कच्चे तेल की कीमत सालाना आधार पर 51.57 प्रतिशत बढ़ी। कच्चे तेल में जबरदस्त उछाल के कारण प्राथमिक वस्तु वर्ग में थोक महंगाई की दर 6.36 प्रतिशत दर्ज की गयी। थोक मुद्रास्फीति में सबसे अधिक 64 प्रतिशत का भारांश रखने वाले विनिर्मित वस्तुओं के वर्ग में भी मुद्रास्फीति एक साल पहले के 3.21 प्रतिशत से बढ़कर 3.39 प्रतिशत पर पहुंच गयी। तिलहनों के थोक दाम भी सालाना



आधार पर 22.81 प्रतिशत बढ़े और महंगाई बढ़ाने में इनका भी योगदान रहा पेट्रोल और डीजल के दाम में साल-दर-साल क्रमश: 2.50 प्रतिशत और 3.26 प्रतिशत की वृद्धि हुई। एलपीजी की थोक कीमत हालांकि एक साल पहले के मुकाबले 1.54 प्रतिशत कम रही। खाने-पीने की वस्तुओं में अनाजों के दाम 2.51 प्रतिशत कम हुए हैं। सब्जियों की मुद्रास्फीति 1.45 प्रतिशत दर्ज की गयी है। फलों के दाम 2.11 प्रतिशत और दूध के 2.62 प्रतिशत बढ़े हैं। अंडा, मांस और मछली की महंगाई दर 6.63 प्रतिशत रही। गत 28 फरवरी को शुरू हुए पश्चिम एशिया संकट के कारण कच्चे तेल के दाम में तेज उछाल देखा गया है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में इस संकट से पहले कच्चा तेल 70 डॉलर प्रति बैरल के आसपास था जो अब बढ़कर 100 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। इससे देश में भी थोक महंगाई बढ़ी है।

## वीएफएस ग्लोबल ने पंजाब और तमिलनाडु में शुरू की सिंगापुर वीजा सेवा

नयी दिल्ली (वार्ता)।

विभिन्न देशों की सरकारों की ओर से वीजा सेवा मुहैया कराने वाली कंपनी वीएफएस ग्लोबल ने पंजाब की राजधानी चंडीगढ़ और तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में सिंगापुर के लिए वीजा सेवाओं की शुरुआत की घोषणा की है। कंपनी ने बुधवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि उसे नयी दिल्ली स्थित सिंगापुर गणराज्य के उच्चायोग और चेन्नई स्थित सिंगापुर के महावाणिज्य दूतावास द्वारा क्रमश: चंडीगढ़ और चेन्नई में अधिकृत वीजा एजेंट नियुक्त किया गया है। इससे दोनों राज्यों के लोगों के लिए सिंगापुर के वीजा का आवेदन करना आसान हो जायेगा। आवेदक इन केंद्रों पर टूरिस्ट और फ़ैमिली विज़िट वीजा तथा बिजनेस वीजा श्रेणियों के लिए आवेदन आसानी से जमा कर सकेंगे। वीएफएस ग्लोबल की मुख्य परिचालन अधिकारी (दक्षिण एशिया) युम्मी तलवार ने कहा, हमें चंडीगढ़ और चेन्नई में सिंगापुर वीजा के लिए अधिकृत वीजा एजेंट नियुक्त किये जाने पर गर्व है। इस नियुक्ति के माध्यम से हमारा लक्ष्य पंजाब और तमिलनाडु के आवेदकों के लिए पहुंच और सुविधा को और बेहतर बनाना है। वीएफएस ग्लोबल वर्तमान में भारत में 54 देशों की ओर से वीजा सेवाएं प्रदान करता है। इसके पास 562 वीजा आवेदन केंद्रों का नेटवर्क है। प्रेस विज्ञप्ति में स्पष्ट किया गया है कि कंपनी सिर्फ दस्तावेज एकत्र करने, बायोमीट्रिक डाटा लेने आदि जैसे प्रशासनिक कार्य करती है और वीजा स्वीकार होने या न होने में उसकी कोई भूमिका नहीं रहती है।




# शेयर बाजारों में लौटी तेजी

### सेंसेक्स पांच सप्ताह बाद 78 हजार के पार

मुंबई (वार्ता)।

अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता फिर शुरू होने की उम्मीद में घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को तेजी लौट आयी और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स पांच सप्ताह बाद 78 हजार अंक के पार बंद हुआ। सेंसेक्स में पूरे दिन अच्छी तेजी रही। अंत में यह 1,263.67 अंक (1.64 प्रतिशत) चढ़कर 10 मार्च के बाद के उच्चतम स्तर 78,111.24 अंक पर रहा। सूचकांक पांच सप्ताह बाद पहली बार 78 हजार अंक से ऊपर बंद हुआ है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 388.65 अंक यानी 1.63 प्रतिशत की बढ़त में 24,231.30 अंक पर पहुंच गया। यह इसका भी पांच सप्ताह का उच्चतम स्तर है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि ईरान के साथ पाकिस्तान में शांति वार्ता दो दिन में फिर शुरू हो सकती है। इससे निवेशकों में उत्साह देखा गया। चौतरफा लिवाली से सभी सूचकांकों और सभी सेक्टरों में तेजी रही। मझौली कंपनियों का निफ्टी मिडकैप-50



सूचकांक 2.29 प्रतिशत और छोटी कंपनियों का निफ्टी स्मॉलकैप-100 सूचकांक 2.35 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, आईटी, रियलटी, तेल एवं गैस, रसायन और मीडिया समूहों के सूचकांक दो से तीन प्रतिशत के बीच चढ़े। ऑटो, वित्त, एफएमसीजी, धातु, फार्मा, बैंकिंग और स्वास्थ्य समूहों के सूचकांक एक से दो प्रतिशत तक मजबूत हुए।

एनएसई में कुल 3,358 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ जिनमें 2,836 के शेयरों में तेजी और 438 में गिरावट देखी गयी। अन्य 84 कंपनियों के शेयर दिनभर के उतार-चढ़ाव के बाद अंत में अपरिवर्तित बंद हुए। सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में से 28 के शेयर हरे निशान में रहे। इंडिगो में सबसे अधिक 4.63 प्रतिशत की तेजी रही। इटरनल का शेयर 4.36 प्रतिशत, पावरग्रिड का 4.11, अडानी पोर्ट्स का 3.39, टेक महिंद्रा का 3.33, टीसीएस का 3.31, एलएंडटी का 3.08 और एशियन पेंट्स का तीन प्रतिशत की बढ़त में रहा। कोटक महिंद्रा बैंक का शेयर 2.71 फीसदी, सनफार्मा का 2.70, ट्रेंट का 2.61, अल्ट्राटेक सीमेंट का 2.35, रिलायंस इंडस्ट्रीज का 2.26, इंफोसिस का 2.18 और बजाज फिनसर्व का 2.04 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ।

एचडीएफसी बैंक में 1.97 फीसदी, टाइटन में 1.95, एनटीपीसी में 1.68, बजाज फाइनेंस में 1.62, मारुति सुजुकी में 1.58, एचसीएल टेक्नोलॉजीज में 1.50, हिंदुस्तान यूनीलिवर में 1.36, बीईएल में 1.34, आईटीसी में 1.16, महिंद्रा एंड महिंद्रा में 1.11 और टाटा स्टील में 1.09 प्रतिशत की तेजी रही। भारतीय स्टेट बैंक का शेयर 0.77 प्रतिशत मजबूत हुआ। भारती एयरटेल का शेयर 0.79 फीसदी टूट गया। वैश्विक स्तर पर एशिया में जापान का निक्केई 0.44 प्रतिशत, हांगकांग का हैंग सेंग 0.29 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.01 प्रतिशत मजबूत बंद हुआ। यूरोप में शुरुआती कारोबार में ब्रिटेन का एफटीएसई 0.08 प्रतिशत ऊपर था जबकि जर्मनी के डैक्स में 0.01 प्रतिशत की गिरावट रही।

## कार्लोस अल्कराज बने इंफोसिस के ब्रांड एम्बेसडर




**बेंगलुरु (वार्ता)।** सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की अग्रणी कंपनी इंफोसिस ने सात बार के ग्रैंड स्लैम चैम्पियन कार्लोस अल्कराज को अपना नया वैश्विक ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त किया है। कंपनी ने बुधवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि दुनिया से सबसे युवा नबंर एक टेनिस खिलाड़ी रहे अल्कराज के साथ उसने बहुवर्षीय करार किया है। इंफोसिस के वैश्विक मुख्य विपणन अधिकारी सुमित विरमानी ने कहा कि अल्कराज नयी पीढ़ी के मनोबल का प्रतिनिधित्व करते हैं। इंफोसिस में इसी शिद्दत के साथ नवाचार और विकास हो रहा है, इंसानी क्षमताओं के विस्तार के लिए प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल और क्लाइंट को अद्भुत परिणाम हासिल करने में सहयोग किया जा रहा है। अल्कराज ने इंफोसिस से जुड़ने पर कहा कि वह गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। कंपनी द्वारा किये जा रहे नवाचार से खिलाड़ी, कोच और प्रशंसकों - सभी के लिए खेल का स्तर ऊपर उठ रहा है। उच्चतम स्तर पर छोटी-छोटी बातें बड़ा अंतर पैदा करती हैं। उन्होंने कहा कि इंफोसिस के साथ जुड़ने से उन्हें अपने खेल के बारे में डाटा और एआई तक अधिक पहुंच हासिल करने का अवसर मिलेगा जिनकी मदद से वह अपने खेल को नयी ऊंचाइयों तक ले जा सकेंगे। इंफोसिस की प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि ऐसे समय में जब एक चैम्पियन और अगले सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के बीच काफी कम अंतर होता है, टेनिस उस कड़ी प्रतिस्पर्धा का सही-सही प्रतिनिधित्व करता है जहां डाटा के विश्लेषण से किसी को चैम्पियन बनने में मदद की जा सकती है।

# किसानों को सस्ती बिजली उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता : डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री ने की नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग की योजनाओं की समीक्षा

भोपाल (स्वतंत्र मत)

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि किसानों को निर्बाध रूप से सस्ती बिजली सुलभ कराना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। इस काम केलिए सरकार किसानों को हर जरूरी मदद देने को तैयार है। किसानों को सस्ती बिजली मिलेगी, तो वे अपना उत्पादन भी बढ़ा सकेंगे और प्रदेश की प्रगति में भी योगदान दे सकेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप ऊर्जा प्राप्ति के लिए उन्हें स्वयं ऊर्जा उत्पादक बनाया जाए। इसके लिए किसानों को हरित ऊर्जा उत्पादन से जोड़ा जाए। ऊर्जा उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाकर ही हम किसानों का जीवन स्तर बेहतर बना सकते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के किसानों को सोलर पम्प का उपयोग करने के लिए हर तरीके से प्रोत्साहित किया जाए। किसानों को जो इससे जुड़ना चाहते हैं, विभाग उनका हरसंभव सहयोग और मार्गदर्शन भी करे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को मंत्रालय में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग की प्रचलित योजनाओं की अद्यतन प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभागीय अधिकारियों से कहा कि राज्य के हित में किसानों और नागरिकों सभी को सस्ती बिजली उपलब्ध कराने के लक्ष्य के लिए समर्पित और फोकस्ड होकर आगे बढ़ें। किसानों को सोलर पम्प से जोड़ने के साथ-साथ प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना की प्रगति में भी तेजी लाएं। उन्होंने कहा कि इस वित्तीय



वर्ष के अंत तक 2 लाख से अधिक किसानों को सोलर पम्प से जोड़ने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ें। विभाग अपनी योजनाओं के वार्षिक लक्ष्यों की समीक्षा करें और नई जरूरतों के मुताबिक इन लक्ष्यों में वृद्धि करें, ताकि कम समय में अधिकतम लोगों को लाभ मिले। इसके लिए विभाग अपनी योजनाओं को टाइम फ्रेम में लेकर आएं और तय समय सीमा में ही लक्ष्यों का क्रियान्वयन सुनिश्चित करे। इससे तेज और अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे।

### भोपाल में होगा उन्मुखीकरण कार्यक्रम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के सभी नगरीयनिकाय कचरा बेचकर और प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना (रूफ टॉप स्कीम) में तेजी से प्रगति लाकर अच्छी आय अर्जित कर सकते हैं। नगरीय निकायों के पदाधिकारियों एवं अधिकारियों को इस विषय में प्रशिक्षण देने के लिए भोपाल में एक दिन का उन्मुखीकरण कार्यक्रम किया जाए। यह कार्यक्रम जल्दी ही किया जाए, ताकि निकायों को काम करने के लिए अधिकतम समय मिल सके।

### राज्य के ऊर्जा हितों का रखें विशेष ध्यान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उत्तरप्रदेश सरकार के साथ मिलकर मुरैना में 2 हजार मेगावॉट (2 गीगावॉट) की अल्ट्रा मेगा रिन्यूएबल एनर्जी पावर पार्क की स्थापना की प्रगति की जानकारी लेकर कहा कि इस मेगा परियोजना में राज्य के ऊर्जा हितों का विशेष ध्यान रखा जाए। अपर मुख्य सचिव नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मनु श्रीवास्तव ने बताया कि उत्तरप्रदेश सरकार द्वारा मात्र पीक पीरियड में ही ग्रीन एनर्जी सप्लाय की मंशा व्यक्त की गई है। इस संबंध में उत्तरप्रदेश सरकार के वरिष्ठतम विभागीय अधिकारियों के साथ समुचित समन्वय किया जा रहा है।

### 4 लाख पम्पों को सौर ऊर्जीकृत करने का लक्ष्य

अपर मुख्य सचिव श्रीवास्तव ने बताया कि प्रदेश में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा (ग्रीन एनर्जी) प्रोडक्शन के लिए तय किए गए लक्ष्यों को और भी परिशोधित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना (कुसुम बी) में अब तक 27 हजार 100 सोलर पम्प स्थापित किए जा चुके हैं। अगले दो साल में 4 लाख पम्पों को सौर ऊर्जीकृत करने का लक्ष्य है। इसके क्रियान्वयन के लिए विभाग ने 36 इकाईयां चुन ली हैं। इस योजना के पहले चरण में विभाग को एक लाख आवेदन मिल चुके हैं। अपर मुख्य सचिव श्री श्रीवास्तव ने बताया कि सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना (कुसुम सी) के तहत विभाग ने लगभग 10 लाख किसानों को सौर ऊर्जीकरण से जुड़ने के लिए 493 सब स्टेशनों के जरिए किसानों को दिन के समय भी बिजली उपलब्ध कराने का बड़ा लक्ष्य लिया है। अब तक 2.50 लाख पम्प इंस्टाल कर दिये गये हैं। विभाग का लक्ष्य किसानों को ऊर्जा उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ उन्हें आर्थिक रूप से समर्थ बनाना भी है।

# चिकित्सा छात्रों को समय से हो छात्रवृत्ति का भुगतान: शुक्ल

भोपाल (स्वतंत्र मत)

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय में चिकित्सा शिक्षा छात्रों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत दी जा रही छात्रवृत्ति एवं अन्य लाभों के भुगतान की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अंतर्विभागीय समन्वय से छात्रवृत्ति एवं संबंधित हितलाभों का समयबद्ध एवं सुचारू भुगतान सुनिश्चित किया जाए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि छात्रों को उनकी पात्रता अनुसार मिलने वाले सभी लाभ बिना किसी विलंब के प्राप्त हों। उन्होंने निर्देशित किया कि भुगतान प्रक्रिया में किसी प्रकार की तकनीकी या प्रशासनिक बाधा उत्पन्न न हो तथा यदि ऐसी



कोई समस्या आती है तो उसका त्वरित निराकरण किया जाए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को प्रदान की जा रही छात्रवृत्ति योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। साथ ही संबल योजना एवं मुख्यमंत्री मेधावी विद्यार्थी योजना के अंतर्गत हितलाभ वितरण की अद्यतन स्थिति की भी समीक्षा की। बैठक में अपर मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल, संचालक चिकित्सा शिक्षा डॉ अरुणा कुमार सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# विदिशा के डायल-112 हीरोज : रास्ता भटकी 08 वर्षीय बालिका को सुरक्षित परिजनों से मिलाया

**भोपाल (स्वतंत्र मत)।** विदिशा जिले के थाना सिविल लाइन क्षेत्र में डायल-112 जवानों की संवेदनशील एवं तत्पर कार्रवाई से घर का रास्ता भटक गई 08 वर्षीय बालिका को सुरक्षित उसके परिजनों से मिलाया गया। समय पर की गई इस मानवीय पहल से बालिका को सुरक्षा एवं परिवार का सान्निध्य पुनः प्राप्त हो सका।



15 अप्रैल को राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112, भोपाल को सूचना प्राप्त हुई कि थाना सिविल लाइन क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रामपुरा में एक 08 वर्षीय बालिका अकेली मिली है, जो घर का रास्ता भटक गई है एवं पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना प्राप्त होते ही सिविल लाइन थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112 एफआरव्ही वाहन को तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। मौके पर पहुँचकर डायल-112 स्टाफ आरक्षक गजेंद्र राठौर एवं पायलट नासिर खान ने बालिका को अपने संरक्षण में लिया। बालिका से पूछताछ करने पर बालिका अपने परिजनों के संबंध में स्पष्ट जानकारी नहीं दे पा रही थी। डायल-112 टीम ने बालिका को साथ लेकर आसपास क्षेत्र में पूछताछ कर परिजनों की तलाश की।

# एमपी बोर्ड 12वीं में काजल का सुयश



**पथरिया (स्वतंत्र मत)।** जिले के विकासखंड पथरिया से वरिष्ठ पत्रकार सुरेश नामदेव की पुत्री कु. काजल नामदेव ने एमपी बोर्ड की 12वीं कक्षा में 94.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने परिवार सहित गुरूजनों का नाम रोशन किया हैं। बता दें कि रिजल्ट खुलने के एक दिन पहले अंबेडकर जयंती पर उनकी छोटी बहन कुमकुम नामदेव को पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल ने मंच के माध्यम से स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया था और आज काजल के परीक्षा परिणाम घोषित होते ही पूरे परिवार में हर्ष का माहौल है। काजल पथरिया विकासखंड के शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा हैं। काजल ने अपनी सफ्लता का श्रेय अपने दादा दादी और शिक्षकों को दिया है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि उनके परिवार और गुरुजनों के मार्गदर्शन का परिणाम है। अब काजल यूपीएससी की तैयारी कर कलेक्टर बनना चाहतीं हैं।

# स्वस्थ मन एवं सम्मानित जीवन वरिष्ठजनों का अधिकार : उमादेवी खटीक

## हटा में वरिष्ठजनों के स्वास्थ्य व सम्मान पर जागरूकता कार्यशाला आयोजित

हटा (स्वतंत्र मत)

जन सेवा फाउंडेशन एवं राष्ट्रीय सामाजिक रक्षा संस्थान सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में हटा में वरिष्ठ नागरिकों के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि हटा विधायक उमादेवी खटीक, जनपद अध्यक्ष गंगाराम पटैल, जनपद सदस्य कन्हैयालाल पटैल, ब्लॉक समन्वयक पुष्पा सिंह, डॉ. एमएम पांडेय, जवाहरलाल राय तथा डॉ.



रूपसिंह राजपूत पेंशनर संघ तहसील हटा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि विधायक उमादेवी खटीक ने कहा स्वस्थ मन और सम्मानित जीवन प्रत्येक वरिष्ठ नागरिक का अधिकार है। उन्होंने हटा क्षेत्र में वरिष्ठजनों की समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास करने और उनके लिए आश्रय स्थल खुलवाने में प्रशासनिक सहयोग देने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में डॉ. राहुल देशमुख ने डिमेंशिया, पार्किंसन सहित वृद्धावस्था में होने वाली बीमारियों पर विस्तृत जानकारी दी तथा वरिष्ठ नागरिकों के लिए संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया। नमो हेल्थ केयर भोपाल की डायरेक्टर कंचन साहू ने केयर गिवर की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। अंत में वरिष्ठजनों का पुष्पहार, शॉल व प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया गया तथा अतिथियों को अभिनंदन पत्र भेंट किए गए।

# जबेरा की छात्रा सुचिता मिश्रा ने रचा इतिहास



**जबेरा (स्वतंत्र मत)।** दमोह जिले के जबेरा क्षेत्र से एक गौरवपूर्ण खबर सामने आई है। शासकीय सांदीपनि विद्यालय जबेरा की कक्षा दसवीं की छात्रा सुचिता मिश्रा ने मध्यप्रदेश बोर्ड परीक्षा में टॉप 10 में सातवां स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। सुचिता मिश्रा ने 500 में से 493 अंक हासिल किए। सुचिता, राजेश मिश्रा की पुत्री हैं और उनकी इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। इस उपलब्धि का श्रेय सुचिता ने अपने माता-पिता, परिवारजनों के साथ-साथ विद्यालय के प्राचार्य संजय बाजपेई, उपप्राचार्य अजय सिंघई तथा पूर्व कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर को दिया।

# हर्षित चौरसिया बने छात्रों के प्रेरणास्त्रोत



**दमोह (स्वतंत्र मत)।** कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं के परीक्षा परिणाम घोषित होने के अवसर पर जहां अनेक विद्यार्थी अपने परिणाम को लेकर उत्साहित हैं। वहीं कुछ विद्यार्थी अपेक्षित सफलता न मिलने पर निराश भी हो सकते हैं। ऐसे समय में शा.उ.मा.वि. नरसिंहगढ़ के छात्र हर्षित चौरसिया की संघर्षपूर्ण एवं प्रेरणादायक कहानी सभी विद्यार्थियों के लिए एक मिसाल बनकर सामने आई है। उन्होंने जीवन की कठिनाइयों को हराकर कक्षा 10वीं में 94.6 प्रतिशत लाकर एक मिसाल पेश की हैं। ग्राम पंचायत नरसिंहगढ़ के निवासी रज्जू चौरसिया के पुत्र हर्षित चौरसिया ने कठिन परिस्थितियों के बावजूद अपने लक्ष्य से कभी समझौता नहीं किया। जानकारी के अनुसार, हर्षित का पूर्व में किडनी ट्रांसप्लांट हो चुका है। उनके पिताजी की एक छोटी सी दुकान है। इन परिस्थितियों के बावजूद हर्षित ने कभी अपनी पढ़ाई को बाधित नहीं होने दिया। विद्यालय के प्राचार्य शीलचन्द्र जैन एवं परीक्षा प्रभारी संतोष अहिरवार सहित समस्त शाला परिवार को हर्षित की इस उपलब्धि पर गर्व है।

# जनगणना 2027 के मकान सूचीकरण का प्रशिक्षण प्रारंभ

**हटा (स्वतंत्र मत)।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन चार्ज अधिकारी तहसीलदार डॉ आलोक जैन, राजेंद्र खरे, सहायक चार्ज अधिकारी नायब तहसीलदार राजेश सोनी के निर्देशन में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान प्रारंभ हुआ संस्थान के तीन कक्षों में आयोजित किए जा रहे प्रशिक्षण में प्रत्येक कक्ष में 50-50 प्रति भागी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं जिसमें जनगणना प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। स्मार्ट कक्ष एवं नया हाल में ग्रामीण क्षेत्र के प्रगणकों, पर्यवेक्षकों एवं पुराने हाल में नगरीय क्षेत्र के प्रगणकों पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में प्रगति को किस प्रकार एचएलबी आवंटित की जाएगी किस प्रकार जनगणना मकान के नंबर आवंटित करेंगे कैसे परिवारों की संख्या दर्ज करेंगे किन परिस्थितियों में मकान को आवासीय और किन परिस्थितियों में गैर आवासीय प्रदर्शित करना है। परिवारों की संख्या को विभाजित कैसे करेंगे आदि के संबंध में प्रदर्शन के माध्यम से प्रशिक्षित किया जा रहा है, अपने प्रतिदिन सर्वे किए गए डाटा को सिंक करने के उपरांत कैसे पर्यवेक्षक की आईडी पर प्रेषित करेंगे और पर्यवेक्षक कैसे उसकी जांच कर चार्ज अधिकारी को भेजेंगे के संबंध में सभी



को अवगत करवाया जा रहा है। सामान्य परिवार, संस्थागत परिवार और बेघर परिवारों की प्रविष्टियां कैसे होगी जनगणना में पूछे जाने वाले वाले प्रश्नों के उत्तर किस प्रकार अंकित किए जाएंगे आदि पर उत्पन्न हो रही जिज्ञासाओं का सम मास्टर ट्रेनर माधव पटेल विजय बहादुर सिंह दिनेश प्यासी लक्ष्मीकांत डिम्हा राधेश्याम यादव एवं मदन तंतुवाय द्वारा किया जा रहा है। तीन दिन चल रहे प्रशिक्षण में सभी पर्यवेक्षकों एवं पर्यवेक्षकों को मोबाइल ऐप पर प्रदर्शन करके सभी बिंदुओं से अवगत करवाया जा रहा है।

# सदस्यता अभियान हेतु बैंक कर्मचारियों की बैठक

दमोह (स्वतंत्र मत)

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित दमोह की गल्लामंडी शाखा में नवीन सदस्यता अभियान चलाने हेतु समस्त समितियां के कर्मचारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बैंक शाखा प्रबंधक भारती तिवारी ने गल्ला मंडी शाखा से संबंधित सभी समितियां के शाखा प्रबंधकों एवं सभी कर्मचारियों को बताया गया कि डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती 14 अप्रैल से 15 मई तक समितियां में किसानों के नवीन सदस्यता महा अभियान चलाया जा रहा है सभी समिति के कर्मचारियों को अधिक से अधिक नवीन सदस्य बनाकर लक्ष्य को पूरा करना है। बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख समितियों वी पैक्स राज्य की ग्रामीण सहकारी तंत्र की आधारशिला है जो किसानों को ऋण, कृषि आदान, भंडारण, विपणन तथा अन्य आवश्यक सेवाएँ उपलब्ध कराती है। वर्तमान में बैंकिंग एरिया के क्षेत्र में अनेक पात्र किसान अभी भी पैक्स के सदस्य नहीं हैए जिसके कारण वे संस्थागत ऋण एवं अन्य सहकारी सुविधाओं का पूर्ण लाभ प्राप्त नहीं कर पा रहे हैं। इस परिप्रेश्य में पैक्स के कार्यक्षेत्र



में निवासरत सभी गैर सदस्य किसानों को प्राथमिकता के आधार पर सदस्य बनाये जाने हेतु यह अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य क्षेत्र के सभी पात्र गैर सदस्य किसानों को पैक्स से जोड़ना है ताकि उन्हें संस्थागत अन्यए कृषि सेवाओं एवं सहकारी सुविधाओं तक सुगम पहुंच प्राप्त हो सके। इस अभियान के माध्यम से छोटे सीमान्त, महिला एवं सामाजिक रूप से कमजोर वर्गों के किसानों को सहकारी साख संरचना से जोड़ा जा सके। बैठक में वीरेंद्र कुमार त्रिपाठी शाखा प्रबंधक कुलुवा बहादुर सिंह ठाकुर बालाकोट पीयूष, भूरी बिजोरी गोपाल सिंह ठाकुर, अर्थखेड़ा देवी सिंह ठाकुर, लकलका भूपेंद्र सिंह ठाकुर आदि समस्त कर्मचारी उपस्थित थे।

# अब बिना सूचना के अस्पताल आऊंगा : कलेक्टर

## नवागत कलेक्टर ने जिला अस्पताल का लिया जायजा

दमोह (स्वतंत्र मत)

कलेक्टर प्रताप नारायण यादव आज प्रातः 10 बजे जिला चिकित्सालय पहुंचे और स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का गहन रूप से जायजा लिया। विभिन्न वार्डों के साथ ही दवा वितरण केन्द्र एवं एमसीएच भवन पहुंचे, यहां पर मौजूद महिलाओं से व्यवस्थाओं के सबंध में संवाद किया। उन्होंने महिलाओं से उनके ओपीडी पर्ची की जानकारी ली, कितने समय के इंतजार के बाद आपको यहां से ओपीडी पर्ची मिल जाती हैं। कलेक्टर यादव ने सिविल सर्जन डॉ. प्रहलाद पटेल से कहा महिलाओं को अनावश्यक इंतजार





ना करना पड़े, उन्हें ओपीडी पर्ची शीघ्र मिले और यहां पर महिलाओं के बैठने के लिए बैंच आदि की व्यवस्थाए सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय के विभिन्न वार्डो में एसी और कूलर बंद पाए जाने पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी जगह वार्डो में कूलर प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा जहां पंखे मरम्मत योग्य हैं त्वरित कराए जाए, मरीजों को किसी भी तरह की परेशानी ना हो। साथ ही मरीजों के बिस्तरों पर बेड सीट और तकिए सभी हो यह भी सुनिश्चित करने कहा गया। निरीक्षण के दौरान कतिपय मरीजों के पलंग में उक्त व्यव्यस्था ना होने पर अप्रसन्नता व्यक्त की गई। कलेक्टर भ्रमण उपरांत आयोजित बैठक में पानी की समस्या सामने आने पर नगर पालिका अधिकारी से कहा की पानी व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए 3 विकल्प सामने आए हैं, उन पर ठोस कार्रवाई समय सीमा पर की जाए। जिला अस्पताल में पर्याप्त जलापूर्ति हो यह सुनिश्चित रहे की गई कार्रवाई से अवगत कराया जाए। कलेक्टर ने कहा जिला अस्पताल परिसर में स्थित पुलिस चौकी पर हमेशा पुलिस कर्मी तैनात रहे। यहाँ पर प्राइवेट एंबुलेस के संचालकों द्वारा मरीजों के रेफरहोने पर उन्हे परेशान होने की बात सामने आने पर कोतवाली टीआई मनीष कुमार को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये। कलेक्टर ने सिविल सर्जन डॉ. प्रहलाद पटैल से कहा सभी डॉक्टर और स्टाफ निर्धारित समय पर अस्पताल पहुंचे, अस्पताल में भ्रमण के दौरान मरीजों द्वारा कहा गया कि डॉण् समय पर नही आते उन्हें अनावश्यक परेशान होना पडता है। श्री यादव ने मीटिंग के दौरान दो टूक कहा समय आये अन्यथा कार्यवाही के लिए तैयार रहे। उन्होने सिविल सर्जन से कहा सभी की उपस्थिति सार्थक एप में ली जाये। कलेक्टर भ्रमण के दौरान दवा वितरण केंद्र पहुचे, दवा ले रहे मरीजों से चर्चा की।

### कलेक्टर ने समन्ना खरीदी केन्द्र का लिया जायजा

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर प्रताप नारायण यादव आज गेंहू खरीदी केन्द्र समन्ना पहुंचे। उन्होंने यहां मौजूद किसानों से चर्चा की और यहां मौजूद किसानों का फूल माला और श्रीफल भेंट कर सम्मान किया।


**CHANGE OF NAME**

"I, Ravi Shankar Yadav S/o Shri Babulal Yadav R/o 45 Cantt, Bajpai Compound Penti Naka, Sadar, Jabalpur, M.P. 482001, changed the name from Ravi Shanker Yadav to Ravi Shankar Yadav"

**कार्यालय म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003**

**भूखण्ड हस्तांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती विद्या पति स्व. श्री अशोक के द्वारा शिव नगर दमोहनाका कालोनी जबलपुर स्थित भूखण्ड क्र. 290 के हस्तांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। वर्तमान में उक्त भूखण्ड श्री विनोद कुमार जैन पिता स्व. श्री दशरथ लाल जैन के नाम पर आवंटित है। श्रीमती विद्या पति स्व. श्री अशोक के प्राप्त आवेदन एवं निर्धारित दस्तावेज के आधार पर श्रीमती विद्या पति स्व. श्री अशोक के नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जाना है। यदि किसी व्यक्ति/संस्था को उक्त भूखण्ड के हस्तांतरण बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैद्य आपत्ति सप्रमाण स्वयं उपस्थित होकर अथवा पंजीकृत डाक से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि में किसी भी प्रकार की आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर शिव नगर दमोहनाका कालोनी जबलपुर स्थित भूखण्ड 290 श्रीमती विद्या पति स्व. श्री अशोक के नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जायेगी एवं भविष्य में किसी प्रकार की कोई आपत्ति/दावा मान्य नहीं होगा

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर**

# शहर की बेटियों ने दिखाया कमाल

मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल ने बुधवार को 10वीं-12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है। जबलपुर में 10वीं कक्षा के परिणाम में छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया है। 10वीं में पंडित लज्जा शंकर झा मॉडल हाईस्कूल की छात्रा श्रेया जैन ने 496 अंक हासिल कर मध्य प्रदेश में चौथी रैंक प्राप्त की। संदीपनी विष्णुदत्त हायर सेकेंडरी स्कूल सिहोरा की रश्मि गडरी ने भी 496 अंक हासिल कर प्रदेश में चौथा स्थान प्राप्त किया।



## 10वीं की श्रेया-रश्मि ने प्रदेश में चौथा और 12वीं की अल्फिया का 10वां स्थान

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

इसी तरह विज्ञान गणित समूह में सिहोरा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की पूर्वी गोलहानी और इसी समूह में पंडित लज्जा शंकर झा मॉडल हाईस्कूल की कुमारी कृति पांडे ने 8वां स्थान हासिल किया। जबलपुर जिले में दोनों परीक्षाओं के लिए 100 केंद्र बनाए गए थे। इनमें 47 शहरी और 53 ग्रामीण क्षेत्रों में थे। कुल 100 केंद्रों में से 96 केंद्र नियमित परीक्षार्थियों के लिए थे, जबकि चार केंद्रों पर प्राइवेट विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। जिले में 10वीं और 12वीं की परीक्षा में कुल 43 हजार विद्यार्थियों ने भाग लिया। इनमें 23,938 छात्र 10वीं और 19134 छात्र 12वीं में पंजीकृत थे।

### मेरिट सूची में हासिल किया स्थान

**हायर सेकेंडरी:**

- कला समूह में जबलपुर की अल्फिया अंजुम ने हासिल किया दसवां स्थान हासिल किया।
- वाणिज्य समूह में पंडित लज्जा शंकर झा मॉडल हाईस्कूल की कुमारी अनम अंसारी ने दसवां स्थान प्राप्त किया है।
- जीव विज्ञान समूह में ही पंडित लज्जा शंकर झा मॉडल हाईस्कूल के ओम चौकसे ने दसवां स्थान हालिस किया है।

**हाईस्कूल:**

- पंडित लज्जा शंकर झा मॉडल हाईस्कूल की कुमारी श्रेया जैन ने प्रदेश में चौथा स्थान हासिल किया है।
- शासकीय रानी दुर्गावती कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गढ़ा की कुमारी शुभी सैनी ने छठवां स्थान प्राप्त किया।
- ब्रह्म ऋषि नर्मदा विद्यापीठ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के अभिषेक मिश्रा ने सातवां स्थान हालिस किया है।

### शासकीय विद्यालयों का परिणाम रहा उत्कृष्ट

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में जबलपुर के शासकीय विद्यालयों के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शहर का नाम रोशन किया है। इस बार सरकारी स्कूलों का परिणाम निजी स्कूलों की तुलना में बेहतर रहा, जिससे शिक्षा विभाग में खुशी का माहौल है। जारी परिणामों के अनुसार कक्षा 12वीं में शासकीय स्कूलों का रिजल्ट 83.68 प्रतिशत रहा, जबकि निजी स्कूलों का परिणाम 72.19 प्रतिशत दर्ज किया गया। वहीं कक्षा 10वीं में सरकारी स्कूलों ने 80.59 प्रतिशत परिणाम के साथ निजी स्कूलों के 68.23 प्रतिशत रिजल्ट को पीछे छोड़ दिया।

## एपीएन स्कूल के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन




एपीएन सीबीएसई सीनियर सेकेंडरी स्कूल के कक्षा 10वीं के दो प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने इस वर्ष घोषित सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विद्यालय के छात्र खुशी सुथार ने 89.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया, वहीं दूसरे विद्यार्थी हृदय राज ने 85.80प्रतिशत अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर संस्था अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव ने कहा कि हमारी शाला के शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा विद्यार्थियों को लगन एवं जिम्मेदारी से अध्यापन कार्य करवाया जाता है। जिसके परिणाम स्वरूप मण्डल द्वारा जारी परीक्षा परिणाम में हमारी शाला के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर शाला का नाम रोशन किया।

## कल्पना ने हासिल किए 98.2 प्रतिशत अंक



तान्या कॉन्वेंट हॉयर सेकेंड्री स्कूल पाटन की होनहार छात्रा कल्पना ठाकुर ने 10वीं में शानदार प्रदर्शन करते हुए 500 में से 491 अंक के साथ 98.2 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं और शहर को गोरवान्वित किया है। कल्पना अपनी इस उपलब्धि का श्रेय पिता प्रेम सिंह ठाकुर, माता लक्ष्मी बाई ठाकुर और स्कूल प्रिंसीपल एवं अपने टीचर्स को देती हैं।

## सुसाइड प्वाइंट्स पर रहा पुलिस का पहरा



हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी का परीक्षा परिणाम जारी कर दिया है। परीक्षा में सफल होने वाले विद्यार्थी जहां खुश हैं तो असफल विद्यार्थी दुखी रहे। ऐसे में टीचर और परिवार उन्हें मोटिवेट कर रहे हैं। उन्हें बताया जा रहा है कि सरकार परीक्षा देने का दूसरा मौका भी दे रही है। परिणाम घोषित होने के बाद पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय के निर्देश पर पुलिस ने एहतियाती कदम उठाते हुए तिलवारा घाट, बरगी डैम, भेड़ाघाट और गौरी घाट पर पुलिसकर्मी तैनात किए गए। इन स्थानों पर पूरी नजर रखी जा रही है। दरअसल, ऐसे में सुसाइड केस बढ़ जाते हैं। पिछले सालों में ऐसी घटनाएं देखने को मिली हैं। कप्तान संपत उपाध्याय ने सफल हुए छात्र-छात्राओं को बधाई दी है। साथ ही असफल छात्र-छात्राओं से कहा कि घबराने का नहीं, बल्कि और मेहनत करने का समय है। वे कहते हैं कि सरकार परीक्षा का दूसरा मौका दे रही है। आप अपनी मेहनत से इस परिणाम को बदल सकते हैं। इसलिए दृढ़ इच्छाशक्ति से परीक्षा की तैयारी में जुट जाएं और परिणाम को बदलकर दिखाएं।

## दोपहर की तपिश से बीमार हो रहे बच्चे

### सुबह 8 से 12 बजे तक स्कूल करने की अपील

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन ने जिले में बढ़ती गर्मी और बढ़ते तापमान को देखते हुए स्कूली बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति चिंता जताई है। संगठन के जिला अध्यक्ष राजेश सहारिया ने जिला प्रशासन से स्कूलों के समय में तत्काल बदलाव करने की मांग की है। राजेश सहारिया ने बताया कि वर्तमान में कई स्कूल सुबह 10:30 से शाम 4:30 बजे तक संचालित हो रहे हैं। दोपहर की भीषण गर्मी और लू के कारण प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं के छोटे बच्चों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है और उनके बीमार होने की खबरें आ रही हैं। संगठन ने कलेक्टर महोदय से पुरजोर मांग की है कि अप्रैल माह की तीव्रता को देखते हुए शासकीय एवं अशासकीय, दोनों प्रकार की शालाओं का समय बदलकर प्रात: 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक किया जाए। इससे बच्चे दोपहर की तीखी धूप से बच सकेंगे और सुरक्षित अपने घर पहुंच सकेंगे।

## मेधावी छात्र शिवांश ने मेरिट में स्थान प्राप्त किया



**जबलपुर।** सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंड्री एजुकेशन (सीबीएसई) द्वारा आयोजित 10वीं की बोर्ड परीक्षा में डीपीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल के मेधावी छात्र शिवांश सिंह ने सभी विषयों में विशेष योग्यता सहित 95 प्रतिशत अंक अर्जित कर शानदार सफलता प्राप्त करते हुए मेरिट लिस्ट में स्थान प्राप्त करने का गौरव पाया है। शिवांश सिंह आरा (बिहार) के प्रतिष्ठित सीनियर एडवोकेट मुरारी सिंह,श्रीमती सुशीला देवी के प्रपौत्र व अजय सत्य प्रकाश होम्स तिलहरी के प्रतिष्ठित नागरिक इंजी कुमार जितेंद्र व श्रीमती नीतू सिंह के होनहार सुपुत्र व शौर्य सिंह के बड़े भैया है।

# हाईवे को जाम मुक्त करने यातायात पुलिस ने चलाया अभियान



### अंधमूक और लम्हेटा बाईपास पर की चालानी कार्यवाही, दी समझाईश

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

हाईवे पर भारी वाहनों के अवैध रूप से नो-पार्किंग में खड़े होने के कारण आए दिन लगने वाले जाम और बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए जबलपुर पुलिस अब सख्त नजर आ रही है। पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय के निर्देशानुसार राष्ट्रीय राजमार्गों को सुरक्षित और सुचारू बनाने के लिए एक विशेष अभियान की शुरुआत की गई है। एएसपी यातायात सुश्री अंजना तिवारी के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण) की टीम ने संयुक्त रूप से एनएच-34 पर स्थित अंधमूक और लम्हेटा बाईपास क्षेत्र का सघन भ्रमण किया। इस दौरान टीम ने नो-पार्किंग जोन में अवैध रूप से खड़े भारी वाहनों की चेकिंग की कार्यवाही।

### *13 वाहनों पर लगा जुर्माना*

अभियान के दौरान हाईवे किनारे यातायात बाधित कर रहे लगभग 13 भारी वाहनों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई और उन्हें तत्काल मौके से हटवाया गया। कार्रवाई के दौरान वाहन चालकों को सख्त हिदायत दी गई कि वे निर्धारित पार्किंग स्थलों का ही उपयोग करें। पुलिस प्रशासन के अनुसार, इस कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य सड़क पर यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित करना और दुर्घटनाओं की रोकथाम करना है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी इस प्रकार का चेकिंग अभियान निरंतर जारी रहेगा। इस दौरान यातायात थाना प्रभारी गढ़ा श्रीमती इंद्रा ठाकुर, सूबेदार मनीष पयासी सहित यातायात विभाग का अन्य स्टाफ और एनएचएआई की टीम सक्रिय रूप से मौजूद रही।




## दशा नेमा समाज का गौरव अलंकरण समारोह सम्पन्न

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

अखिल भारतीय दशा नेमा समाज की 15 वें राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक में समाज की विशिष्ट प्रतिभाओं को समाज गौरव अलंकरण से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परिवहन एवं शालेय शिक्षा मंत्री उदयप्रताप सिंह ने समारोह में अंतरराष्ट्रीय नेमा साहित्य मंच के संस्थापक संतोष नेमा और संयोजक विजय नेमा को साहित्यकारों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न साथ ही डॉ मनीष नेमा हिमोटोलॉजिस्ट, इन्दौर डॉ प्रशांत भारतीय आई स्पेशलिस्ट इंदौर, वरिष्ठ एडव्हकेट सुप्रीप कोर्ट सुमित नेमा, राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक विष्णु नेमा एवं शशिकांत नेमा को समाज गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। इस भव्य आयोजन के दौरान समाज के अनेक प्रतिष्ठित व्यक्ति उपस्थित रहे जिन्होंने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। समारोह में डॉ. पी नेमा, डॉ. अखिलेश गुमास्ता, राकेश, आनंद, शिशिर, राजेंद्र, प्रवीण, डॉ. गोविंद, कैलाश, हरिनारायण, प्रभुनारायण, दिनेश नेमा ,अंकिता , अभिषेक, अनिल, अजय, रामशंकर, संदीप, राकेश, अर्पित, अंकित और दीपक नेमा शामिल रहे।

# शहर के बाइकर्स ने पेश की सामाजिक जागरूकता की मिसाल



### स्वर्गद्वारी घाट पर चलाया वृहद स्वच्छता अभियान

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

संस्कारधानी में सामाजिक सरोकारों को प्राथमिकता देते हुए स्ट्राम लार्ड्स बाइकर ग्रुप द्वारा ग्वारीघाट स्थित स्वर्गद्वारी नर्मदा तट पर एक विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस पहल के माध्यम से बाइकर्स ने न केवल घाट की सफाई की, बल्कि नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक भी किया।

यह अभियान वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन की वर्ष 2026 की थीम टूगेदर फॉर हेल्थ, स्टेंड विथ साइंस से प्रेरित था। समूह के सदस्यों ने स्वच्छ जीवनशैली और वैज्ञानिक सोच को अपनाने पर जोर दिया। अभियान का उद्देश्य धार्मिक और सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता बनाए रखना और पारिस्थितिकी तंत्र को सुरक्षित करना था।

इस कार्यक्रम की एक मुख्य विशेषता नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा देना रही। अभियान में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी ने समाज में उनकी सशक्त भूमिका को रेखांकित किया। इस कार्य में म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन के वरिष्ठ अधिकारियों और सफाई मित्रों का भी सराहनीय योगदान रहा। उनके तकनीकी और ज़मीनी सहयोग से पूरे क्षेत्र की सघन सफाई सुनिश्चित की गई।

### मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** भेड़ाघाट थानातंर्गत भड़पुरा नई बस्ती में बीती रात खाना खाकर सोया एक मजदूर सुबह उठा ही नहीं, उसकी मौत किन कारणों से हुई, इसका पता नहीं चल सका है। पुलिस को 35 वर्षीय राजेन्द्र यादव ने बताया कि वह नाली बनाने का काम करता है। उसके साथ कालमुखी जिला खंडवा निवासी राधेश्याम बारे, जिससे उसकी पुरानी पहचान है वो भी मजदूरी का काम करता था। बीती रात में हम सभी खाना खाकर सो गये थे।







# विकास के दावों पर शायरी से वार...सदन में तीखी तकरार

## विपक्ष ने चर्चा न होने पर घेरा, हंगामे की भेंट चढ़ी बैठक

### महापौर ने शायरी से गिनाए काम

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

नगर निगम की बजट बैठक हंगामेदार रही। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू के अभिभाषण के साथ शुरू हुई इस बैठक में विकास के दावों से ज्यादा सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक चर्चा का विषय रही। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने अपने बजट भाषण के दौरान शेरो-शायरी का सहारा लेते हुए शहर के विकास कार्यों का खाका पेश किया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि सदन के सभी सदस्य उनके लिए एक समान हैं और उन्होंने विकास कार्यों में किसी भी पार्षद या वार्ड के साथ भेदभाव नहीं किया है। महापौर ने दावा किया कि नेता प्रतिपक्ष के वार्ड में भी स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत करोड़ों रुपये के काम कराए गए हैं। इसके साथ ही उन्होंने विपक्ष पर निगम की कार्यवाही में बाधा डालने का आरोप लगाते हुए शायराना अंदाज में तीखा हमला बोला।

***विपक्ष के गंभीर आरोप***- महापौर के भाषण के बाद सदन का माहौल तब और गर्मा गया जब विपक्ष को बोलने का मौका मिला। नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा ने सत्ता पक्ष पर कड़ा प्रहार करते हुए आरोप लगाया कि लोकतांत्रिक मर्यादाओं को ताक पर रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि नियमत: तीन दिन तक चलने वाली आम सभा की बैठक को महज एक दिन में ही समेट दिया गया। अमरीश मिश्रा ने सदन में अपनी बात रखते हुए कहा कि वे लंबे समय से पत्र लिखकर बैठक बुलाने की मांग कर रहे थे, लेकिन उनकी मांगों को नजरअंदाज किया गया। विपक्ष ने यह भी आरोप लगाया कि शहर के कई महत्वपूर्ण विकास कार्य सदन में बिना किसी औपचारिक चर्चा या अनुमति के ही शुरू कर दिए जाते हैं, जो कि नियमों के विरुद्ध है। बैठक के दौरान दोनों पक्षों के बीच बढ़ते आरोप-प्रत्यारोप और शोर-शराबे के कारण बजट बैठक विवादों के घेरे में आ गई और सदन का माहौल अंत तक तनावपूर्ण बना रहा।




हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**